CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : $36^{\circ}$C
न्यूनतम : $22^{\circ}$C

मुजफ्फरनगर, सोमवार 18 मई 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 120 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2083 30 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



कश्मीर के लिए संवाद ही एकमात्र रास्ता : महबूबा मुफ्ती पेज 2



बेंगलुरु आईपीएल-2026 के प्लेऑफ में पहुंचने वाली पहली टीम खेल टाइम्स



राष्ट्रवाद के भाव से आचरण ही भाजपा कार्यकर्ता की पहचान: योगी पेज 2



ढल रहा पश्चिमी देशों का वर्चस्व: गालिबाफ पेज 12

# त्रिवेंद्रम-दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस के दो कोच में लगी आग

**कोटा।** केरल के त्रिवेंद्रम से हजरत निजामुद्दीन आ रही राजधानी एक्सप्रेस (12431) के दो कोच में आग लग गई। यह घटना कोटा रेल मंडल के लूणी रिच्छा और विक्रमगढ़ आलोट रेलवे स्टेशन के बीच हुआ।

जैसे ही आग लगने की खबर आई, सभी यात्रियों को सुरक्षित ट्रेन से उतार लिया गया। यह घटना रविवार (17 मई 2026) को सुबह करीब 5:15 बजे हुई। आग ट्रेन के बी-1 कोच मेंऔर उसके पीछे लगे सेकंड लगेज कम वार्ड वैन में लगी थी। ट्रेन में आग



लगने के समय कुल 68 यात्री सवार थे और राहत की बात यह रही कि सभी यात्री सुरक्षित हैं। कोई भी यात्री घायल नहीं हुआ है। आग लगने के बाद गार्ड ने तुरंत लोको पायलट को सूचना दी, जिसके बाद ट्रेन को रोक दिया गया और सभी यात्रियों को तेजी से

- कुछ ही समय में दोनों कोच जलकर नष्ट
- गार्ड ने लोको पायलट को सूचना दी
- 15 मिनट में 68 यात्री बाहर निकाले, सभी सुरक्षित

कोच से बाहर निकाला गया। करीब 15 मिनट में पूरा कोच खाली करा लिया गया।

आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही समय में दोनों कोच जलकर लगभग पूरी तरह नष्ट हो गए। आग पर काबू पाने के लिए रेलवे की राहत और बचाव टीम मौके पर पहुंची। आसपास के स्टेशनों से भी कर्मचारी बुलाए गए और स्थानीय प्रशासन ने भी मदद की। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, यह ट्रेन सुबह करीब 3:45 बजे मध्य प्रदेश के रतलाम जंक्शन से रवाना हुई थी। इसका अगला स्टॉप सुबह 8:45 बजे कोटा जंक्शन पर था, लेकिन उससे पहले ही विक्रमगढ़ आलोट के पास यह हादसा हो गया।

# 20 हजार टन गैस लेकर भारत पहुंचा 'सिमी'



शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी भारी तनाव के बीच भारत के लिए रसोई गैस की आपूर्ति को लेकर अच्छी खबर आई है। मार्शल आइलैंड्स के झंडे वाला एलपीजी मालवाहक जहाज 'सिमी' रविवार सुबह गुजरात के कांडला स्थित दीनदयाल बंदरगाह पर सफलतापूर्वक पहुंच गया।

यह जहाज 13 मई को स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के खतरनाक रास्ते से होकर गुजरा था। पश्चिम एशिया में पिछले 75 दिनों से जारी युद्ध की वजह से यह समुद्री मार्ग फिलहाल बेहद असुरक्षित बना हुआ है। इंडियन आयल कॉर्पोरेशन (आईओसी) ने कतर के रास लफ्फान टर्मिनल से लगभग

- दुश्मन के रडार और निगरानी तंत्र को चकमा देने के लिए जहाज ने ऑटोमैटिक आइडेंटिफिकेशन सिस्टम अस्थायी रूप से बंद कर दिया

20,000 टन रसोई गैस खरीदी थी, जिसे लेकर यह जहाज भारत आया है। जहाज पर सवार सभी 21 विदेशी चालक दल के सदस्य पूरी तरह सुरक्षित हैं। ओमान की खाड़ी में ईरानी नौसेना के कड़े पहरे और अमेरिकी नाकेबंदी के बीच इस जहाज को सुरक्षित निकालना एक बड़ी चुनौती थी। दुश्मन के रडार और निगरानी -**शेष पृष्ठ दो पर**

# दिल्ली-NCR में CNG फिर महंगी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी और आसपास के शहरों में गैस की आपूर्ति करने वाली इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) ने रविवार को सीएनजी के दाम एक रुपये प्रति किलोग्राम बढ़ा दिए।

इससे पहले 15 मई को कंपनी ने सीएनजी की कीमतों में दो रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी की थी। दिल्ली में एक किलोग्राम सीएनजी रविवार से 80.09 रुपये की गई है। पहले इसकी कीमत 79.09 रुपये थी। दिल्ली के साथ ही आईजीएल ने नोएडा, गाजियाबाद, मुजफ्फरनगर, मेरठ, शामली, गुरुग्राम, रेवाड़ी, करनाल, कैथल, कानपुर, हमीरपुर, फतेहपुर,

- तीन दिन में दूसरी बार बढ़े दाम, एक रुपये की हुई बढ़ोतरी

अजमेर पाली, राजसमंद, महोबा, बांदा, चित्रकूट, हापुड़, गौतमबुद्धनगर और ग्रेटर नोएडा में भी सीएनजी की कीमत एक-एक रुपये बढ़ा दी है। तीन दिन में सीएनजी की कीमतों में तीन रुपये प्रति किलोग्राम की वृद्धि विशेष रूप से ऑटो और कैब आदि के किराए पर असर डाल सकती है। राष्ट्रीय राजधानी में सभी ऑटो रिक्शा और कैब अनिवार्य रूप से सीएनजी पर ही चलते हैं।

# मोदी को मिला स्वीडन का सर्वोच्च सम्मान

**एम्सटर्डम।** पीएम मोदी को स्वीडन में रायल ऑर्डर ऑफ पोलर स्टार कमांडर ग्रैंड क्रास सम्मान से सम्मानित किया गया है। यह किसी भी देश के प्रधानमंत्री या सरकार प्रमुख को दिया जाने वाला स्वीडन का सर्वोच्च सम्मान है।

गोथेनबर्ग शहर में रविवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी को यह सम्मान प्रदान किया गया। इस मौके पर स्वीडन के प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टरसन समेत कई सीनियर नेता मौजूद रहे। यह मोदी को मिलने वाला 31वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है। मोदी 8 साल बाद स्वीडन पहुंचे हैं। इससे पहले उन्होंने 2018 में स्वीडन का दौरा किया था। पीएम मोदी का विमान जैसे ही स्वीडन की सीमा में पहुंचा था, स्वीडिश फाइटर जेट्स ने उसे सुरक्षा देते हुए एस्कार्ट किया। स्वीडन के प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टरसन पीएम मोदी को रिसीव करने गोथेनबर्ग एयरपोर्ट पर पहुंचे



- पीएम को 31वां अंतर्राष्ट्रीय सम्मान, फाइटर जेट्स ने एस्कार्ट किया, स्वीडिश पीएम रिसीव करने पहुंचे

थे। पीएम मोदी के स्वीडन के होटल पहुंचने पर बंगाली तरीके से आरती उतारी गई और क्लासिकल डांस से उनका स्वागत किया गया।




CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### उत्तर प्रदेश के 24 जिलों में लू चलने की चेतावनी

**लखनऊ।** यूपी में एक बार फिर आसमान से आग बरस रही है, दिन में सड़कों पर यातायात काफी कम हुआ है। यूपी के दक्षिणी जिलों में हीट वेव चल रही है, गर्म हवा के थपेड़े लोगों को घरों में कैद होने को मजबूर कर रहे हैं। मौसम विज्ञान विभाग ने राज्य में लू चलने की चेतावनी जारी की है। उत्तर प्रदेश के 24 जिलों में लू चलने को लेकर मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है। ये 24 जिले हैं बांदा, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, संत रविदास नगर, जौनपुर, कानपुर देहात, कानपुर नगर, रायबरेली, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, औरैया, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी और आस पास के क्षेत्र। डा. अतुल सिंह ने बताया कि आगामी 4-5 दिनों के दौरान प्रदेश का मौसम मुख्यत: शुष्क रहेगा।

### गुरदासपुर ग्रेनेड मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार किए

**गुरदासपुर।** पंजाब पुलिस और काउंटर इंटेलिजेंस पंजाब ने गुरदासपुर में पिछले माह गीता भवन रोड के पास मिले हैंड ग्रेनेड मामले को सुलझाने का दावा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने रविवार को बताया कि तकनीकी इनपुट, सीसीटीवी फुटेज और खुफिया जानकारी के आधार पर कार्रवाई करते हुए उन आरोपियों की पहचान की गई, जिन्होंने दुकान के पास हैंड ग्रेनेड फेंका था। जांच के दौरान एक आरोपी के घर से एक और हैंड ग्रेनेड बरामद किया गया। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी विदेश में बैठे एक हैंडलर के निर्देशों पर काम कर रहे थे।

# मुसलमान न कभी झुका है, न झुकेगा: मौलाना मदनी

**नई दिल्ली, वार्ता**

जमीयत उलेमा-ए-हिंद की बैठक में मौलाना मदनी ने डर और नफरत की राजनीति की निंदा की। उन्होंने कहा कि मुसलमानों को धमकाया जा रहा है, संविधान का उल्लंघन हो रहा है। उन्होंने समान नागरिक संहिता, वंदे मातरम को अनिवार्य करने और मदरसों के खिलाफ कार्रवाई पर चिंता व्यक्त की। मौलाना मदनी ने कहा कि इस्लाम एक आसमानी धर्म है, उसे मिटाने वाले स्वयं मिट गए, लेकिन इस्लाम जीवित रहा और कयामत तक जीवित रहेगा।

उन्होंने पूर्व सोवियत रूस का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां सालों तक कम्युनिज्म को बढ़ावा देकर इस्लाम को समाप्त करने की कोशिश की गई। मस्जिदों और मदरसों पर प्रतिबंध लगाए गए, यहां तक कि सालों तक मस्जिदों से अजान की आवाज तक नहीं आई, लेकिन अंतत: दुनिया ने देखा कि सोवियत रूस स्वयं टूट गया और उसके मलबे से कई मुस्लिम देश अस्तित्व में आए। उन्होंने कहा कि तमाम अत्याचारों और दमन के बावजूद



■ इस्लाम को मिटाने वाले खुद ही मिट गए: जमीयत उलेमा ए हिंद

इस्लाम और मुसलमान दोनों कायम रहे।

जमीयत उलेमा-ए-हिंद की कार्यसमिति की दो दिवसीय बैठक का रविवार को समापन हुआ। इस दौरान जमीयत के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि नफरत की राजनीति की जगह अब धमकी और डर की राजनीति ने ले ली है, जिसका मकसद सिर्फ मुसलमानों को डराकर यह एहसास दिलाना है कि अब उन्हें इस देश में शर्तों के साथ जीवन बिताना होगा। उन्होंने कहा कि जो ऐसा नहीं करेगा उसकी जगह जेल में होगी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की नई राजनीति कानून और संविधान की सर्वोच्चता पर गंभीर सवाल है। मौलाना मदनी ने आगे कहा कि हाल ही में पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव हुए, जिसमें खास तैर पर पश्चिम बंगाल और असम में खुलेआम चुनाव आचार संहिता की धज्जियां उड़ाई गईं, मुसलमानों को सार्वजनिक रूप से धमकियां दी गईं। उन्होंने कहा कि चुनाव जीतने के बाद भी धमकियों का यह सिलसिला जारी है। उन्होंने कहा कि किसी नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री का यह कहना कि मुसलमानों ने हमें वोट नहीं दिया, इसलिए हम उनका काम नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि यह संविधान और लोकतंत्र दोनों का मजाक उड़ाने जैसा है। उन्होंने कहा कि संविधान हर नागरिक को समान अधिकार देता है और लोकतंत्र हर नागरिक को अपनी पसंद का नेता चुनने का अधिकार देता है। ऐसे में यदि कोई नागरिक किसी दल या नेता को वोट नहीं देता, तो यह कोई अपराध नहीं है, लेकिन आज की राजनीति में इसे भी अपराध बना दिया गया है।

# फतेहपुर नदी में डूबे छह युवक, चार की मौत

**फतेहपुर, वार्ता**

जनपद के ललौली थाना क्षेत्र में रिंद नदी में नहाने गए छह दोस्तों में से चार की डूबने से मौत हो गई। दो युवकों को स्थानीय लोगों और गोताखोरों ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया है।

पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है और लोगों से नदी-तालाबों में सावधानी बरतने की अपील की है। सूचना मिलने के बाद मौके पर स्थानीय पुलिस पहुंची और मृतकों युवकों की पहचान में जुट गई। जानकारी के अनुसार ललौली थाना क्षेत्र के तपनी गांव निवासी हसीबुद्दीन, शाहिद, अंश, शान, निजाम और मोनू रविवार को नदी में नहाने पहुंचे थे। नहाते समय सभी युवक गहरे पानी की तरफ चले गए और डूबने लगे। युवकों को डूबता देख आसपास मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। घटना



■ प्रशासन ने लोगों से नदी और तालाबों में सावधानी बरतने की अपील की

की सूचना मिलते ही स्थानीय गोताखोर मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया।

काफी मशक्कत के बाद गोताखोरों ने निजाम और मोनू को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, जबकि हसीबुद्दीन, शाहिद, अंश और शान को नदी से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। चार युवकों की एक साथ मौत की खबर मिलते ही परिवारों में कोहराम मच गया। गांव में मातम का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने चारों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। वहीं प्रशासन ने लोगों से नदी और तालाबों में सावधानी बरतने की अपील की है। एसपी अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि मौके पर पुलिस बल जाच पड़ताल करने में जुटा हुआ है। उन्होंने कहा कि मृतकों के परिजनों को घटना के बारे में सूचना दे दी गई थी, परिजन मौके पर पहुंचे हैं।

# कश्मीर के लिए संवाद ही एकमात्र रास्ता: महबूबा

**श्रीनगर, वार्ता**

पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने रविवार को पाकिस्तान के साथ नए सिरे से बातचीत की पुरजोर वकालत की।

उन्होंने जम्मू-कश्मीर के लोगों के साथ जुड़ने की सराहना करते हुए कहा कि अब समय आ गया है जब इस क्षेत्र के जख्मों को भरा जाए और लोगों के बीच विश्वास बहाल किया जाए। श्रीमती मुफ्ती ने श्रीनगर में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए पाकिस्तान के साथ बातचीत के पक्ष में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले की हालिया टिप्पणी का स्वागत किया और इसे एक सकारात्मक घटनाक्रम करार दिया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के साथ बातचीत करना बहुत अच्छी बात है। श्रीनगर को जोड़ने वाले रास्ते फिर



से खुलने चाहिए और जम्मू-कश्मीर से सुलह-सफाई की प्रक्रिया फिर से शुरू होनी चाहिए। उन्होंने नियंत्रण रेखा के पार व्यापार और यात्रा को फिर से शुरू करने का आह्वान किया, जिसमें विशेष रूप से मुजफ्फराबाद, उरी और रावलकोट के व्यापारियों को शामिल करने की बात कही गई। उन्होंने विश्वास बहाली के उपाय के तौर पर ईद से पहले हिरासत में लिए गए लोगों की रिहाई की मांग की। सुश्री मुफ्ती ने नागरिक क्षेत्रों में सुरक्षा बलों की मौजूदगी कम करने और एनएचपीसी को सौंपे गए बिजली प्रोजेक्ट्स को वापस लौटाने की भी मांग की।

## राष्ट्रवाद के भाव से आचरण ही भाजपा कार्यकर्ता की पहचान

# कांग्रेस ने हमेशा तुष्टिकरण का खेल बढ़ाया: योगी

**गोरखपुर, वार्ता**

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि राष्ट्रवाद के भाव से आचरण ही भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता की पहचान है।

उन्होंने कहा कि 26 नवम्बर 1949 को भारत का संविधान निर्मित हुआ और 26 जनवरी 1950 को भारत ने अपना संविधान अंगीकार किया। देश मे संसदीय प्रणाली लागू हुई पर, अभी पहला आम चुनाव भी नहीं हुआ कि कांग्रेस ने तुष्टिकरण के जिन कारणों से देश का विभाजन हुआ था, उसे ही फिर से भारत की राजनीति का हिस्सा बनाना प्रारंभ कर दिया। अभी संविधान ठीक ढंग से लागू होना प्रारंभ ही नहीं हुआ कि कांग्रेस ने तुष्टिकरण का



■ सहजनवा विस क्षेत्र स्थित तेनुआ टोल प्लाजा के समीप एक रिजॉर्ट में भाजपा के जिला प्रशिक्षण वर्ग के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए बोले सीएम योगी

खेल प्रारंभ किया। सीएम योगी रविवार को गोरखपुर के सहजनवा विधानसभा क्षेत्र स्थित तेनुआ टोल प्लाजा के समीप एक रिजॉर्ट में भाजपा के जिला प्रशिक्षण वर्ग के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता पार्टी के संस्थापकों के मूल्यों और आदर्शों पर चलते हुए देश की एकता और अखंडता के लिए शुचिंता और पारदर्शिता से आचरण और तदनुरूप कार्य करता है। कांग्रेस, सपा, राजद,टीएमसी, डीएमके या ऐसे ही भ्रष्टाचार में डूबे अन्य दलों के आचरण को सम्मान नहीं देता है, भाजपा कार्यकर्ता को समाज में सम्मान इसलिए मिलता है कि इस पार्टी कार्यकर्ता के आचरण में राष्ट्रवाद और भारतीयता का आचरण मिलता। मुख्यमंत्री ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के अंतर्गत पार्टी की जिला इकाई की तरफ से आयोजित इस प्रशिक्षण वर्ग में शामिल प्रतिभागियों को 'राष्ट्र प्रथम' के भाव से अनवरत आगे बढ़ते रहने को प्रेरित किया।

## जन समस्या का निराकरण सरकार की प्रतिबद्धता: मुख्यमंत्री

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि जन समस्या का निराकरण सरकार की प्रतिबद्धता है। मुख्यमंत्री योगी ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन रविवार को गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में विभिन्न जिलों से आए लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान श्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 150 लोगों की समस्याएं सुनीं और कहा कि हर व्यक्ति की समस्या का समाधान, सरकार की प्रतिबद्धता है। अफसरों को निर्देशित किया कि वे पूरी तत्परता और संवेदनशीलता से यह सुनिश्चित करें कि बिना भेदभाव सबको न्याय मिले। हर पात्र को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले, जरूरतमंदों के समुचित इलाज की व्यवस्था हो, जमीन कब्जाने वाले भू माफिया व दबंगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## बिज़नेस-टाइम्स

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 75237.99 |
| निफ्टी | 23643.50 |
| सोना | 159110 प्रति 10 ग्राम |
| चांदी | 271740 प्रति किलो |

# वैश्विक कारकों से मिलेगी शेयर बाजार को नई दिशा

**मुंबई, वार्ता**

घरेलू शेयर बाजारों में बीते सप्ताह रही गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह में निवेशकों की नजर वैश्विक कारकों पर रहेगी। वैश्विक स्तर पर अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता फिलहाल दोबारा शुरू होती नहीं दिख रही है। इससे दुनिया भर में शेयर बाजार दबाव में हैं।

विशेषकर होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर समाधान नहीं निकलने से वैश्विक व्यापार प्रभावित हो रहा है। निवेशकों के लिए यह एक बड़ा कारक है। अगले सप्ताह सेंसेक्स की कंपनियों आईटीसी और एनटीपीसी के अलावा तेल एवं गैस सेक्टर की चार बड़ी कंपनियों इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन, इंद्रप्रस्थ गैस और गेल के तिमाही और वार्षिक परिणाम आने वाले हैं। इन आंकड़ों से पता चलेगा कि पश्चिम एशिया संकट के पहले एक महीने में इन कंपनियों पर कितना प्रभाव पड़ा। पिछले सप्ताह बीएसई का सेंसेक्स 2,090.2



अंक लुढ़ककर 75,237.99 अंक पर आ गया। सोमवार और मंगलवार को बाजार में बड़ी गिरावट देखी गई जबकि बुधवार और गुरुवार को लिवाली का जोर रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 532.65 अंक यानी 2.20 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट के साथ सप्ताहांत पर 23,643.50 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक में 2.01 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक में 4.56 प्रतिशत की गिरावट रही। सेंसेक्स की कंपनियों में बीते सप्ताह टाइटन का शेयर 7.64 प्रतिशत लुढ़क गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज में 6.92 प्रतिशत, महिंद्रा एंड महिंद्रा में 6.21, इटरनल में 5.97, भारतीय स्टेट बैंक में 5.55, एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 5.50, टीसीएस में 5.47 और इंफोसिस में 5.16 प्रतिशत की गिरावट रही।

## सोने-चांदी पर इंपोर्ट ड्यूटी में बदलाव

**नई दिल्ली।** सोना और चांदी की इंपोर्ट ड्यूटी में कुछ बदलाव किए गए हैं। बाजारों में सोने और चांदी की कीमतों में एक बार फिर बड़ा बदलाव देखने को मिला है। आईबीजेए के आंकड़ों के मुताबिक रविवार को देश के खुदरा बाजार में 24 कैरेट सोने की औसत कीमत 1 लाख 59 हजार110 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बनी हुई है। इसके अलावा शुद्ध चांदी यानी ट्रिपल नाइन फाइन सिल्वर की कीमत 2 लाख 70 हजार के पार होकर 2 लाख 71 हजार 740 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। जब आप अपने नजदीकी ज्वैलर के पास जाएंगे, तो इस बिल में मेंकिंग चार्जेस, लोकल टैक्स और 3 फीसदी जीएसटी भी जोड़ा जाएगा, जिससे आपके शहर में फाइनल रेट थोड़ा अलग हो सकता है। मुंबई में आज 24 कैरेट सोने का भाव 1 लाख 59 हजार 820 रुपए प्रति दस ग्राम है। वहीं 22 कैरेट सोना 1 लाख 45 हजार 585 रुपए और चांदी 2 लाख 71 हजार 250 प्रति किलो बिक रही है।

# चावल में रही साप्ताहिक तेजी, गेहूं चीनी नरम, तेलों में उतार-चढ़ाव

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल का औसत भाव बढ़ गया। वहीं, गेहूं और चीनी में गिरावट रही जबकि खाद्य तेलों और दालों में उतार.चढ़ाव देखा गया। सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 68 रुपये बढ़कर सप्ताहांत पर 3,829 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं 12 रुपये सस्ता हुआ और 2,773 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया।

आटे का भाव भी 34 रुपये घटकर 3,256 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। सप्ताह के दौरान मूंग दाल की औसत कीमत 24 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चना दाल 22 रुपये और तुअर दाल पांच रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। उड़द दाल पांच रुपये सस्ती हुई। मसूर दाल की कीमत लगभग अपरिवर्तित रही। बीते सप्ताह मूंगफली तेल 115 रुपये और पाम ऑयल 82 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सरसों तेल 50 रुपये और सूरजमुखी



तेल 20 रुपये फिसल गया। वहीं, वनस्पति 35 रुपये और सोया तेल 29 रुपये महंगा हो गया। मीठे के बाजार में बीते सप्ताह गुड़ का औसत भाव 30 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया। वहीं, चीनी आठ रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे.दाल. दलहन: दाल चना 7666.28 रुपये, मसूर काली 8080.32 रुपये, मूंग दाल 10185.98 रुपये, उड़द दाल 10844.96 रुपये, तुअर दाल 11199.44 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2772.87 रुपये और चावल 3829.05 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3256.12 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**20 हजार टन..**

तंत्र को चकमा देने के लिए जहाज ने बुधवार को युद्ध क्षेत्र से गुजरते समय अपने 'ऑटोमैटिक आइडेंटिफिकेशन सिस्टम' (एआईएस) को अस्थायी रूप से बंद कर दिया था। इस तकनीक की मदद से जहाज रडार की नजरों में आए बिना ईरान के लारक द्वीप के पूर्व में सुरक्षित पहुंचने में कामयाब रहा। इस पूरे ऑपरेशन को सफल बनाने के लिए भारत सरकार के चार मंत्रालयों ने मिलकर काम किया। बंदरगाह और जहाजरानी मंत्रालय, विदेश मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय और पेट्रोलियम मंत्रालय के बीच दिन-रात चले बेहतरीन तालमेल की वजह से ही जहाज को किसी भी गोलाबारी से बचाकर सुरक्षित मार्ग दिया जा सका। मार्च की शुरुआत से अब तक इस रास्ते को पार कर भारत पहुंचने वाला यह 13वां जहाज है। इसके पीछे वियतनाम के ध्वज वाला एक और टैंकर एनवी सनशाइन भी आ रहा है, जो न्यू मैंगलोर बंदरगाह की ओर बढ़ रहा है।

# नशा तस्करों के 33 अवैध निर्माणों पर चला बुलडोजर



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में नशीले पदार्थों के तस्करों और भू-माफियाओं के खिलाफ प्रशासन और पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने 'नशा मुक्त जम्मू-कश्मीर अभियान' के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए बिरपुर के बलोल खड़ इलाके में लगभग 50 कनाल सरकारी जमीन पर बने 33 अवैध ढांचों (पक्के निर्माण, कुल्ले और मवेशी शेड) को ध्वस्त कर दिया है। पुलिस का दावा है कि ध्वस्त की गई जमीन की कीमत करीब 60 करोड़ रुपये है। इनमें 8 कुख्यात नशीले पदार्थों के तस्करों के नार्को महल भी शामिल थे। पुलिस का कहना है कि अतिक्रमण करने वालों से लगभग 50 कनाल जमीन वापस ली गई, जिसकी कीमत करीब 60 करोड़ रुपये है। इस दौरान मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस का कहना है कि इन अवैध रूप से बनाए गए ढांचों का इस्तेमाल हेरोइन को जमा करने, छिपाने और उनकी सप्लाई करने के लिए किया जा रहा था। यह इलाका लगातार निगरानी में था और यहां सक्रिय कई नशीले पदार्थों के तस्करों के खिलाफ 35 से ज्यादा एफआईआर दर्ज थीं। इसके बाद पुलिस और प्रशासन ने मिलकर ये कार्रवाई की है।

## बेंगलुरु-मुंबई वंदे भारत स्लीपर सेवा जल्द होगी शुरू

**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि बेंगलुरु-मुंबई वंदे भारत स्लीपर सेवा जल्द शुरू होगी। उन्होंने रविवार को वर्चुअल तरीके से बेंगलुरु और मुंबई के बीच चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। श्री वैष्णव ने ट्रेन संख्या 16553/54 सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया टर्मिनल (एसएमवीटी) बेंगलुरु लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाने के बाद इसे कर्नाटक और महाराष्ट्र के बीच रेलवे सम्पर्क को मज़बूत करने की दिशा में बड़ा कदम बताया। उन्होंने कहा कि दक्षिण और उत्तरी कर्नाटक की लंबे समय से लंबित मांगें अब पूरी की जा रही हैं। इस कघी में बेंगलुरु और मुंबई के बीच वंदे भारत स्लीपर सेवा जल्द ही शुरू की जाएगी। उन्होंने बुनियादी ढांचे के विकास पर ज़ोर दिया।

# त्रिवेंद्रम-दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस में आग लगने पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

**नई दिल्ली, वार्ता**

त्रिवेंद्रम से हजरत निजामुद्दीन (दिल्ली) जा रही राजधानी एक्सप्रेस में आग लगने की घटना को लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार और रेलवे प्रशासन पर सवाल उठाए हैं।

पार्टी ने इसे यात्रियों की सुरक्षा से जुड़ा गंभीर मामला बताते हुए तत्काल जांच और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है। कांग्रेस पार्टी ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि त्रिवेंद्रम-दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस में आग लगने की बेहद भयावह तस्वीरें सामने आई हैं, जिसने रेलवे सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं। पार्टी ने दो प्रमुख सवाल पूछे आग कैसे लगी? और सुरक्षा में कहां चूक हुई? कांग्रेस ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा सर्वोपरि है और इस तरह की लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जा सकती। पार्टी ने मोदी सरकार और रेलवे प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई

■ आग कैसे लगी और सुरक्षा में चूक कैसे हुई, इनका मांगा जवाब और की कार्रवाई की मांग

■ कांग्रेस ने इसे यात्रियों की सुरक्षा से जुड़ा गंभीर मामला बताया

करने की मांग की। गौरतलब है कि रविवार तड़के त्रिवेंद्रम-हजरत निजामुद्दीन राजधानी एक्सप्रेस के बी-1 कोच में आग लग गई। घटना मध्य प्रदेश के रतलाम जिले में आलोट के पास लूणी रीछा और विक्रमगढ़ स्टेशन के बीच हुई। कोच में करीब 68 यात्री सवार थे। घटना के बाद दिल्ली-मुंबई रेल मार्ग पर कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित हुआ और करीब दो दर्जन ट्रेनें प्रभावित रहीं। हालांकि राहत की बात यह रही कि सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया और आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया।

## ग्रेट निकोबार परियोजना पर कांग्रेस ने जताई चिंता

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने ग्रेट निकोबार परियोजना के मौजूदा स्वरूप पर राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुनर्विचार की आवश्यकता जताते हुए कहा है कि इससे पर्यावरणीय नुकसान तथा आदिवासी अधिकारों के उल्लंघन की आशंका है। पार्टी का कहना है कि वह लगातार इस संबंध में सरकार को अवगत करा रही है, लेकिन उसकी चिंताओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने बताया कि उन्होंने केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव और जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम को पत्र लिखने के बाद अब रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को पत्र भेजा है। उन्होंने कहा कि सरकार एक व्यावसायिक परियोजना को सुरक्षा जरूरतों के आधार पर उचित ठहराने की कोशिश कर रही है, जबकि इसके पर्यावरणीय प्रभावों तथा आदिवासी हितों पर पड़ने वाले असर को लेकर लगातार आलोचना हो रही है।

# पहिए में फंसी चुन्नी से किशोरी की मौत

## पूजा के लिए मंदिर जाते हुआ हादसा

■ परिवार में कोहराम, परिजन शव को ले गए अपने साथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** मंदिर में पूजा करने के लिए जा रही किशोरी का दुपट्टा अचानक रेहडे में फंस गया जिससे किशोरी को फांसी लग गयी। आनन फानन में उसे भोपा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाया गया जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया घटना को लेकर सनसनी फैल गई है। परिजन बिना किसी पुलिस कार्रवाई के शव को अपने साथ ले गये।



मृतका का फाइल फोटो।

थाना के गांव मोरना निवासी विक्की का परिवार मोरना में सरकंडों की घांस से छाज बनाने का कार्य करता है। वह अक्सर गांव बिहारगढ़ स्थित मां काली के मंदिर में पूजा के लिये जाते रहते हैं। रविवार की सुबह सानिया 17 वर्ष अपने मामा राहुल, माता सोनी, भाई कुणाल, बहन शालू आदि के साथ ऑटो रेहड़ा में बैठकर बिहारगढ़ मां काली मंदिर में पूजा के लिए जा रहे थे। रेहड़ा को मामा राहुल चला रहा था। जैसे ही वह बिहारगढ़ मार्ग पर मोरना से थोड़ा आगे पहुंचे तो सानिया के गले में पड़ा दुपटा अचानक रेहडा की शाफ्ट में लिपट गया जिससे सानिया के गले में दुपट्टे का फंदा लग गया और दम घुटने से अचेत हो गई।आनन-फानन में उसे भोपा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी की। परिजनों ने किसी भी कार्रवाई से इनकार कर दिया था। तथा परिजन शव को अपने साथ ले गये हैं। घटना को लेकर सनसनी फैल गई है।

# कुल्हेड़ी के शुऐब की चेन्नई में मौत, शोक

■ विधायक पंकज मलिक, पूर्व प्रमुख पीड़ित परिवार से मिले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** ग्राम कल्हेडी से चेन्नई में काम करने गए युवक की मौत हो गई थी। आज युवक के शव को चेन्नई से उनके गांव कुल्हेडी लाया गया और सुपुर्दे खाक कर दिया।

बताया जाता है कि कुल्हेडी निवासी शुऐब पुत्र आबिद रोजी रोटी कमाने के लिए चेन्नई गया था। जैसे ही उसका शव गांव पहुंचा तो यहां आसपास के गांव और नेताओं की भीड़ लग गई। इस दौरान विधायक पकंज मलिक भी पीड़ित परिवार से मिले और उनको दिव्यंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। उन्होने कहा कि पीड़ित परिवार की हर संभव मदद की जाएगी। इस दौरान पूर्व प्रमुख चौधरी रंजन वीर सिंह भी जनाजे में शामिल हुए और उन्होने भाी शोक प्रकट किया।

# शराबी ने प्रधानाध्यापिका से मांगी रंगदारी

## बीईओ को तहरीर देकर लगाई सुरक्षा की गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कंपोजिट जूनियर हाईस्कूल बुढाना में दबंगई का मामला सामने आया है। स्कूल की प्रधानाध्यापिका ने बीईओ को तहरीर देकर सुरक्षा की गुहार लगाई है।

आरोप है कि स्कूल छोड़ चुके एक छात्र का चाचा नशे की हालत में स्कूल पहुंचा और 10 हजार रुपये मांगते हुए धमकी दी। प्रधानाध्यापिका द्वारा बीईओ को दी गई तहरीर के अनुसार स्कूल में पढ़ने वाला छात्र सादिक पुत्र इखलाक पिछले वर्ष से स्कूल नही आता। बीती 14 मई को सादिक का चाचा नशे की हालत में स्कूल आया व खुद की सैलरी मांगने लगा। उसने 10 हजार रुपये की मांग की और पैसे देने से मना करने पर आगे देख लेने की धमकी दी और चला गया। बीते 15 मई को पूर्व छात्र सादिक स्कूल ऑफिस के सामने तेज रफ्तार से बाइक चलाकर स्टंट करने लगा। रोकने पर वह नहीं माना और कुछ लोगों को बुला लाया। आरोपी इखलाक, आलम, सादिक की दादी और बुआ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए स्कूल में पहुंचे और सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए खूब जमकर हंगामा काटा। उक्त लोग स्कूल बंद होने के बाद स्कूल परिसर में जुआ सटा भी खेलते हैं और अमर्यादित आचरण करते हैं। रोकने पर गाली गलौज करते हैं झूठे आरोप लगाते हैं। अपने बचाव हेतू उन्होंने घटना की वीडियो बनाई जो बीईओ को सौंप दी गयी। प्रधानाध्यापिका ने बीईओ से मार्गदर्शन मांगा है कि क्या वह इस मामले में पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराए। अब इस मामले को लेकर स्थानीय शिक्षा विभाग में खूब हड़कंप मचा है।

**खुद को पत्रकार बताकर बनाते हैं वीडियो:** स्कूल की प्रधानाध्यापिका ने बताया कि गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के एक गांव का एक युवक अपने आपको बहुत बड़ा पत्रकार बताकर उनके स्कूल में समय समय पर आता रहता है और उनके स्कूल के बच्चों को बरगलाकर झूठी वीडियो बना बनाकर इंस्टाग्राम पर वायरल करता रहता है। जिससे उनके स्कूल की बदनामी हो रही है। उक्त युवक भी उनसे रंगदारी लेने की इच्छा रखता है।

**क्या कहती हैं प्रधानाध्यापिका:** स्कूल की प्रधानाध्यापिका ने बताया की रंगदारी मांगने वाला युवक एक वीडियो में उन पर झूठा आरोप लगा रहा है कि हम उसके भतीजे को पीटते हैं जबकि उसका भतीजा हमारे स्कूल में पढ़ता ही नही। ये युवक स्कूल में आकर उनसे पैसे मांगता है। हर समय नशे करता है।

जब हम इसे पैसे देने से मना करते हैं तो ये झगड़ा करता है और बच्चों को उकसाकर वीडियो बनाता है। आलम नाम का ये युवक भांग का नशा करता है। झगड़ा करने के उद्देश्य से ये अन्य युवकों को स्कूल मे लेकर आता है। हमने पुलिस को शिकायत की। दो पुलिसकर्मी आए लेकिन वे कार्यवाही करने के बजाए हमे ही समझाकर चले गये। फिर उसके बाद भी नशेड़ी युवक ने झूठी वीडियो वायरल कर दी।

# बढ़े हुए मानदेय के भुगतान के वितरण का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** अंशकालिक अनुदेशकों के बढ़े हुए मानदेय के भुगतान वितरण का शुभारंभ व अंशकालिक अनुदेशक सम्मान के लिए सीएम की अध्यक्षता में लोक भवन सभागार लखनऊ से एक भव्य समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दुरदर्शन और सीएम के सोशल मीडिया हेंडल से किया गया। जनपद स्तर पर उक्त कार्यक्रम जिला पंचायत सभागार में कलेक्ट्रेट में सम्पन्न हुआ जिसे एलईडी के माध्यम से बड़ी स्क्रीन पर दिखाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी विभाग उत्तर प्रदेश सरकार अनिल कुमार, जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय लोकदल संजय राठी, जिलाधिकारी उमेश मिश्रा, मुख्य विकास अधिकारी कंडारकर कमल किशोर, देशभूषण नगर मजिस्ट्रेट पकंज सिंह राठौर, तहसीलदार श्याम गौड़ ने सरस्वती के सम्मुख द्वीप प्रज्जवलित कर व पुष्पमाला अर्पित किए। इस दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार ने कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी।




मुजफ्फरनगर: अनुदेशकों को सम्मान समारोह में चैक भेंट करते मंत्री अनिल कुमार।

# महामंडलेश्वर स्वामी केशवानंद सरस्वती महाराज का देवलोक गमन

**काज़ी अमजद अली**

**मोरना।** पौराणिक तीर्थ शुकतीर्थ के प्रसिद्ध हनुमन्तधाम आश्रम के पीठाधीश्वर महानिर्वाणी अखाड़ा के महामंडलेश्वर केशवानंद सरस्वती महाराज का रविवार की सुबह देवलोक गमन हो गया उनके ब्रह्मलीन होने से तीर्थ नगरी में शोक की लहर दौड़ गई। भारी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने उनके अंतिम दर्शन कर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। जिसके बाद तीर्थनगरी में परिक्रमा की गई जहां विभिन्न आश्रम के साधु संतों सहित नगर वासियों ने उनके अंतिम दर्शन कर नमन किया।



तीर्थ नगरी स्थित हनुमद्धाम के पीठाधीश्वर महानिर्वाणी अखाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी केशवानन्द सरस्वती महाराज 78 वर्ष की आयु में देवलोक गमन कर गए।पिछले कई वर्षों से वह अस्वस्थ चल रहे थे। शुक्रवार की दोपहर तबियत बिगड़ने पर उन्हें मुज़फ्फरनगर के आरोग्यम अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका उपचार जारी था कि रविवार की सुबह 3:30 बजे उन्होंने देह त्याग किया। स्वामी जी के ब्रह्मलीन होने के समाचार से तीर्थ नगरी में शोक की लहर दौड़ गयी।आश्रम में उनके पार्थिव शरीर को अन्तिम दर्शनों के लिये रखा गया। जहां श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लगा रहा। ब्रह्मलीन स्वामी के शिष्य स्वामी आनन्द स्वरूप सरस्वती महाराज, मंत्री कपिल देव अग्रवाल जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल,महामंडलेश्वर स्वामी गोपाल दास महाराज महामंडलेश्वर स्वामी विनय स्वरूपानंद महाराज, स्वामी गीतानंद महाराज,स्वामी विज्ञानन्द महाराज ,आश्रम ट्रस्ट अध्यक्ष आर. के. टण्डन सहित ट्रस्ट से जुड़े राजेन्द्र कुमार सिंघल दिल्ली, कँवर सैन शामली, जियालाल सम्भालका, कैलाश गोयल दिल्ली, कृष्ण बंसल नरेला, राघव स्वरूप मुज़फ्फरनगर, विवेक अग्रवाल सम्भल, आनन्द स्वरूपानन्द महाराज, ब्रह्मलीन स्वामी के बड़े भाई गिरिराज किशोर, भतीजे सतीश अग्रवाल,दिलीप अग्रवाल तथा पौत्र तरुण अग्रवाल,राजीव गुप्ता, सेवक जितेंद्र वर्मा आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

आर के टण्डन ने बताया कि ब्रह्मलीन स्वामी केशवानन्द महाराज 1970 में शुक्रताल स्थित श्रीराम में आए थे।गुरु रामधारी महाराज से दीक्षा प्राप्त की।1987 में हनुमत धाम की स्थापना की गयी जहां 77 फ़ीट ऊंची हनुमान जी मूर्ति की स्थापना की गयी। जिसके बाद शुकतीर्थ कि ख्याति व प्रसिद्धि व्यापक स्तर पर पहुंच गयी।

बड़े भाई गिरिराज किशोर ने बताया कि उनके पिता गोपाल दास अग्रवाल माता सरस्वती देवी ने उन्हें बचपन से ही उच्च संस्कार दिए उनका जन्म 16 फरवरी 1948 में हाथरस में हुआ था।उनका नाम नरेन्द्र कुमार था।बचपन से ही वह साधु प्रवृत्ति के थे बाल्यकाल में ही वह घर छोड़कर धर्म शिक्षा की ओर चले गए परिवार में वह चार भाई थे जिनमें रमेश चंद अग्रवाल, मोहनलाल अग्रवाल दिवंगत हैं। और अब स्वामी जी परलोक गमन कर गए। वह मुझसे छोटे थे मुझे इस बात दु:ख है कि वह मुझसे पहले संसार से चले गए जबकि मुझे पहले जाना था पिछले दिनों जब उनसे भेंट हुई तो उन्होंने कहा कि अब मैं संसार से जाने वाला हूं जिस पर मुझे बहुत दुख हुआ था मैंने कहा कि नहीं पहले मुझे जाना है। गिरिराज किशोर अपने भाई की बात बताते हुए बेहद भावुक हो गए उन्होंने स्वामी जी के जीवन को आदर्श बताते हुए कहा कि उनका परिवार धन्य है जो ऐसे सन्यासी ने उनके घर जन्म लिया।

जिला पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर वीरपाल निर्वाल ने बताया कि ब्रह्मलीन स्वामी केशवानंद सरस्वती महाराज द्वारा शुकतीर्थ सर्वप्रथम परिक्रमा मार्ग की स्थापना कराई गई जो सात गांव से होकर गुजरता है मार्ग किनारे छायादार पेड़ लगवाए गए तथा बैंच की व्यवस्था की गयी। सर्वप्रथम शुकतीर्थ में राम रसोई की व्यवस्था की गई। स्वामी विज्ञानन्द महाराज ने कहा कि ब्रह्मलीन स्वामी केवल हनुमन्तधाम धाम तथा शुकतीर्थ तक ही सीमित नहीं थे वह संपूर्ण भारत के संतों के बड़े लाडले थे। शुकतीर्थ के विकास में पूज्य महाराज ने अपना महत्वपूर्ण योगदान सदैव दिया हमने दिव्य विभूति को शरीर के रूप में खोया है लेकिन चिन्म रूप में वैसे सदैव व्यापक रूप में रहेंगे। उनका देवलोक जाना एक बड़ी हमारे लिये बड़ी क्षति है।

मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि वह सब के लिए समर्पित थे। तथा संतों के लिए बड़ी श्रद्धा उनमें थी हनुमन्तधाम की स्थापना के बाद शुकतीर्थ का महत्व बहुत ज्यादा बढ़ गया। आश्रम की नक्षत्र वाटिका में अनेक दुर्लभ औषधिय पेड़ लगाए गए हैं साथ ही स्वामी जी द्वारा हनुमन्तधाम सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल की स्थापना की गई है ऐसे दिव्या संत का गौलोक सनातन समाज में तीर्थ नगरी को अपूरणीय क्षति है किंतु यह ईश्वर की व्यवस्था है उनका आशीर्वाद सदैव बना रहेगा।

**तीन बार आ चुके हैं योगी आदित्यनाथ:** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आश्रम से लगाव व स्वामी केशवानंद सरस्वती जी महाराज से प्रेमभाव रहा है। मुख्यमंत्री बनने के पूर्व योगी आदित्यनाथ 3 सितंबर 2016 को आश्रम में आ चुके हैं तथा मुख्यमंत्री बनने के बाद वह 14 जुलाई 2019 तथा 22 जुलाई 2023 को आश्रम में पधार चुके हैं।

भतीजे दिलीप अग्रवाल ने बताया कि उनके परलोक गमन से पूरे परिवार को भारी आघात लगा है। महामंडलेश्वर स्वामी गोपाल दास महाराज ने बताया कि ब्रह्मलीन स्वामी जी सनातन संत परंपरा को सरल रूप में आगे बढ़ाया।अनेक बार आश्रम में संत सम्मेलन कराए हैं संतों के बीच समन्वय स्थापित करने का कार्य किया। स्वामी जनार्दन स्वरूप ब्रह्मचारी महाराज ने बताया कि स्वामी केशवानंद महाराज बहुत उदारवादी संत थे। तथा गौसेवा संतसेवा, अतिथि सेवा उनकी प्राथमिकता में शामिल थी। तिलकधारी आश्रम के स्वामी विष्णु दत्त महाराज ने बताया कि धार्मिक क्षेत्र सामाजिक क्षेत्र में उनका योगदान महत्वपूर्ण है।

भाजपा नेता अमित राठी ने बताया कि शुकतीर्थ के विकास में उनका बड़ा सराहनीय योगदान रहा है उनका आशीर्वाद सदैव हम सब पर बना रहेगा।

शुकदेव आश्रम के पीठाधीश्वर स्वामी ओमानन्द महाराज ने कहा कि पूज्य महामंडलेश्वर स्वामी केशवानन्द महाराज ज्ञान, वैराग्य और भक्ति के संवाहक संत थे।

**नगर परिक्रमा के उपरांत ब्रह्मलीन संत को दी भू समाधि:** नगर परिक्रमा के उपरांत ब्रह्मलीन स्वामी केशवानंद सरस्वती महाराज को आश्रम के परिसर में हनुमान मूर्ति के सामने भू समाधि दी गयी। नगर में अनेक स्थानों पर साधु संत द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई।जिसके बाद आश्रम में यात्रा का समापन हुआ जहां साधु-संतो द्वारा वैदिक रीति द्वारा भू समाधि दी गई इस अवसर पर मुख्य रूप से महानिर्वाणी अखाड़ा के अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी रविन्द्र पुरी महाराज, जगदगुरु भैय्या जी महाराज, मलूक पीठाधीश्वर जगद्गुरु अनुराग दास महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी गोपालदास महाराज, स्वामी विज्ञानन्द महाराज सहित मंत्री कपिल देव अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल, साध्वी प्राची, अमित राठी, मनोहर लाल शर्मा, समाजसेवी सत्य प्रकाश रेशु, स्वामी विष्णु दत्त महाराज, विनोद शर्मा, अमरीश गोयल उपस्थित रहे।



शुक्रताल: भू समाधि से पूर्व नगर परिक्रमा निकालते साधू-संत व ब्रह्मलीन संत से जुड़े श्रद्धालु।

# ससुराल के गेट पर धरने पर बैठी विवाहिता



## ससुरालजनों पर लगाए गंभीर आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के एटूजेड कॉलौनी में रविवार को एक महिला ससुराल के बाहर गेट पर धरने पर बैठ गई। महिला ने अपने ससुराल के लोगों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उसको घर में घुसने की एंट्री नहीं दी जा रही। सूचना के कुछ देर बाद ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी जहां पुलिस ने महिला को इंसाफ दिलाने का आश्वासन दिया।

ससुराल के बाहर धरने पर बैठी महिला ने बताया कि उसका नाम शिल्पा है और वह मुलरूप से नगर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली है उसकी शादी तीस अप्रैल 2025 को अमित से हुई थी। महिला ने आरोप लगाया कि शादी से पहले उसके पति का बड़ा कारोबार बताया था, लेकिन यहां आकर पता लगा कि ऐसा कुछ नहीं है। महिला ने मारपीट और अन्य गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पति ने तीन माह पूर्व मयके भेज दिया था। उस वक्त उसको जल्द घर लाने का आश्वासन दिया था, लेकिन आरोप है कि अब ससुराल के लोग उसे अपने साथ रखने से इंकार कर रहे है। महिला का कहना है कि वह परेशान होकर ससुराल के दरवाजे के बाहर गेट पर धरने पर बैठ गई है।

महिला का कहना है कि उसको देखने के बाद ससुराल के लोगों ने गेट बंद कर लिया है। पीड़िता ने बताया कि उसने दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया, लेकिन उसको अंदर जाने की एंट्री नहीं दी जा रही।

# एक करोड़ की डील, नहीं मिला कब्जा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी क्षेत्र की पाश कॉलौनी में मकान की पेशगी देने के बाद लेनदार व देनदार के बीच विवाद बढ़ गया। पेशगी देने वाले पीडित का कहना है कि एक करोड रूपये देने के बाद भी उन्हे कब्जा नहीं दिया गया। फिलहाल पुलिस ने इस मामले में जांच की बात कही है।

नई मंडी क्षेत्र के बच्चन सिंह कॉलौनी निवासी राजेन्द्र सिंह ने जनवरी 2026 को एक पोश कॉलौनी में 331 गज का मकान खरीदा था दोनो पक्षों के बीच एक करोड़ सत्तर लाख रूपये की डील की थी। पीडित ने बताया कि वह अब तक डील की रकम दे चुके है और मकान के तीन हिस्सों में बैनामा भी हो चुका है। यहां जांच पडताल से पता चला कि उस मकान पर बैंक का 27 लाख का लोन बकाया है। इसके बाद यहां विवाद बढ़ गया। बताया जाता हे कि राजेन्द्र अपने मकान पर जब सफाई करने के लिए पहुंचा तो दूसरा पक्ष यहां पहुंचा और महिलाओं के साथ हाथापाई की। इस सूचना के बाद नई मंडी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और दोनो पक्षों को समझा बुझाकर शांत किया। पीडित ने कुछ लोगों पर दबाव बनाने का भी आरोप लगाया है पीड़ित ने दूसरे पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए है।



# मुठभेड़ में हिस्ट्रीशीटर आबिद हुआ घायल

■ अवैध असलाह और बाइक बरामद, 32 मुकदमों में लिप्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तितावी/मुजफ्फरनगर।** तितावी पुलिस की बदमाश से मुठभेड़ हो गई जहां जवाबी फायरिंग होने पर एक बदमाशघायल हो गया है। पुलिस का कहना है कि पकडा गया बदमाश हिस्ट्री शीटर है और वह 32 मुकदमों में लिप्त है। मुठभेड के बाद घायल हुए बदमाश को अस्पताल पहुंचा दिया है।

तितावी पुलिस ने बताया कि मुकुंदपुर झाल मार्ग के निकट देर रात पुलिस और बदमाशों के बीच फायरिंग हो गई। जब बदमाश ने पुलिस पर फायरिंग की तो पुलिस ने अपना बचाव करते हुए जवाबी फायरिंग की जिसमें आबिद पुत्र मौसम निवासी ग्राम मांडी तथा तितावी घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि घायल हुआ बदमाश आबिद हिस्ट्री शीटर है औरउस पर ढाई दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज है। पुलिस ने उसके कब्जे से अवैध असलाह और एक बाइक बरामद होना बताया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी पर गंभीर धाराओ के

# मंदिर की चोरी का खुलासा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सिविल लाइन पुलिस ने मंदिरों को निशाना बनाने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है पुलिस का कहना है कि पकडा गया आरोपी मंदिरों में घुसकर चोरी की घटना करता है। पुलिस ने बताया कि थाने लाकर पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम रतनेश पुत्र राजेन्द्र निवासी योगेन्द्रपुरी बताया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से कुछ नगदी और अन्य सामान बरामद होना बताया है।

सिविल लाइन पुलिस ने बताया कि कुछ दिन पूर्व जाट कॉलौनी स्थित शिव मंदिर में चोरी की घटना हुई थी। इस घटना की सूचना मंदिर के पुजारी पंडित धर्मेन्द्र शर्मा ने दी थी और बताया था कि बदमाश यहां से दानपात्र और नगदी चोरी करके ले गए है। घटना के दिन पुलिस ने छानबीन की थी और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश की और रतनेश को गिरफ्तार कर लिया। सिविल लाइन पुलिस ने यह भी बताया कि एक सप्ताह पूर्व मेरठ रोड स्थित शनिदेव मंदिर में भी दानपात्र चोरी हुआ था। उस घटना में भी रतनेश का हाथ और उसने कम्बल में लपेटकर दानपात्र को जंगल में ले जाकर उसको तोड दिया था। पुलिस ने कंबल भी बरामद कर लिया है।



# करोड़ों की लागत से नवनिर्मित सड़क बीच से उभरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानसठ।** क्षेत्र के ग्राम सलारपुर में लोकसभा सांसद चंदन चौहान द्वारा स्वीकृत पीडब्ल्यूडी सड़क निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है।

ग्रामीणों का आरोप है, कि सलारपुर फैक्ट्री के पास बनाई गई सड़क निर्माण के कुछ ही समय बाद बीच से लगभग एक फीट तक ऊपर उभर गई है।जिससे सड़क की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।ग्रामीणों के अनुसार सड़क निर्माण में मानकों की अनदेखी की गई है।सड़क के बीच हिस्से में अचानक उभार आने से आए दिन वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।खासकर बाइक सवार और छोटे वाहन चालक हादसे की आशंका के बीच गुजरने को मजबूर हैं।



स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़क बनने के बाद से ही इसमें दरारें और ऊंचाई दिखाई देने लगी थी, लेकिन संबंधित विभाग द्वारा समय रहते ध्यान नहीं दिया गया।ग्रामीणों का कहना है कि करोड़ों रुपये की लागत से बनने वाली सड़क यदि कुछ ही दिनों में खराब होने लगे तो यह निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर बड़ा प्रश्नचिह्न है। लोगों ने आरोप लगाया कि निर्माण सामग्री में मानकों का पालन नहीं किया गया और कार्य में लापरवाही बरती गई।स्थानीय नागरिकों ने पीडब्ल्यूडी विभाग से सड़क की तकनीकी जांच कराए जाने की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।तो वहीं क्षेत्र में सड़क उभरने की चर्चा तेजी से फैल रही है और लोग विभागीय अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहे हैं।ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

# तीर्थ नगरी में स्वच्छता की दरकार

**शाह टाइम्स संवाददातार**

**मोरना।** तीर्थ नगरी शुकतीर्थ में विकास को लेकर शुकतीर्थ विकास परिषद का गठन किया गया है। बावजूद इसके तीर्थ नगरी समुचित विकास सहित स्वच्छता व सुंदरता से अभी कोसो दूर है करोड़ों रुपए खर्च होने के बाद भी तीर्थ नगरी में अनेक स्थानों पर गंदगी फैली हुई है।तथा मुख्य मार्गो पर जल भराव की समस्या बनी हुई है। साधु संतों ने गंगा स्नान मेले के पूर्व तीर्थ नगरी में स्वच्छता, सुंदरता की मांग प्रशासन से की है।

पौराणिक तीर्थ नगरी शुकतीर्थ में प्रतिदिन क्षेत्र व दूरराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण करने,प्राचीन मंदिरों में पूजा अर्चना तथा भागीरथी की पावन धारा में स्नान करने के लिए आते हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुकतीर्थ के विकास को लेकर लगातार प्रयासरत हैं। तीर्थ में विकास को लेकर शुकतीर्थ विकास परिषद का गठन भी किया जा चुका है। किंतु की तीर्थ नगरी अभी समुचित विकास से दूर नजर आती है। स्वच्छता और सुंदरता की बात करें तो



मुख्य मार्ग सहित अनेक मार्गों पर भारी गन्दगी फैली हुई है। मार्ग टूटे हुए हैं दिन में गहरे गड्ढे बने हुए हैं। तीर्थ नगरी में शनिधाम के सामने फिरोजपुर चौराहे पर जल भराव हो रहा है। वन विभाग के कार्यालय के सामने नाला,नाली आदि की व्यवस्था नहीं होने से गंदा पानी अक्सर मुख्य मार्ग पर चारों ओर फैलता रहता है। जिससे होकर श्रद्धालु गुजर रहे हैं।साधु सन्तो ने बताया कि नगर में प्रतिदिन भागवत कथा से पूर्व कलश यात्रा निकलती हैं तथा साधु संत पैदल भी परिक्रमा करते हैं जल भराव के कारण साधु संतों व श्रद्धालुओं को भारी दिक्कत का सामना है गंगा घाट पर टूटे मार्ग पर गहरे गड्ढे लापरवाही की पोल खोल रहे हैं।जहां आगामी 23 मई से ज्येष्ठ दशहरा के अवसर पर गंगा स्नान का पर्व पर मेले का आयोजन होना है। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेंगे मेले के पूर्व तीर्थ नगरी की सफाई व्यवस्था तथा सुंदरता पर स्थाई रूप से कार्य करने की आवश्यकता है।

# वार्षिक कार्यकारिणी मीटिंग का आयोजन



**मुजफ्फरनगर।** देहरादून में होटल सैफरॉन लीफ मसूरी रोड पर अखिल भारतीय वैश्य अग्रवाल राजवंश सभा रजी. की वार्षिक कार्यकारणी मीटिंग मै मुजफ्फरनगर राजवंश सभा की ओर से महामंत्री शलभ गुप्ता एडवोकेट अपनी टीम के साथ हुए शामिल।

मीरापुर में आयोजित राजवंश समाज के प्रवर्तक अमर शहीद राजा रत्न चंद्र जयंती के सफल आयोजन की केंद्रीय कार्यकारणी ने मुख्य संयोजक शलभ गुप्ता एवं सह संयोजक शिवम को दी बधाई।

# महाराणा प्रताप ने देश की रक्षा के लिए लड़ते हुए अपने प्राण त्याग दिए: ठाकुर कुलदीप सिंह

**मुजफ्फरनगर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा एवं सर्व समाज के तत्वाधान में जनपद मुजफ्फरनगर के चरथावल विधानसभा में गांव नगला पिथौरा के महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर कुलदीप सिंह एवं संचालन प्रोग्राम के संयोजक राकेश पुंडीर एवं प्रवीन पुंडीर ने संयुक्त रूप से किया जयंती समारोह में ठाकुर कुलदीप सिंह एवं पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत जी के सुपुत्र आनंद रावत जी ने संयुक्त रूप से कहा कबीर शिरोमणि महाराणा प्रताप एक सच्चे देशभक्त हुए हैं जिन्होंने अपने देश की रक्षा के लिए घास की रोटी खाकर दुश्मन से लड़ते-लड़ते अपने जीवन का त्याग कर दिया इस मौके पर उपस्थित ठाकुर बिव विजय सिंह गोरखपुर एवं कार्यक्रम संयोजक राकेश पुंडीर ने संयुक्त रूप से कहा कि आज इस महाराणा प्रताप जयंती समारोह में सर्व दलीय नेताओं एवं सर्व समाज के लोगों ने उपस्थित होकर यह साबित कर दिखाया की महापुरुष सर्व जाति सर्व धर्म समाज के होते हैं उन्हें जातियों के



बंधन में नहीं रख सकते इस मौके पर महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने वालो में दलबीर सिंह राणा,आरके राठौर, राम मेहर राण,डॉ अजय सोम, शेर सिंह राणा, दीपक सो, मुकेश चौधरी, संजय वीर राणा, श्रीपाल राणा, ठाकुर घासीराम, प्रताप चौहान, अभिनेश पुंडीर, सरदार घनश्याम सिंह सैनी, अशोक सैनी,देवेंद्र कश्यप, असद फारुकी, ठाकुर सुरेंद्र सिंह उर्फ लाला जयप्रकाश राणा , सोनू पुंडीर जोगिंदर प्रधान बृजपाल ठाकुरदशरथ सिंह शिवकुमार चौहान आदि हजारों लोग उपस्थित रहे

# मोहम्मद लिखे बकरे को देखने उमड़ी भीड़



**पुरकाजी।** गांव भोजाहेड़ी में एक बकरा क्षेत्र में चर्चाओं का विषय बना हुआ है। किसान का दावा है कि इस बकरे के कान पर मुहम्मद का नाम लिखा हुआ है। इस बकरे को देखने के लिए दूर-दूर से लोग आ रहे हैं। गांव भोजाहेड़ी निवासी शमशेर दो साल पहले पंजाब से बीटल पंजाबी नस्ल का एक बकरा खरीद कर लाया था। और उसका नाम सुल्तान रखा। तभी से इस बकरे की देखभाल कर रहा है। किसान के मुताबिक इसकी उम्र 2 साल है, और ऊंचाई 44 इंच और इसका वजन 1.25 कुंतल है। जबकि सामान्य बकरों का वजन 60 से 65 किलोग्राम ही रहता है। इस बकरे के कान पर जन्म से ही मुहम्मद लिखा हुआ है, वहीं दूसरे कान पर उर्दू के शब्द लिखे हुए हैं। गांव के मौलाना वली मौहम्मद ने इसकी पुष्टि की है। कई दिनों से सुल्तान नाम का बकरा क्षेत्र में चर्चाओं का विषय बना हुआ है, इस बकरे को देखने के लिए दूर-दूर के गांव से लोग आ रहे हैं। किसान शमशेर ने बताया कि वह प्रतिदिन बकरे को दही,केला दूध देते है। इसकी प्रतिदिन की डायट उन्हे तीन सौ रूपए में पड़ती है।

# संयुक्त वैश्य अग्रवाल महासभा का सम्मान समारोह आयोजित




**मुजफ्फरनगर।** बड़ी धर्मशाला नई मंडी में हुआ अध्यक्षता अध्यक्ष संजय मित्तल और संचालन महामंत्री अनिल तायल ने किया बॉडी बिल्डिंग कुश्ती में महाराजगंज की वैश्य समाज की युवा लड़की रोमा गुप्ता नेअपनी मेहनत से समाज का नाम रोशन किया रोमा गुप्ता ने बताया कि उन्होंने अपनी मेहनत और लगन से मसलमेनिया प्रो कार्ड विजेता, आईबीएन इंडिया में चौथा स्थान, अखिल भारतीय योग राष्ट्रीय चौंपियनशिप में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, इस अवसर पर सभा के अध्यक्ष संजय मित्तल ने रोमा गुप्ता को समस्त वैश्य सभा की ओर से पगड़ी पहनाकर एवं वैश्य शिरोमणि महाराजा अग्रसेन जी का चित्र देकर सम्मानित किया। तत्पश्चात शिव मूर्ति पर पहुंच कर भगवान आशुतोष का आशीर्वाद लिया गया शिव मूर्ति के बाद अग्रसेन सेवा समिति द्वारा कृष्णापुरी में बिटिया का स्वागत किया गया कार्यक्रम में में भारी संख्या में वैश्य बंधु उपस्थित रहे जिनमें मुख्य रूप से सतीश गोयल जी,श्री मोहन तायल, दिनेश बंसल,बिवदीप गोयल अमित बंटी, आशुतोष गुप्ता, राजेश गोयल, सरवन अग्रवाल कशिश गोयल,अजय सिंघल,शोभित गुप्ता, पवन सिंगल ,मुकेश गुप्ता,संजीव गोयल,, श्रवण अग्रवाल , ,संजीव गोयल, कशिश गोयल, अशोक गर्ग, अजय गर्ग, रजत गोयल विवेक गर्ग अचिन कंसल ,मुकेश गुप्ता शोभित गुप्ता,नीरज अग्रवाल,सरवन अग्रवाल,राजेंद्र तायल,रविंदर लाला, संजीव कुमार भोकारेडी,अमित मित्तल,रजत यारसर,अंकुर गुप्ता,लवी गोयल,आदि उपस्थित रहे।

# जाट महासभा बुढ़ाना का चुनाव हुआ निर्विरोध

**बुढ़ाना।** जाट समाज महासभा बुढ़ाना का चुनाव रविवार को सर्व सम्मति से निर्विरोध सम्पन्न हुआ। चौधरी चमन सिंह को अध्यक्ष और प्रवीण राणा को महामंत्री चुना गया। नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह बुढ़ाना कस्बे के बड़ौत रोड पर स्थित आर्य समाज मंदिर के प्रांगण में आयोजित किया गया। समारोह से पूर्व यज्ञ का आयोजन भी हुआ।

सर्व सम्मति से चुनी गई इस नई कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष के पद पर राज बहादुर मलिक, कोषाध्यक्ष ओमपाल चौहान, प्रचार मंत्री योगेंद्र महले और आय व्यय निरीक्षक बाबू सिंह राठी को चुना गया। जाट महासभा के संरक्षकों ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को सत्य और कर्तव्य निष्ठा की शपथ दिलाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मास्टर तेजपाल सिंह ने की जबकि संचालन संजीव पंवार ने किया। इस अवसर पर बुढ़ाना क्षेत्र के आसपास के गांवों से जाट समाज के सैकड़ों लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के पश्चात सभी ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। समारोह में मास्टर जय कुमार, योगेन्द्र पंवार, अरूण बालियान, देवेन्द्र सिंह, मास्टर महक सिंह, पंकज चौधरी, कुणाल पंवार, ऋषिपाल आर्य,



ज्ञानेश्वर मुनि, सर्व खाप मन्त्री सुभाष बालियान, ब्रजपाल सिंह, मास्टर रामफल समेत अन्य गणमान्य लोग शामिल थे।

## नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर

**बुढ़ाना।** कस्बे के बड़ौत रोड स्थित करण फार्म हाउस में रविवार को करण सिंह बिटावदा स्मृति ट्रस्ट के तत्वावधान में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। भाजपा नेता ब्रजपाल सहरावत के संयोजन में लगे इस शिविर का शुभारंभ पूर्व भाजपा विधायक उमेश मलिक ने फीता काटकर किया। वे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। एडीके जैन आई हॉस्पिटल खेकड़ा से आई अनुभवी चिकित्सकों की टीम ने शिविर में पहुंचे 200 से अधिक मरीजों की आंखों की गहन जांच की। इन सभी मरीजों के ऑपरेशन नि:शुल्क किए जाएंगे। कार्यक्रम के आयोजक भाजपा नेता ब्रजपाल सहरावत ने कहा कि बुजुर्गों और जरूरतमंदों की सेवा के उद्देश्य से यह नि:शुल्क जांच शिविर लगाया गया है।

# ठाकुरद्वारा में सजेगा भागवत ज्ञान यज्ञ का दरबार

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** कस्बे के बड़ा बाजार स्थित ठाकुरद्वारा परिसर में 18 मई से श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन शुरू होने जा रहा है। धार्मिक आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है और तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। कथा के दौरान भागवत किंकर नमन कृष्ण महाराज श्रद्धालुओं को श्रीकृष्ण चरित्र, भागवत महिमा और सनातन संस्कृति का संदेश देंगे। आयोजन समिति के मुख्य संयोजक एवं बसंती नर्सिंग होम के निदेशक डॉ. दिनेश चंद्र ने प्रेस वार्ता में बताया कि कथा प्रारंभ होने से पहले रविवार सुबह आठ बजे बसंती नर्सिंग होम से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा में महिलाएं पारंपरिक परिधानों में सिर पर कलश धारण कर शामिल होंगी। नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए यात्रा ठाकुरद्वारा पहुंचेगी, जहां विधि-विधान से कथा का शुभारंभ किया जाएगा।



उन्होंने बताया कि कथा प्रतिदिन दोपहर तीन बजे से शाम छह बजे तक आयोजित होगी। 25 मई को कथा विश्राम के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। अंतिम दिन श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। आयोजन को सफल बनाने में डॉ. जयश्री द्विवेदी, डॉ. तनु शर्मा, डॉ. शिवम शर्मा, डॉ. एन.के. त्यागी, रजनीश, बबलू, बिल्लू, प्रवीण प्रधान एवं कुलदीप त्यागी सहित कई लोग सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं। प्रेस वार्ता के दौरान रजनीश, बबलू, निशांक समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# भारतीय भाषा समर कैंप में संस्कृत सीख रहे विद्यार्थी, हिमाचली लोकसंस्कृति ने बांधा समां

**खतौली।** जवाहरलाल नेहरू स्मृति इंटर कॉलेज, रवापुरी सठेड़ी में चल रहे सात दिवसीय भारतीय भाषा समर कैंप में विद्यार्थियों को भारतीय भाषाओं और सांस्कृतिक परंपराओं से जोड़ने का अनूठा प्रयास किया जा रहा है। कैंप में छात्र-छात्राएं न केवल नई भाषाएं सीख रहे हैं, बल्कि विभिन्न राज्यों की संस्कृति को भी करीब से जान रहे हैं। कैंप के दौरान संस्कृत भाषा को सरल और मनोरंजक तरीके से सिखाया गया।

दैनिक वार्तालाप, दिनचर्या और गीतों के माध्यम से विद्यार्थियों को संस्कृत बोलने और समझने का अभ्यास कराया गया। अध्यापिका शिखा के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं ने हिमाचली लोकसंस्कृति पर आधारित नृत्य नाटिका प्रस्तुत की, जिसने सभी का मन मोह लिया। इस प्रस्तुति के जरिए विद्यार्थियों को हिमाचल प्रदेश की भाषा, वेशभूषा और सांस्कृतिक परंपराओं की जानकारी भी मिली।

प्रधानाचार्य डॉ. चन्द्रमोहन शर्मा ने विद्यार्थियों को संस्कृत में यातायात नियमों और शिष्टाचार से जुड़े शब्दों का अभ्यास कराया। वहीं शिक्षक धर्मेंद्र मलिक ने बच्चों को संस्कृत में स्थानीय व्यंजन, मसाले, फल और सब्जियों के नाम सिखाए। प्रधानाचार्य डॉ. शर्मा ने बताया कि समर कैंप का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारत की भाषाई और सांस्कृतिक विविधता से परिचित कराना है, ताकि उनमें भारतीय संस्कृति और परंपराओं के प्रति सम्मान और जुड़ाव की भावना विकसित हो सके। कार्यक्रम संयोजक रविंद्र शर्मा ने बताया कि कैंप में विद्यार्थियों की रुचि लगातार बढ़ रही है और वे उत्साहपूर्वक नई भाषाएं सीखने में भाग ले रहे हैं।

# 96 प्रतिशत अंक लाकर चमकी अरीबा कुरैशी

**बुढ़ाना।** सीबीएसई इंटरमीडिएट परीक्षा में ह्यूमैनिटीज संकाय से 96 प्रतिशत अंक हासिल कर टॉप टेन में स्थान बनाने वाली मेपल्स एकेडमी बुढ़ाना की छात्रा अरीबा मेहर को कुरैशी समाज ने सम्मानित किया। बुढ़ाना के मौहल्ला नई बस्ती में स्थित आवास पर आयोजित समारोह में समाज के गणमान्य लोगों ने अरीबा को बुकें देकर उज्ज्वल भविष्य की बधाई दी। अरीबा ने पत्रकारों से हुई वार्ता में अपनी सफलता का श्रेय माता पिता, गुरुओं व एकेडमी के अनुशासित माहौल को देते हुए बताया कि रोज 7 घंटे की नियमित पढ़ाई, एनसीईआरटी पर फोकस व नोट्स बनाने की आदत ने ये मुकाम दिलाया। मेरा सपना सिविल सर्विस में जाकर देश सेवा करना है। अरीबा की इस उपलब्धि से बुढ़ाना व मेपल्स एकेडमी का नाम रोशन हुआ है।



यहां कुबा मस्जिद बुढ़ाना के पेश इमाम मुफ्ती आस मौहम्मद कासमी, सपा अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय सचिव नवाब इम्तियाज, पूर्व सभासद अहसान कुरैशी, आईसीआईसीआई बैंक की कैराना शाखा के प्रबंधक गुलफाम कुरैशी, पत्रकार अहसान कुरैशी, पत्रकार महक कुरैशी, इं. शहजाद कुरैशी, सलमान इम्तियाज, शाहिद कुरैशी, कासिम कुरैशी, अहसान मेहर, अफजाल कुरैशी, अनवर कुरैशी, कल्लू कुरैशी, जावेद इकराम, परवेज इस्लाम, अकदस, उमेर मेहर, इकबाल कुरैशी, असद मौजूद थे। यहां सबने अरीबा का हौसला बढ़ाया। अरीबा के पिता इनाम मेहर, माता शाहीन अरीबा की उपलब्धि पर काफी खुश दिखी।

# मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का हुआ आयोजन

**जानसठ।** प्रदेश सरकार की स्वास्थ्य सेवाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने की मुहिम के अंतर्गत रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जानसठ के अधीन आने वाले विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में बड़ी संख्या में पहुंचे मरीजों का पंजीकरण कर चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यक परामर्श एवं दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। मेले के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने मरीजों के ब्लड प्रेशर, शुगर, बुखार, खांसी, जुकाम सहित विभिन्न सामान्य एवं गंभीर बीमारियों की जांच की। महिलाओं, बुजुर्गों एवं बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देते हुए चिकित्सकों ने उन्हें आवश्यक सावधानियां बरतने की सलाह भी दी। इस अवसर पर टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं की जांच, पोषण संबंधी परामर्श तथा आयुष्मान भारत योजना की जानकारी भी दी गई। मरीजों को छोटी-छोटी बीमारियों के इलाज के लिए दूर नहीं जाना पड़े। उन्होंने कहा कि मेले में आने वाले प्रत्येक मरीज का रजिस्ट्रेशन कर चिकित्सकीय परीक्षण किया जा रहा है तथा जरूरतमंद मरीजों को निशुल्क दवाइयां भी वितरित की जा रही हैं।उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य मेलों के माध्यम से लोगों को विभिन्न संचारी एवं गैर संचारी रोगों के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है। साथ ही मरीजों को समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने और स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

## आग से कार व ई रिक्शा जलकर राख

**मोरना।** तेवड़ा गांव में ग्राम प्रधान के घेर में आग लगने का मामला प्रकाश में आया है जिसमें ग्राम प्रधान की कार व एक ग्रामीण की ई रिक्शा जल गयी। कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया ककरौली थाना क्षेत्र के गांव तेवड़ा में ग्राम प्रधान अब्दुस्सलाम के घेर में शनिवार की देर रात शॉर्ट सर्किट से अचानक आग लग गई। जहां खड़ी ग्राम प्रधान की स्विफ्ट डिजायर कार व ग्रामीण अनस की ई-रिक्शा आग में जल कर राख बन गई।

लोगों ने सबमर्सिबल पंप चलाकर बड़ी मुश्किल से आग बुझाई।

# बेबी आध्या की कराटे प्रतियोगिता में बड़ी उपलब्धि

**शाह टाइम्स संवादाता**

**मुजफ्फरनगर।** नयी दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित इंडिया ओपन इंटरनेशनल कराटे प्रतियोगिता जिसका आयोजन धमिका केआई शीटो - आर.वाई.यू. इंटरनेशनल जो (कराटे इंडिया आरगानाइजेशन ज्ञ.प.व.) से संबंधित द्वारा किया गया आध्या ने अंडर टेन अर्थात दस वर्षीय इंडिया ओपन इंटरनेशनल कराटे प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर जनपद मुजफ्फरनगर और अपने संस्थान मैक एकेडमी

जो मेरठ में है दोनों जनपद मुजफ्फरनगर और मेरठ का नाम कराटे प्रतियोगिता में रोशन किया है आध्या न लगातार अपनी इस सफलता का श्रेय उसके कराटे कोच श्री सूरजमल और श्री नरेन्द्र जी को दिया है जिनके कुशल नेतृत्व में यह प्रशिक्षण प्राप्त कर रहीं आध्या की यह कराटे प्रतियोगिता में चौथी उपलब्धि है वह इससे पूर्व जयपुर में खेले कराटे प्रतियोगिता में कांस्य, नयी दिल्ली में स्वर्ण और लखनऊ में प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में कांस्य पदक विजेता रही है आध्या मुजफ्फरनगर जिले के पुरकाजी विकास खंड तेजलहेडा गांव के प्रतिष्ठित परिवार स्वर्गीय बाबू बिशभर सिंह की पौत्री एवं रमानागर राष्ट्रीय सचिव रालोद पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत मुजफ्फरनगर की धेवती और मुजफ्फरनगर नगर का प्रतिष्ठित संतोष हासपिटल पुराना सिंघल नर्सिंग होम निकट कंपनी बाग मुजफ्फरनगर के एम.डी. आदित्य की पुत्री है।

आध्या की लगातार इस सफलता पर उसके कोच एवं नानी रमानागर ने खुशी जताई और कहा कि हमारी यह प्रतिभावान खिलाड़ी एवं बेटी एक दिन अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर हमारी एकेडमी एवं हमारा नाम साथ ही जनपद मुजफ्फरनगर, उत्तरप्रदेश एवं भारत का नाम बिव स्तर पर रोशन करेंगी बहुत बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं हमारी लाडली आध्या को एवं आगामी प्रतियोगिता के लिए हार्दिक शुभकामनाएं।



मुजफ्फरनगर: अराध्या को पुरस्कृत करते अतिथि।

## बिजली लाइन पर लटका विशाल पेड़

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढ़ाना पुलिस चौकी के ठीक पीछे डॉक्टर बृजपाल के क्लीनिक के सामने एक विशाल पेड़ की सूखी डाल बिजली की हाईटेंशन लाइन पर लटक रही है। इससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। बुढ़ाना नगर पंचायत के सभासद गुलफाम खान ने लोक निर्माण विभाग और विद्युत विभाग से तुरंत संज्ञान लेकर इसके समाधान की मांग की है। सभासद गुलफाम खान ने बताया कि जिस जगह पेड़ की डाल लाइन पर लटकी है वहां हर वक्त ई रिक्शा, राहगीर और पटरी दुकानदार मौजूद रहते हैं। पेड़ की हालत जर्जर है। तेज हवा या बारिश में डाल टूटकर तारों पर गिर सकती है। सभासद गुलफाम खान ने कहा कि लोक निर्माण विभाग और विद्युत विभाग बुढ़ाना को तुरंत संज्ञान लेकर इसका समाधान करना चाहिए। देरी हुई तो कोई भी अनहोनी हो सकती है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सूचित किया जाता है कि मैने अपना नाम साजिदा SAJIDA से बदलकर आईशा AIYSHA रख लिया है आज से भविष्य में मुझे आईशा AIYSHA के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

आईशा पत्नी मौहमंद मोमिन
AIYSHA W/O MOHMAND MOMIN
निवासी-गांव निर्माणी, ब्लॉक बधरा
जिला मुजफ्फरनगर, 251001

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं:-जीत सिंह पुत्र श्री महेन्द्र सिंह मेरी पुत्री का बचपन का नाम युविका चौधरी था अब मैंने स्कूल आधार कार्ड आदि सभी दस्तावेजो में अवनी चौधरी पुत्री जीत सिंह करा दिया है। निकट भविष्य में अवनी चौधरी के नाम से जाना पहचाना जाए

**जीत सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह**
**परिक्रमा मार्ग गली नंबर 3**
**अलबासपुर मुजफ्फर नगर**

# मेरठ में हाईकोर्ट की बैंच नहीं, अब चाहिए राजधानी और हाईकोर्ट

**मुजफ्फरनगर।** आज यहां पश्चिम प्रदेश मुक्ति मोर्चा व भारतीय किसान यूनियन वर्मा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भगत सिंह वर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल पृथक राज्य के लिए नगर के महत्वपूर्ण और जिम्मेदार लोगों से मिला। राष्ट्रीय अध्यक्ष भगत सिंह वर्मा ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सहकारी क्षेत्र के जानकार व अन्य पदों पर रहने वाले समाजसेवी व राजनेता चौधरी दलसिंह वर्मा नेत्रपाल सिंह एडवोकेट अरुण कुमार एडवोकेट नेता डॉक्टर मुर्तजा सलमानी किसान चिंतक अशोक बालियान एडवोकेट संयुक्त क्रांति किसान मंच के शाह आलम विनोद शर्मा एडवोकेट व्यापारी नेता सरदार अर्जुन सिंह मनोज गोयल से संपर्क करके कहा कि लगभग 50 वर्ष से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अधिवक्ता गण मेरठ में हाई कोर्ट की बेंच की स्थापना को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। लेकिन सरकार ने आज तक सुलभ व सस्ते न्याय के लिए मेरठ में हाई कोर्ट की बेंच की स्थापना नहीं की है। जो यहां की 8 करोड़ जनता व अधिवक्ता गणों के लिए सरासर अन्याय है। यहां के लोगों को न्याय के लिए 700 किलोमीटर दूर प्रयागराज जाना पड़ता है। प्रयागराज जाना काफी कठिन महंगा और परेशानी भरा है। भगत सिंह वर्मा ने कहा कि महाराष्ट्र में पांच हाई कोर्ट की बेंच है।मध्य प्रदेश में चार हाई कोर्ट की बेंच है।और राजस्थान में भी तीन हाई कोर्ट की बेंच है। । पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रदेश सरकार को सबसे अधिक राजस्व देने के बावजूद भी यहां की 8 करोड़ जनता को किसी भी क्षेत्र में मूलभूत सुविधाएं नहीं है। यहां शिक्षा और चिकित्सा नाम मात्र को है। सभी विभागों में भ्रष्टाचार का बोलबाला है।बेरोजगारी दर सबसे अधिक है।यहां कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है। प्रशासन पर सरकार का कोई नियंत्रण नहीं है। राष्ट्रीय अध्यक्ष भगत सिंह वर्मा ने किसानों मजदूरों व्यापारियों दुक. ानदारों बुद्धिजीवियों अधिवक्ता गणों पत्रकारों युवाओं और छात्रों से मिलकर यहां के 26 जिलों को मिलाकर पृथक पश्चिम प्रदेश निर्माण के संघर्ष में बढ़-चढ़कर भागीदारी करने का आ]वान किया। पृथक पश्चिम प्रदेश आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है पृथक राज्य बनने पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के ही नेता मुख्यमंत्री और मंत्री होंगे। और यही से सत प्रतिशत अधिकारी और कर्मचारी होंगे। आज लखनऊ में यहां के अधिकारी व कर्मचारी नाम मात्र को है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में ही राजधानी हाईकोर्ट शिक्षा बोर्ड प्रदेश सर्विस सिलेक्शन बोर्ड राजस्व बोर्ड पुलिस मुख्यालय और शिक्षा और चिकित्सा के बड़े-बड़े संस्थान होंगे।जिससे यहां की 8 करोड़ जनता को सीधा-सीधा लाभ होगा। आज लखनऊ में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लोगों की कोई सुनवाई नहीं है वहां पर पूर्वांचल के नेताओं का प्रभाव है। पृथक राज्य के संघर्ष को तेज कर दिया गया है। और जल्द ही मेरठ के गढ़मुक्तेश्वर ब्रजघाट पर पृथक राज्य निर्माण के लिए एक बड़ा कार्यकर्ता सम्मेलन होगा। प्रतिनिधि मंडल में पश्चिम प्रदेश मुक्ति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित नीरज कपिल प्रदेश महामंत्री आसिम मलिक प्रदेश मंत्री डॉक्टर परविंदर मलिक मंडल उपाध्यक्ष कृपाल सिंह चौधरी जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर मुकेश सिद्धवान ने भाग लिया।

# दुकान चमकाने में भूले जिम्मेदारी, बाजार की सड़क बनी कूड़ाघर

**खतौली।** स्वच्छ भारत मिशन और नगर पालिका परिषद की लगातार अपीलों के बावजूद कस्बे के कुछ बाजारों में सफाई व्यवस्था को लेकर लापरवाही कम होने का नाम नहीं ले रही। ताजा मामला कस्बे के व्यस्त बिदड़ीवाड़ा बाजार का है, जहां रविवार को कई दुकानदारों द्वारा दुकानों के सामने का कूड़ा सड़क पर डाल दिए जाने से पूरे बाजार की व्यवस्था बिगड़ गई। सड़क के बीच लगे कूड़े के ढेरों ने न केवल बाजार की तस्वीर खराब कर दी, बल्कि राहगीरों और वाहन चालकों के लिए भी परेशानी खड़ी कर दी।

बताया गया है कि कुछ दिन पूर्व नगर पालिका प्रशासन ने बिदड़ीवाड़ा बाजार में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाते हुए व्यापारियों को साफ-सफाई बनाए रखने और सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी न फैलाने के निर्देश दिए थे। उस दौरान व्यापारियों ने सहयोग का भरोसा भी दिया था, लेकिन कुछ ही दिनों बाद हालात फिर पुराने ढर्रे पर लौटते दिखाई दिए। रविवार सुबह बाजार खुलते ही कई दुकानदारों ने अपनी दुकानों के बाहर जमा कूड़ा हटाकर सीधे सड़क पर डाल दिया। देखते ही देखते मुख्य मार्ग पर गंदगी फैल गई और बाजार में आने-जाने वाले लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सड़क पर फैली बदबू और गंदगी को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी देखने को मिली। लोगों का कहना था कि कुछ व्यापारी केवल अपनी दुकान तक ही सफाई सीमित रखते हैं, जबकि सार्वजनिक स्थानों की जिम्मेदारी निभाने से बचते हैं। बाजार में सफाई करने पहुंचे नगर पालिका कर्मियों को भी सड़क पर पड़े कूड़े को हटाने में अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ी। कर्मचारियों ने जब दुकानदारों से इस संबंध में पूछताछ की तो कोई भी जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं हुआ।



सफाई कर्मचारियों ने पहले सड़क से कूड़ा हटाया, उसके बाद नियमित सफाई कार्य शुरू किया जा सका। पालिका सूत्रों के अनुसार बाजारों में नियमित सफाई व्यवस्था के लिए कर्मचारियों की डड्यूटी लगाई जाती है और व्यापारियों से लगातार सहयोग की अपील भी की जाती है, लेकिन कुछ लोगों की लापरवाही पूरे अभियान की छवि खराब कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि स्वच्छता अभियान तभी सफल हो सकता है, जब आम लोग और व्यापारी भी अपनी जिम्मेदारी समझें। स्थानीय नागरिकों ने नगर पालिका से ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा फैलाने वालों पर जुर्माना लगाया जाए और बाजारों में नियमित निगरानी रखी जाए, ताकि कस्बे की स्वच्छता व्यवस्था कायम रह सके।

## संक्षिप्त समाचार

### ऑफिस में घुसकर मुंशी-साझीदार से मारपीट

**बुढ़ाना।** क्षेत्र के ग्राम बुवाना में स्थित एक भटे के कार्यालय में शराब के नशे में धुत होकर घुसे पांच लोगों ने मुंशी और साझीदार के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। भटा मालिक अमित कुमार ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। गांव गढ़ी नोआबाद थाना भौराकलां निवासी अमित कुमार पुत्र भोपाल सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह ग्राम बुवाना में मनोज ब्रिक्स उद्योग के नाम से भटा चलाते हैं। बीती 15 मई को शाम करीब 7रू30 बजे वह, उनका मुंशी तेजवीर पुत्र यशपाल और साझीदार उपेन्द्र पुत्र जसराम कार्यालय में बैठकर हिसाब-किताब कर रहे थे। तभी अचानक 5 व्यक्ति कार्यालय में घुस आए। आरोप है कि सभी शराब के नशे में थे। उन्होंने गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी और जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। अमित, उनके साझीदार उपेन्द्र और मुंशी तेजवीर ने भागकर जान बचाई। घटना के बाद पीड़ित ने 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। अमित कुमार ने तहरीर में बताया कि हमला करने वालों में 3 लोगों की पहचान हो गई जिनके नाम गौरव पुत्र मान सिंह, चन्दन पुत्र बल सिंह व कल्लू पुत्र मौसम निवासीगण ग्राम बुवाना हैं जबकि दो हमलावर अज्ञात हैं।

पीड़ित ने तहरीर में उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### विद्यार्थियों ने सीखे गुणवत्ता और मानकीकरण के मायने



**खतौली।** श्री कुंदकुंद जैन इंटर कॉलेज के भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) स्टैंडर्ड क्लब द्वारा आयोजित मानक लेखन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पेंट विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। प्रतियोगिता के माध्यम से छात्रों को गुणवत्ता, सुरक्षा, टिकाऊपन और भारतीय मानकों के महत्व के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं रिसोर्स पर्सन के रूप में शुचि भारद्वाज उपस्थित रहीं। विद्यालय के प्रधानाचार्य अनुराग जैन ने कहा कि भारतीय मानक उपभोक्ताओं की सुरक्षा और उत्पादों की ब्विवसनीयता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को दैनिक जीवन में आईएसआई मार्क एवं हॉलमार्क जैसे प्रमाणित उत्पादों को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में उत्ख्रष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को नगद पुरस्कार एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। प्रथम स्थान पर निक्की, नोमान, शबनूर और अयान रहे। द्वितीय स्थान रामिषा, कनिष्का, वंश एवं विधि सैनी ने प्राप्त किया, जबकि तृतीय स्थान तुबा, राबिया, वर्षा और तानिया को मिला। सांत्वना पुरस्कार पूजा, गरिमा, आंशिका एवं अंतिम को प्रदान किए गए। इस अवसर पर विद्यालय के मेधावी छात्र मंजीत, ईशान एवं अनन्त कुमार को भी सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर प्रतीक चिन्ह एवं नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों को बीआईएस द्वारा विकसित ह्केयर एपह्न की जानकारी देते हुए बताया गया कि इसके माध्यम से उपभोक्ता उत्पादों की प्रमाणिकता की जांच कर सकते हैं और आईएसआई मार्क व हॉलमार्क की सत्यता आसानी से परख सकते हैं। कार्यक्रम के मेंटर मदनगोपाल रहे तथा संचालन राजकुमार जैन ने किया। अंत में विद्यार्थियों को गुणवत्ता, मानकीकरण और उपभोक्ता जागरूकता का संदेश देते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

### स्कूल कर्मचारी ने आधा दर्जन लोगों पर लगाए गंभीर आरोप

**मुजफ्फरनगर।** मन्सूरपुर थाना क्षेत्र के गांव नरा निवासी कुलदीप कुमार पुत्र तीर्थराम ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को दिये गये शिकायती पत्र में बताया कि वह स्थानीय विश्वकर्मा इंटर कॉलेज में रात के समय चौकीदारी करता है। 11 मई की शाम को प्रबंधन प्रधानाचार्य ने उसको कॉलेज में बुलाया वह कॉलेज चला गया। जहां नरेश विश्वकर्मा वहां पर आया और उसके साथ अन्य लोग भी थे। पीडित ने शिकायती पत्र में करीब आधा दर्जन लोगों के नाम लिये हैं। कहा कि वह कॉलेज के गेट पर आये और गेट खुलवाकर उसके साथ दुर्व्यवहार, गाली-गलौच करते हुए जातिसू. चक शब्द कहे। शिकायतकर्ता ने अपमानित करने व मारपीट का आरोप लगाते हुए जान से मारने की धमकी दी। शिकायकर्ता ने यह भी आरोप लगाया कि जान बचाने के लिए वह एक कमरे में घुस गया जहां आरोपियो ने दरवाजा तुवाने का प्रयास किया।

# किशोरी को बहला फुसलाकर ले गया युवक

**बुढ़ाना।** कोतवाली बुढ़ाना की उमरपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के एक गांव से एक मां ने अपनी 15 वर्षीया नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए बुढ़ाना पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया कि आरोपी युवक उसकी बेटी के साथ साथ घर में रखे सोने और चांदी के जेवर और 1 लाख 39 हजार रुपये भी ले गया। उक्त प्रार्थना पत्र के अनुसार बीती शनिवार की दोपहर के समय खालापार थाना क्षेत्र के अमीर हमजा मस्जिद निवासी बिलाल पुत्र तहसीन उसके घर आया। आरोप है कि बिलाल उनकी 15 वषह्वया बेटी को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। पीड़िता का कहना है कि उनकी बेटी अपने साथ अपनी बड़ी बहन की शादी के लिए घर में रखा हुआ 2 तोले सोना, 20 तोले चांदी और एक लाख 39 हजार रुपये भी अपने साथ ले गई। पीड़िता का पति मजदूरी के लिए बाहर गया हुआ है।

पीडिता ने बताया कि शाम को वो बिलाल के घर पहुंची और उसके माता पिता से बेटी, जेवर रुपयों के बारे में पूछा। आरोप है कि बिलाल के माता पिता ने गाली गलौज कर उसे भगा दिया। शोर सुनकर मोहल्ले के कई लोग इकठा हो गए। तब आरोपी के माता पिता ने कहा जो तुझसे हो वो कर ले। पीडिता ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए आशंका जताई कि कहीं बिलाल उसकी बेटी के साथ कुछ गलत न कर दे।

## गोरक्षकों ने अधिकारियों को सौंपा प्रार्थना पत्र

**बुढ़ाना।** बकरीद पर्व से पहले सोशल मीडिया पर कथित तौर पर गाय काटने से जुड़ा भड़काऊ वीडियो वायरल होने पर गौरक्षा दल ने कड़ी आपत्ति जताई है। दल ने अधिकारियों को प्रार्थना पत्र सौंपकर वीडियो हटाने व आरोपी पर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मात्र 4 घंटे में आरोपी को बागपत के टीकरी गांव से गिरफ्तार कर लिया। गौरक्षक छोटा सैनी परासौली, लोकेन्द्र बिराल, दुष्यंत सिंह राजपुर छाजपुर और घनश्याम परासौली सहित कई सदस्यों ने बुढाना पुलिस को एक प्रार्थना पत्र दिया। आरोप है कि बागपत जनपद के कस्बा टीकरी निवासी एक व्यक्ति ने सोशल मीडिया पर गाय काटने से संबंधित भड़काऊ भाषण का वीडियो अपलोड किया है।

# मिशन शक्ति जागरूकता अभियान चलाया

**जानसठ।** महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन एवं सशक्तिकरण को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संच. ालित हमिशन शक्ति-5.0ह्व अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत रविवार को जानसठ थाना क्षेत्र में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया।

रविवार को पुलिस क्षेत्राधिक. ारी के निर्देशन में एंटी रोमियो टीम ने कस्बे सहित आसपास के गांवों, बाजारों, सार्वजनिक स्थलों एवं धार्मिक स्थलों पर पहुंचकर महिलाओं और बालिकाओं को विभिन्न सुरक्षा उपायों एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने महिलाओं एवं छात्राओं से सीधे संवाद स्थापित कर उन्हें आत्मनिर्भर बनने, किसी भी प्रकार की उत्पीड़न अथवा छेड़छाड़ की घटना पर तुरंत शिकायत करने तथा कानून द्वारा प्रदान किए गए अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। टीमों द्वारा पंफलेट वितरित कर महिलाओं को सरकार द्वारा संचा. लित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों एवं सुरक्षा सेवाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस दौरान महिलाओं को डायल-112, महिला हेल्पलाइन-181, वूमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, सीएम हेल्पलाइन-1076, वन स्टॉप सेंटर-181, स्वास्थ्य सेवा-102 तथा एंबुलेंस सेवा-108 जैसी महत्वपूर्ण सेवाओं के उपयोग की जानकारी दी गई। साथ ही जनसुनवाई पोर्टल एवं स्थानीय थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्रों की कार्यप्रणाली से भी अवगत कराया गया, ताकि महिलाएं किसी भी समस्या की स्थिति में तुरंत सहायता प्राप्त कर सकें। एंटी रोमियो टीमों ने छात्राओं एवं महिलाओं को सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, साइबर अपराधों से बचाव तथा अनजान व्यक्तियों से सतर्क रहने के संबंध में भी जागरूक किया। और किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई की जाएगी।

# गैस वितरकों ने धमकी देने पर जताई चिंता

**मुजफ्फरनगर।** जनपद मुजफ्फरनगर के समस्त एलपीजी वितरकों (इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम एवं एचपी गैस) द्वारा वर्तमान परिस्थितियों को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की गई है।

विगत दिवस एक स्थानीय शिकायत के आधार पर हुई कार्यवाही के बाद जिले के सभी वितरकों में असंतोष एवं भय का वातावरण उत्पन्न हुआ है। वर्तमान समय में एलपीजी आपूर्ति पूर्णतः कंपनियों द्वारा निर्धारित आवंटन एवं सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुसार की जा रही है। गैस की उपलब्धता ऊपर से सीमित मात्रा में प्राप्त हो रही है तथा सभी वितरक ह100: डॉक/सिस्टम आधारित सप्लाईह्व के माध्यम से उपभोक्ताओं तक गैस पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में किसी भी वितरक द्वारा मनमानी अथवा व्यक्तिगत स्तर पर अतिरिक्त अथवा अलग आपूर्ति करना संभव नहीं है। हम सभी वितरक भारत सरकार, जिला प्रशासन तथा तेल कंपनियों इण्डियन ऑयल कॉरपोरेशन भारत पैट्रोलियम एण्ड हिन्दुस्तान पैट्रोलियम के दिशा-निर्देशों का पूर्ण पालन करते हुए निरंतर उपभोक्ताओं की सेवा में कार्यरत हैं। दुर्भाग्यवश कुछ स्थानीय तथाकथित नेता एवं असामाजिक तत्व, जिनका न तो गैस वितरण व्यवस्था से कोई प्रत्यक्ष संबंध है और न ही जनहित से कोई सरोकार, छोटी-छोटी एवं अपुष्ट शिकायतों के माध्यम से वितरकों को अनावश्यक रूप से परेशान करने का प्रयास कर रहे हैं। मुजफ्फरनगर के समस्त वितरकों ने एकजुट होकर प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के समक्ष अपनी समस्याएं रखते हुए मांग की है कि झूठी एवं भ्रामक शिकायतों के आधार पर बिना तथ्यों की जांच किए किसी भी प्रकार की कठोर कार्यवाही न की जाए। यदि कोई वास्तविक समस्या हो तो उसका समाधान नियमानुसार एवं निष्पक्ष जांच के आधार पर किया जाए। हम सभी वितरक पुनः यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि उपभोक्ताओं को जो भी एलपीजी उत्पाद उपलब्ध कराया जा रहा है, वह पूर्णतः कंपनी एवं सरक. ारी व्यवस्था के अंतर्गत उपलब्ध स्टॉक के अनुसार ही वितरित किया जाता है। आमजन से भी अपील है कि अफवाहों एवं भ्रामक प्रचार पर ध्यान न दें तथा किसी भी समस्या की स्थिति में सीधे अपने अधिकृत वितरक अथवा संबंधित कंपनी कार्यालय से संपर्क करें।

## तेल बचाने का संदेश....
# पेट्रोल पंप ऑनर ने ई-रिक्शा से किया सफर

**बुढ़ाना।** पश्चिम एशिया में अमेरिका ईरान तनाव के चलते तेल सप्लाई पर असर और देश को हो रहे हजारों करोड़ के नुकसान के बीच भाजपा नेता नितिन मलिक ने सादगी की मिसाल पेश की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तेल बचाओ ईंधन बचाओ आह्वान के बाद नितिन मलिक ने अपने शाकुन्तलम् स्थित आवास से सोंहजनी तगान गांव व पुरबालियान गांव तक ई रिक्शा से लगभग 55 किलोमीटर का सफर तय किया। खास बात ये है कि नितिन मलिक खुद बुढ़ाना में इंडियन ऑयल कंपनी के पेट्रोल पंप के स्वामी हैं। इसके बावजूद उन्होंने ग्रामीण दौरे के लिए ई-रिक्शा चुना। इसे उनकी निस्वार्थ भावना और जन संवे. दनशीलता का स्पष्ट संदेश माना जा रहा है।

ग्राम पुरबालियान व सोंहजनी गांव में जनसंपर्क के दौरान नितिन मलिक ने लोगों से कहा कि प्रतिदिन भारत सरकार को हजारों करोड़ का नुकसान हो रहा है। भारत का नुकसान हम सबका नुकसान है। इसलिए हम सबकी जिम्मेदारी बनती है कि हम सब देश का संबल बनें। हम देश के साथ खड़े हों। एक एक के प्रयास से देश को मजबूती मिलेगी। उन्होंने बताया कि पश्चिम एशिया में युद्ध के हालात से तेल की सप्लाई प्रभावित हुई है। ऐसे में हर नागरिक का कर्तव्य है कि ईंधन की बचत करे।

## भाईयों पर मारपीट का आरोप

**फुगाना।** थाना फुगाना क्षेत्र के ग्राम लोई निवासी एक युवक ने चार सगे भाइयों पर गाली-गलौज व मारपीट का आरोप लगाते हुए फुगाना थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने मेडिकल कराकर आरोपियों की तलाश शुरु कर दी है। थाना फुगाना पुलिस को दी गई तहरीर में वसीम पुत्र शमीम निवासी ग्राम लोई ने बताया कि बीती 9 मई को रहीस का पुत्र रिहान ने उसके साथ गाली-गलौच की। विरोध करने पर रिहान, तौसीफ, सूफियान ने मिलकर मारपीट की। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

# भारत विकास परिषद का 39वां दायित्व बोध समारोह सम्पन्न

**मुजफ्फरनगर।** भारत विकास परिषद् मैन शाखा मुजफ्फरनगर का 39वां दायित्व बोध समारोह मंगलम गोल्ड वेंकट हॉल में गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत, वंदे मातरम् गीत एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर प्रांतीय पदाधिकारी अनुराग दुबलिश, सरल माधव, आलोक भटनागर, मुकेश चन्द्र गुप्ता एवं प्रवीण गुप्ता उपस्थित रहे।

समारोह में भारत विकास परिषद् मैन शाखा मुजफ्फरनगर को सर्वश्रेष्ठ शाखा के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान अध्यक्ष संजय मिश्रा की टीम नवनीत गुप्ता, नीरज सिंघल एवं डॉ. अंजलि गर्ग को प्रदान किया गया।कार्यक्रम में राजीव त्रीखा द्वारा बहुत ही सुंदर गीत प्रस्तुति दी गई। साथ ही नए सदस्यों एवं दायित्व धारियों का शपथ ग्रहण एवं स्वागत समारोह भी सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर नए दायित्व धारियों में के.पी. राठी, पुरुषोत्तम सिंघल, डॉ. अंजलि गर्ग, सुनीता शाह, ओ.डी. शर्मा, प्रीति वर्धन शर्मा, बृजेश आत्रेय, ब्रजमोहन शर्मा, मनीष गर्ग, विनीत गुप्ता, अरुण मित्तल एवं अनिल शर्मा सहित सभी शाखाओं के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं प्रांतीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।संजय



मिश्रा, हर्षवर्धन जैन एवं अशोक सिंघल द्वारा सभी अतिथियों का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। अंत में सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए राष्ट्रगान किया गया तथा तत्पश्चात सभी ने सहभोज ग्रहण किया।

# भाटी को जूता मारने वाले को मिलेगा इनाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** समाजवादी पार्टी प्रवक्ता राजकुमार भाटी के जूते मारने वाले को संयुक्त हिंदू मोर्चा अध्यक्ष मनोज सैनी द्वारा इनाम की घोषणा आज संयुक्त हिंदू मोर्चा अध्यक्ष मनोज सैनी व शिव सेना प्रदेश महासचिव डॉक्टर योगेंद्र शर्मा ने संयुक्त प्रेस बयान जारी करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी नेता राज. कुमार भाटी द्वारा लगातार हिंदू समाज की सम्मानित जातियों के खिलाफ अपमान जनक बयान दिए जा रहे है ।

पहले इन्होंने ब्राह्मण समाज की महिलाओं के बारे में अपमान जनक बयान दिया ओर अब जाट व गुर्जर समाज की महिलाओं के बारे में अपमान जनक बयान दिया ओर मंच पर मौजूद किसान यूनियन प्रवक्ता राकेश टिकैत ने भी मौन रहकर इसकी स्वीकृति दी ये बड़े ही शर्म की बात है।

उन्होंने कहा कि राजकुमार भाटी के जो जूते मारेगा उसे 1100 रूपये प्रति जूते के हिसाब से इनाम देकर उसका अभिनंदन किया जाएगा और मुजफ्फरनगर आने पर राजकुमार भाटी का मुंह काला किया जाएगा

# अमावस्या पर किया 500 अस्थियों का विसर्जन

**मुजफ्फरनगर।** कहते हैं कि जिसका कोई नहीं होता, उसका भगवान होता है। लेकिन धरातल पर इस बात को सच कर दिखाया है मुजफ्फरनगर की श्क्रांतिकारीश शालू सैनी ने। साक्षी वेलफेयर ट्रस्ट की राष्ट्रीय अध्यक्ष क्रांतिकारी शालू सैनी, जो पिछले लंबे समय से लावारिस व बेसहारा लाशों के ससम्मान अंतिम संस्कार के लिए देश भर में अपनी एक अलग पहचान बना चुकी हैं, क्रांतिकारी शालू सैनी ने मानवता की एक अटूट मिसाल पेश की है।

ज्येष्ठ मास की पावन अमावस्या के पवित्र अवसर पर, शालू सैनी ने तीर्थ नगरी हरिद्वार के सती घाट पर पूरे विधि-विधान, सनातन परंपरा और वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ करीब 500 लावारिस व बेसहारा शवों का अस्थि विसर्जन किया।घ्यह ख्रश्य अत्यंत भावुक और आंखें नम कर देने वाला था, जब शालू सैनी मां गंगा की गोद में उन सैकड़ों आत्माओं के मोक्ष की प्रार्थना कर रही थीं, जिन्हें जीते जी शायद अपनों का साथ न मिला, लेकिन मौत के बाद शालू सैनी ने एक बेटी, एक बहन और एक मां का फर्ज निभाते हुए उन्हें मोक्ष की राह दिखाई।

घ्अस्थि विसर्जन के इस पुनीत कार्य को संपन्न करने के बाद बेहद भावुक स्वर में शालू सैनी ने कहा दुनिया के लिए ये लावारिस लाशें या बेसहारा अस्थियां हो सकती हैं, लेकिन मेरे लिए ये मेरे अपने हैं। जब समाज इन्हें छोड़ देता है, तो ईश्वर मुझे इन्हें संभालने की जिम्मेदारी देता है। लावारिस लाशों का अंतिम



संस्कार करना और उनकी अस्थियों को पूरे सम्मान के साथ गंगा जी में विसर्जित करना मेरे लिए कोई सामाजिक कार्य नहीं है, बल्कि यह मेरी आत्मा की सेवा और ईश्वर के प्रति मेरा अटूट संकल्प है।घ्शालू सैनी ने बताया कि । ज्येष्ठ अमावस्या के विशेष महत्व को देखते हुए वे इन अस्थि कलशों को लेकर हरिद्वार पहुंचीं। घाट पर तीर्थ पुरोहितों के सानिध्य में बकायदा पिंड दान, तर्पण और विशेष पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद पूरे सम्मान के साथ सभी अस्थियों को गंगा नदी की अविरल धारा में प्रवाहित किया गया, ताकि इन भटकी हुई और अज्ञात आत्माओं को परम शांति और मोक्ष की प्राप्ति हो सके।क्रांतिकारी घ्शालू सैनी का यह सेवा भाव आज के दौर में स्वार्थ से परे हटकर निरूस्वार्थ मानवता का सबसे बड़ा उदाहरण है।

शाह टाइम्स
स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# डग्गामार वैनों में भूसे की तरह भरे जा रहे बच्चे

## हर पल बनी रहती है हादसे की आशंका, आखिर कब जागेगा जनपद में परिवहन विभाग

☐ नियमों को ठेंगा बच्चों की सुरक्षा दांव पर।

**सुनील वर्मा**

**शामली।** जनपद में स्कूली बच्चों की सुरक्षा पूरी तरह भगवान भरोसे नजर आ रही है। जिलेभर की सड़कों पर मौत बनकर दौड़ रही डग्गामार और ओवरलोड स्कूली वैनें प्रशासनिक लापरवाही की पोल खोल रही हैं। छोटी-छोटी इक्को वैनों में क्षमता से कई गुना अधिक, 18 से 20 बच्चों को ठूंस-ठूंस कर बैठाया जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि अधिक. ांश वाहनों पर न तो किसी स्कूल का नाम अंकित है और न ही कोई पहचान चिन्ह, जिससे साफ जाहिर होता है कि नियमों को खुलेआम ताक पर रखकर बच्चों की जिंदगी से खिलवाड़ किया जा रहा है।

इन वाहनों की हालत भी किसी कबाड़ से कम नहीं दिखाई देती। कई वैनों की सीटें टूटी हुई हैं, खिड़कियां जर्जर हैं और सुरक्षा के नाम पर कुछ भी मौजूद नहीं है। न फर्स्ट एड बॉक्स, न अग्निशमन यंत्र और न ही महिला परिचारिका की व्यवस्था। इसके बावजूद ये वाहन रोजाना सुबह और दोपहर स्कूलों के समय सड़कों पर बेखौफ दौड़ते नजर आते हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर परिवहन विभाग और यातायात पुलिस की



नजर इन ओवरलोड वाहनों पर क्यों नहीं पड़ती? कैराना रोड समेत जिले के कई मार्गों पर पहले भी क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाने के कारण गंभीर हादसे हो चुके हैं। कई बार वाहन अनियंत्रित होकर पलट चुके हैं और मासूम बच्चे घायल हुए हैं, लेकिन लगता है कि जिम्मेदार अधिकारियों ने उन हादसों से भी कोई सबक नहीं लिया। अब सवाल उठ रहा है कि क्या जिला परिवहन अधिकारी किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहे हैं? क्या प्रशासन तभी जागेगा जब किसी परिवार का चिराग बुझ जाएगा?

जनता का आरोप है कि जिले में डग्गामार वाहनों का पूरा सिंडिकेट सक्रिय है। बिना परमिट और बिना फिटनेस वाले वाहन खुलेआम बच्चों को ढो रहे हैं, लेकिन कार्रवाई के नाम पर केवल खानापूर्ति की जाती है। यदि परिवहन विभाग ईमानदारी से अभियान चलाए तो एक ही दिन में दर्जनों अवैध वाहन पकड़े जा सकते हैं, मगर विभागीय ढिलाई और लापरवाही के चलते यह खेल लगातार जारी है। परिवहन विभाग की निष्क्रियता अब लोगों के बीच चर्चा का विषय बन चुकी है। रोजाना मुख्य मार्गों से गुजरने वाले इन ओवरलोड वाहनों को देखकर ऐसा प्रतीत होता है मानो नियम केवल कागजों तक सीमित होकर रह गए हों। अभिभावकों का कहना है कि वे अपने बच्चों को शिक्षा के लिए स्कूल भेजते हैं, लेकिन रास्ते में ही उनकी जान जोखिम में डाल दी जाती है। अब जरूरत इस बात की है कि जिला प्रशासन और उच्च अधिकारी तत्काल संज्ञान लेते हुए डग्गामार और ओवरलोड स्कूली वाहनों के खिलाफ व्यापक अभियान चलाएं।

## महाराणा प्रताप जयंती निकली भव्य शोभायात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** नगर के बंदना गार्डन में महाराणा प्रताप जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में सर्व समाज के गणमान्य एवं सम्मानित व्यक्तियों ने भाग लेकर वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के जीवन, संघर्ष और राष्ट्रभक्ति पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन त्याग, स्वाभिमान और मातृभूमि की रक्षा का प्रतीक है जिनके आदर्श आज भी युवाओं को प्रेरणा देते हैं।

कार्यक्रम के दौरान मंच पर पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा एवं राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर पूरन सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख शेर सिंह राणा की मौजूदगी आकर्षण का केंद्र रही। तीनों नेताओं ने महाराणा



प्रताप की वीरता, संघर्ष और राष्ट्रप्रेम पर दमदार विचार रखते हुए युवाओं को समाज और राष्ट्रहित में कार्य करने की प्रेरणा दी। मंच पर उनके संबोधन के दौरान लोगों में भारी उत्साह देखने को मिला और पूरा पंडाल तालियों एवं जयघोषों से गूंज उठा। इसके पश्चात बंदना गार्डन से भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो टंकी चौक से होते हुए पंच तीर्थ मंदिर पर पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में सुंदर-सुंदर झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। ट्रैक्टर-ट्रॉलियों एवं डीजे पर महाराणा प्रताप से संबंधित देशभक्ति एवं भक्ति गीत बजाए गए जिन पर युवा और श्रद्धालु उत्साहपूर्वक झूमते नजर आए। पूरे नगर का वातावरण महाराणा प्रताप के जयघोषों से गूंज उठा। कार्यक्रम में अनिवेश पुंडीर, दिग्विजय एडवोकेट, अमित राणा, लवी राणा, रवि राणा, भरत राणा, शगुन राणा, शालू राणा, रामपाल डायरेक्टर, आनंद राणा भनेड़ा, लाल्ला ठाकुर, जयकुमार, संजय कश्यप, अमित मित्तल, सोनू राणा, रविंद्र गोयल, बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने महाराणा प्रताप के आदर्शों पर चलने और समाज में एकता बनाए रखने का संदेश दिया।

## नींबू के दामों में भारी उछाल

**शामली।** लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी का असर अब आम लोगों की जेब पर भी साफ दिखाई देने लगा है। गर्मी बढ़ने के साथ बाजार में नींबू और बर्फ की मांग तेजी से बढ़ गई है, जिसके चलते इनके दामों में भारी उछाल देखने को मिल रहा है। हालत यह है कि कुछ दिन पहले तक 80 रुपये किलो बिकने वाला नींबू अब 250 से 300 रुपये किलो तक पहुंच गया है। वहीं बर्फ की सिल्ली का दाम भी 150 रुपये से बढ़कर 200 रुपये हो गया है। गर्मी के मौसम में लोग राहत पाने के लिए नींबू पानी, शिकंजी और ठंडे पेय पदार्थों का अधिक सेवन कर रहे हैं। इसके अलावा शादी समारोहों, होटल-ढाबों और जूस की दुकानों पर भी नींबू की मांग काफी बढ़ गई है।

मांग बढ़ने के मुकाबले बाजार में नींबू की आवक कम होने के कारण कीमतों में अचानक तेजी आ गई है। दुकानदारों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों में तापमान लगातार बढ़ा है, जिससे नींबू और बर्फ की बिक्री में काफी इजाफा हुआ है। थोक मंडियों में नींबू की आपूर्ति कम हो रही है, जिसके कारण खुदरा बाजार में दाम तेजी से बढ़े हैं। वहीं बर्फ की मांग भी रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। लोग घरों, दुकानों और आयोजनों में अधिक मात्रा में बर्फ का उपयोग कर रहे हैं। गर्मी के कारण बढ़ी महंगाई से आम उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि गर्मी में नींबू और बर्फ जैसी जरूरी चीजों के दाम बढ़ने से घरेलू बजट प्रभावित हो रहा है। हालांकि व्यापारियों का मानना है कि यदि आने वाले दिनों में बाजार में नींबू की आवक बढ़ती है तो कीमतों में कुछ राहत मिल सकती है।

## रालोद की संगठनात्मक समीक्षा बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** राष्ट्रीय लोकदल की जनपद संगठनात्मक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रदेश संगठन महासचिव राजीव चौधरी, विधान परिषद सदस्य योगेश नौहवार, क्षेत्रीय अध्यक्ष तरसपाल मलिक मंडल अध्यक्ष प्रभात तोमर भी मौजूद रहे। बैठक में बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया।

बैठक में पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंच. ाने के लिए अभियान चलाने पर सहमति बनी। बैठक में मुख्य मुद्दों पर भी चर्चा की गयी जिसमें बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत एवं सक्रिय बनाने की रणनीति, प्रत्येक गांव एवं वार्ड में पार्टी की पहुंच बढाने, विधानसभा एवं मंडल स्तर पर कार्यकारिणियों की समीक्षा, संगठनात्मक गति. विधियों में युवाओं एवं नए कार्यकर्ताओं की भागीदारी बढाने पर चर्चा, किसानों, मजदूरों, युवाओं एवं गरीबों के मुद्दों को मजबूती से उठाने का संकल्प, पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए अभियान चलाने पर सहमति, सोशल मीडिया एवं जनसंपर्क अभियानों को और प्रभावी बनाने के सुझाव, गांव स्तर तक नियमित बैठकों एवं जनसंवाद कार्यक्रमों के आयोजन पर बल, संगठन में आपसी समन्वय एवं अनुशासन को मजबूत बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया गया। इस अवसर पर पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष योगेन्द्र चेयरमैन, थानाभवन विधायक अशरफ अली खान सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

## बावरिया कॉलोनी का दंगल बना आकर्षण का केंद्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिडौली।** बावरिया कॉलोनी में रविवार को आयोजित पारंपरिक दंगल प्रतियोगिता खेल प्रेमियों के लिए रोमांच और उत्साह से भरपूर रही। जयसिंह स्पोर्ट्स प्रशिक्षण केंद्र के तत्वावधान में हुए इस भव्य आयोजन में दूर-दराज क्षेत्रों से पहुंचे नामी और युवा पहलवानों ने अखाड़े में अपने दमदार दांव-पेच और शानदार फुर्ती का प्रदर्शन कर दर्शकों का दिल जीत लिया। अखाड़े में जैसे ही मुकाबले शुरू हुए, दर्शकों की तालियों और जयकारों से पूरा माहौल गूंज उठा। हर मुकाबले में पहलवानों ने जोरदार संघर्ष दिखाया, जिससे दर्शकों का उत्साह लगातार बढ़ता रहा। प्रतियोगिता का संचालन रेफरी जयसिंह ने निष्पक्षता और बेहतरीन अंदाज में किया। आयोजन में कई रोमांचक मुक. ाबले देखने को मिले, करनाल के पहलवान सुनील और बरनाउ के पहलवान आरिफ बीच हुआ मुक. ाबला सबसे ज्यादा चर्चा में रहा। दोनों पहलवानों के बीच लंबे समय तक कांटे की टक्कर चली, जिसमें अंततः बराबर का मुक. ाबला रहा।इसके अलावा पहलवान तालिब और आरिफ के बीच हुए मुकाबले ने भी दर्शकों को खूब रोमांचित किया। दोनों खिलाड़ियों ने बेहतरीन तकनीक और ताकत का प्रदर्शन कर अखाड़े में खूब वाहवाही बटोरी। फाइनल मुकाबले में सिंगरा के पहलवान समुन ओर करनाल के देव के बीच जबरदस्त संघर्ष देखने को मिला। हर दांव पर दर्शकों की सांसें थम गईं और अखाड़ा तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा। मुकाबले के अंत में विजेता पहलवान को सम्मानित कर



उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के समापन पर आयोजक जयसिंह, दर्शन सिंह, सुखवंत सिंह, रामकुमार, राजकुमार तथा प्रधान ओमबीर तोमर ने विजेता एवं उपविजेता पहलवानों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोगों ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। दंगल में पदम मेम्बर, राजकरण, दर्शनसिंह, महमूद, सूब. ेद्दीन मंगल सिंह, मानसिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और खेल प्रेमी मौजूद रहे। विशेष बात यह रही कि जयसिंह स्पोर्ट्स एकेडमी द्वारा युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से दंगल के साथ क्रिकेट, खो-खो, हाई जंप और लॉन्ग जंप अन्य खेल प्रतियोगिताएं आयोजित कराई गईं।

## मासूमों के हाथ में किताब नहीं, झाड़ू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गांव ताना स्थित जूनियर हाई स्कूल से शिक्षा व्यवस्था को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। जिस स्कूल को बच्चों के भविष्य निर्माण और शिक्षा का मंदिर कहा जाता है, वहीं मासूम बच्चों से पढ़ाई की जगह झाड़ू लगवाने और सफाई कार्य कराने के गंभीर आरोप लगे हैं। इतना ही नहीं, पढ़ाई की मांग करने पर बच्चों को धमकाने और अभिभावकों के साथ अभद्र व्यवहार करने का मामला भी अब चर्चा का विषय बन गया है। पूरे प्रकरण ने शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं।

गांव ताना निवासी कर्मवीर अपने पुत्र कृष्ण के साथ बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचे और स्कूल के प्रधानाध्यापक दुष्यंत पर गंभीर आरोप लगाए। कृष्ण, जो स्कूल में सातवीं कक्षा का छात्र है, ने बताया कि स्कूल में नियमित पढ़ाई नहीं होती। अध्यापक अधिकतर समय मोबाइल फोन पर व्यस्त रहते हैं और बच्चों को पढ़ाने के बजाय उनसे झाड़ू लगवाने तथा अन्य सफाई कार्य कराए जाते हैं। छात्र का कहना है कि जब बच्चे पढ़ाई की बात करते हैं तो उन्हें डांटकर चुप करा दिया जाता है। छात्र कृष्ण ने अपने पिता को जब स्कूल की वास्तविक स्थिति बताई तो कर्मवीर खुद स्कूल पहुंचे और प्रधानाध्यापक से अपने बेटे की टीसी (स्थानांतरण प्रमाण पत्र) और मार्कशीट मांगी। उनका कहना था कि यदि स्कूल में पढ़ाई नहीं हो रही तो वह अपने बच्चे का दाखिला किसी दूसरे स्कूल में करा देंगे ताकि उसका भविष्य बर्बाद न हो। पीड़ित कर्मवीर का कहना है कि जब उन्हें स्कूल स्तर पर न्याय नहीं मिला तो वह शिकायत लेकर बीएसए कार्यालय पहुंचे, लेकिन वहां भी उनकी सुनवाई नहीं हुई। आरोप है कि बीएसए अधिकारी से मिलने तक नहीं दिया गया और कर्मचारियों ने उन्हें खंड शिक्षा अधिकारी विकास कुमार के पास भेज दिया। इससे साफ जाहिर होता है कि शिक्षा विभाग के अधिकारी शिकायतों को गंभीरता से लेने के बजाय एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालकर मामले को दबाने का प्रयास कर रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर सरकारी स्कूलों में शिक्षा के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद बच्चों को मूलभूत शिक्षा तक क्यों नहीं मिल पा रही? एक ओर मुख्यमंत्री शिक्षा व्यवस्था सुधारने के



दावे कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर गांवों के स्कूलों में बच्चों का भविष्य अंधकार में धकेला जा रहा है। यदि छात्र के आरोप सही हैं तो यह केवल एक स्कूल का मामला नहीं, बल्कि पूरे शिक्षा तंत्र पर गंभीर धब्बा है। अब देखना यह होगा कि शिक्षा विभाग इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई करता है या फिर यह शिकायत भी फाइलों में दबकर रह जाएगी।

## महिलाओं को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद में मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत चलाए जा रहे जागरूकता अभियान को लेकर जनपद पुलिस अलग-अलग स्थानों पर महिलाओं, युवतियों व छात्राओं को जागरूक कर रही है। रविवार को जनपद पुलिस द्वारा विभिन्न स्थानों पर महिलाओं, युवतियों व छात्राओं को सरकार की योजनाओं एवं हेल्पलाइनों को लेकर जागरूक किया। पुलिस टीम ने हेल्पलाइनों 1090, 181, 1076, 112, 1930, 108, 102, 1098 आदि हेल्पलाइनों के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी महिला, युवती व छात्रा को कोई परेशानी है तो वे इन हेल्पलाइनों पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकती हैं, शिकायत पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। टीम ने बताया कि सरकार महिलाओं व बालिकाओं के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं भी चला रही है।

## रेत खनन पट्टे पर दबंगों का धावा, फायरिंग

☐ पैसे मांगने पर लाठी-डंडे और तमंचे लेकर पहुंचे 20 से अधिक लोग, दो कर्मचारी घायल।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना** क्षेत्र के गांव खुरगान स्थित रेत खनन पट्टे पर शनिवार सुबह दबंगों द्वारा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि रेत के पैसे मांगने पर कई लोग हथियारों से लैस होकर खान पर पहुंच गए और वहां मौजूद कर्मचारियों के साथ मारपीट कर फायरिंग करते हुए जान से मारने की धमकी दी। हमले में दो कर्मचारी घायल हो गए। पीड़ित ने करीब 20 लोगों के खिलाफ कैराना कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

आर्या लॉजिस्टिक कंपनी में कार्यरत गौतम सिंह पुत्र राजबीर सिंह निवासी ग्राम अथाई जनपद मुंगेर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि कंपनी को गांव इस्सोपुर खुरगान में रेत खनन का पट्टा आवंटित है। खान की देखरेख और संचालन की जिम्मेदारी उसके पास है। शनिवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे गांव खुरगान निवासी आजम पुत्र बासा और तसव्वर पुत्र अख्तर ट्रक संख्या एच् आर 58 ई 9341 लेकर खान पर पहुंचे और रेत भरवाई। जब उनसे रेत का भुगतान मांगा गया तो दोनों ने खुद को गांव का निवासी बताते हुए कहा कि उनकी गाड़ियों से कोई भी पैसे नहीं ले सकता। आरोप है कि बिना भुगतान के गाड़ी भेजने से मना करने पर दोनों आरोपी गाली-गलौज करने लगे और धमकी देते हुए गांव से अपने अन्य साथियों को बुला लिया। कुछ देर बाद मुबारिक पुत्र इरशाद, माहिर पुत्र शौकत, आजम पुत्र सालिम, आवेश पुत्र इकराम, आस मोहम्मद पुत्र महबूब, सादिक पुत्र इरशाद, रिजवान पुत्र जमशेद समेत करीब 12 अन्य लोग सफेद स्कॉर्पियो और मोटरसाइकिलों पर सवार होकर खान पर पहुंचे। आरो. पियों के हाथों में लाठी-डंडे, धारदार हथियार और तमंचे बताए गए हैं। पीड़ित का आरोप है कि सभी आरोपियों ने खान पर पहुंचते ही उस पर और कर्मचारी फरमान पर जानलेवा हमला कर दिया। मारपीट में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। शोर-शराबा सुनकर खान पर मौजूद अन्य कर्मचारी मौके पर पहुंचे और किसी तरह बीच-बचाव कर दोनों को बचाया। तहरीर में यह भी आरोप लगाया गया है कि जाते समय आरोपी तमंचों से फायरिंग करते हुए धमकी देकर गए कि यदि खनन कार्य चलाना है तो उनकी गाड़ियों से कोई पैसा नहीं लिया जाएगा। विरोध करने पर खान बंद कर रेत में गाड़ देने की धमकी भी दी गई। घटना के बाद खनन क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## गर्मी से बचाव को गौशालाओं में किए गए विशेष इंतजाम

**शामली।** जिले में बढ़ती गर्मी को देखते हुए जिलाधिकारी आलोक कुमार यादव ने सभी गौशालाओं में गौवंशों की समुचित देखभाल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने गौवंशों के लिए छांव, स्वच्छ पेयजल और हरे चारे की पर्याप्त व्यवस्था बनाए रखने पर जोर दिया। इसी क्रम में कस्बा बनत स्थित वृहद गौशाला में गर्मी से राहत दिलाने के लिए विशेष इंतजाम किए गए। गौशाला संचालकों ने गौवंशों को लू और तेज धूप से बचाने के लिए पर्दे और पंखों की व्यवस्था कराई। साथ ही गौवंशों पर ठंडे पानी का छिड़काव भी कराया गया। पीने के लिए ठंडे पानी की समुचित व्यवस्था की गई, जिससे गौवंशों को गर्मी से राहत मिल सके। इस दौरान दिनेश कुमार और दिपेन्द्र कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## एक नजर......

### कच्ची शराब सहित तस्कर दबोचा

**कैराना।** पुलिस के अनुसार, उपनिरीक्षक राजकुमार शनिवार शाम हमराह पुलिसकर्मियों के साथ क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने, संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग, गश्त तथा वांछित अभियुक्तों की तलाश में निकले थे। इसी दौरान पुलिस टीम अलीपुर रोड स्थित विजय पथिक डिग्री कॉलेज के पीछे पहुंची तो एक युवक हाथ में प्लास्टिक की जरीकैन लिए आता दिखाई दिया। पुलिस ने युवक को रुकने का इशारा किया, लेकिन वह पुलिस को देखकर तेजी से कच्चे रास्ते की ओर बढ़ने लगा। संदेह होने पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अभिषेक पुत्र सुभाष निवासी मोहल्ला आलकला, वार्ड नंबर-दो, थाना कैराना बताया। तलाशी लेने पर युवक के कब्जे से पांच लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह शराब का कुछ हिस्सा स्वयं पीता है और बाकी राह चलते लोगों को बेच देता है, जिससे उसके परिवार का खर्च चलता है। पुलिस ने मौके पर शराब की जांच की तो उसमें कच्ची शराब होने की पुष्टि हुई। बरामद शराब में से एक लीटर नमूने के तौर पर अलग कर सील किया गया, जबकि शेष चार लीटर शराब को भी सील कर कब्जे में ले लिया गया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने गिरफ्तारी और बरामदगी की वीडियोग्राफी भी कराई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 60(1) आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### यातायात पुलिस ने जिले में चलाया चेकिंग अभियान

**शामली।** यातायात पुलिस द्वारा रविवार को शहर में यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया। अभियान के दौरान पुलिस ने बिना हेलमेट लगाए वाहन चलाने वालों को कडी फटकार लगायी तथा हेलमेट व सीट बैल्ट लगाने के लिए लोगों को प्रेरित किया। पुलिस ने चेतावनी भी दी कि हेलमेट न लगाने वालों को पेट्रोल नहीं मिलेगा। अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 357 वाहनों के चालान किए गए, जिनमें 299 चालान बिना हेलमेट वाहन चलाने पर किए गए। एसपी के निर्देश पर शामली जनपद में नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत रविवार को भी यातायात प्रभारी निधि चौधरी के नेतृत्व में शहर में कई जगह चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस टीम ने बनत चौराहा, कैराना बस अढा, विजय चौक, फव्वारा चौक, धीमानपुरा फाटक, शिव चौक, अंजता चौक, रोडवेज बस अड्डा सहित अन्य मुख्य चौराहों पर विशेष सड़क सुरक्षा जन-जागरूकता अभियान चलाकर दोपहिया वाहन चाल. कों, पेट्रोल पंप संचालकों, वाहन स्वामियों व आम लोगों को हेलमेट के अनिवार्य प्रयोग, यातायात नियमों का कडाई से पालन तथा सडक सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। यातायात प्रभारी निधि चौधरी ने कहा कि हेलमेट न लगाना दुर्घटनाओं में होने वाली मौत एवं गंभीर चोट का प्रमुख कारण है इसलिए वाहन चलाते समय हेलमेट व सीट बैल्ट जरूर लगाएं। उन्होंने चेतावनी भी दी कि हेलमेट न लगाने वालों को पेट्रोल भी नहीं दिया जाएगा। इस दौरान पुलिस ने बिना हेलमेट लगाकर दुपहिया वाहन चलाने वालों को भी कडी फटकार लगायी तथा सख्त कार्रवाई की चेता. वनी दी। अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 357 वाहनों के चालान किए गए, जिनमें 299 चालान बिना हेलमेट वाहन चलाने पर किए गए।

### मरम्मत के दौरान लाइन में दौड़ा करंट, लाइनमैन झुलसा

**कैराना।** रविवार सुबह विद्युत विभाग में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब हाईलाइन पर मरम्मत कार्य कर रहा एक लाइनमैन अचानक करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। लाइनमैन उस्मान सुबह विद्युत लाइन पर मरम्मत कार्य कर रहा था। बताया जा रहा है कि कार्य के दौरान अचानक लाइन में करंट दौड़ गया, जिसकी चपेट में आने से वह गंभीर रूप से झुलस गया। हादसा होते ही मौके पर मौजूद कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। सहकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए घायल लाइनमैन को तुरंत नीचे उतारा और आनन-फानन में सीएचसी पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी हालत नाजुक बताते हुए बेहतर इलाज के लिए पानीपत रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों में चिंता का माहौल बन गया। विभागीय कर्मचारियों ने हादसे पर दुख जताते हुए उस्मान के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। वहीं, विभागीय स्तर पर यह भी जांच की जा रही है कि मरम्मत कार्य के दौरान लाइन में करंट कैसे आया और सुरक्षा मानकों में कहीं लापरवाही तो नहीं हुई।




### अंतर्राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में हिमांशी ने जीते गोल्ड और सिल्वर मेडल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** द न्यू हाइट्स एकेडमी की छात्रा हिमांशी ने नई दिल्ली में आयोजित इंडिया ओपन इंटरनेशनल कराटे चौंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर कैराना का नाम अंतरराष्ट्रीय मंच पर रोशन किया है। छात्रा ने जूनियर वर्ग में कराटे काता प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक तथा कराटे फाइट में रजत पदक जीतकर विद्यालय और क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। नई दिल्ली के प्रतिष्ठित तालकटोरा इंडोर स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता के पहले दिन ही द न्यू हाइट्स एकेडमी की कराटे अकादमी के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार पिछले दो वर्षों से स्कूल में कराटे प्रशिक्षण दिया जा रहा है और अब उसके सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि पहले ही वर्ष में खिलाड़ियों की इस उपलब्धि ने यह साबित कर दिया है कि छोटे शहरों की प्रतिभाओं को यदि सही मंच और बेहतर मार्गदर्शन मिले तो वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी अलग पहचान बना सकती हैं। विद्यालय प्रबंधन का कहना है कि द न्यू हाइट्स एकेडमी अब केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि खेल, अनुशासन, आत्मविश्वास और नई उपलब्धियों का प्रतीक बनकर उभर रहा है। विद्यालय बच्चों को बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने के लिए प्रेरित कर रहा है। इस ऐतिहा. सिक उपलब्धि पर छात्रा हिमांशी, कराटे प्रशिक्षकों, अभिभावकों और पूरे विद्यालय परिवार को बधाई दी गई। विद्यालय से जुड़े ओमप्रकाश सिंह ने बच्चों की सफलता पर गर्व जताते हुए कहा कि यह तो केवल शुरुआत है, आने वाले समय में कैराना के खिलाड़ी देश और दुनिया में और बड़ी उपलब्धियां हासिल करेंगे।

**सूचना**

**दैनिक शाहटाइम्स में जनपद शामली के कस्बा कांधला, ऊन, झिंझाना, जलालाबाद, गढ़ीपुख्ता, बनत व एलम में संवाददाताओं की आवश्यकता है। अनुभवी व्यक्ति को वरीयता दी जाएगी।**

**शामली जनपद में समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें**

**सुनील वर्मा**

**( जिला प्रभारी/ब्यूरो चीफ )**

**मो. 8630354443, 9897943340**

**कार्यालय पता:- ओम प्लाजा मार्केटऊपरी मंजिल, निकट इलाहाबाद बैंक, धीमानपुरा, शामली**

# 71 अनुदेशकों को प्रदेश सरकार की सौगात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद शामली के जूनियर विद्यालयों में कार्यरत 71 अंशकालिक अनुदेशकों के लिए प्रदेश सरकार की ओर से बड़ी सौगात दी गई है। अब इन अनुदेशकों को अप्रैल 2026 से प्रतिमाह 17,000 मानदेय प्राप्त होगा। इस अवसर पर जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर शामली में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बढ़े हुए मानदेय के डमी चेक वितरित किए गए।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री, संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास विभाग जसवंत सिंह सैनी उपस्थित रहे। उनके साथ एमएलसी वीरेन्द्र सिंह, एमएलसी मोहित बेनीवाल, सदर विधायक प्रसन्न कुमार, थानाभवन विधायक अशरफ अली खान, जिलाधिकारी आलोक यादव, पीडी डीआरडीए प्रेमचंद तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लता राठौर मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान लखनऊ स्थित लोकभवन से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा अनुदेशकों के मानदेय वृद्धि कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में अनुदेशकों के हित में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों एवं अनुदेशकों ने लाइव प्रसारण के माध्यम से मुख्यमंत्री का प्रेरणादायी संबोधन सुना। माद्य राज्य मंत्री जसवंत सिंह सैनी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि सरकार ने अनुदेशकों का मानदेय 9,000 से बढ़ाकर 17,000 कर दिया है। साथ ही अनुदेशकों को 5 लाख तक की नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा तथा महिला अंशकालिक अनुदेशकों को 6 माह का मातृत्व अवकाश देने का भी निर्णय लिया गया है। उन्होंने सभी अनुदेशकों को शुभकामनाएं देते हुए विद्यालयों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने और अधिक मेहनत से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य प्रमोद सैनी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष दामोदर सैनी, खंड शिक्षा अधिकारी विकास कुमार, सविता डबराल, जिला समन्वयक जितेंद्र कुमार, अंजू चौहान, एसआरजी-एआरपी टीम, कर्मचारीगण एवं जनपद के समस्त अंशकालिक अनुदेशक उपस्थित रहे।

## शनि जयंती महोत्सव मनाया

शामली। नगर मोहल्ला पंसारियान स्थित शनि मंदिर में शनि जयंती बडे ही धूमधाम एवं भक्ति भावना के साथ मनाई गई। मंदिर के पुजारी संदीप शर्मा ने विधि विधान से पूजा अर्चना संपन्न कराई, जिसमें यजमान विधायक प्रसन्न चौधरी, चेयरमैन अरविन्द संगल, रालोद प्रदेश महासचिव विजय कौशिक, सभासद देवानंद गौड रहे। पूजा अर्चना के बाद महाआरती की गई, जिसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में शहर तथा आसपास क्षेत्र से पधारे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ उठाया। इस अवसर पर सभासद संदीप कुमार, नीरज संगल, मुकेश गोयल, वाशुदेव गौड, विशाल निर्वाल मौजूद रहे।

## बच्चा श्मशान भूमि पर पिलर निर्माण कार्य शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र के गांव हसनपुर लुहारी में बच्चा श्मशान भूमि की सुरक्षा और सीमांकन को लेकर लंबे समय से चली आ रही मांग अब पूरी होती दिखाई दे रही है। ग्राम पंचायत द्वारा करीब चार महीने बाद बच्चा श्मशान भूमि पर पिलर लगाने का कार्य शुरू करा दिया गया है। निर्माण कार्य शुरू होने से ग्रामीणों में खुशी और संतोष का माहौल है

गांव में लगभग 14 बीघा भूमि बच्चा श्मशान के रूप में दर्ज है। लंबे समय से इस भूमि पर सीमांकन और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग उठाई जा रही थी। ग्रामीणों का कहना था कि भूमि की स्पष्ट पहचान न होने के कारण भविष्य में अतिक्रमण और विवाद की आशंका बनी रहती थी। इस संबंध में कई बार ग्राम पंचायत से मांग की गई थी। बताया गया है कि करीब चार महीने पहले ग्राम पंचायत और लेखपाल की मौजूदगी में श्मशान भूमि की नपाई कर सीमांकन का कार्य पूरा किया गया था। इसके बाद से ग्रामीण पिलर लगाए जाने का इंतजार कर रहे थे। अब ग्राम पंचायत की ओर से श्मशान भूमि के चारों ओर पिलर लगाने का कार्य शुरू करा दिया गया है। मजदूरों द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा है और सीमाओं को चिन्हित किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पिलर लगने से श्मशान भूमि की सीमाएं स्पष्ट हो जाएंगी तथा भविष्य में किसी प्रकार के अवैध कब्जे या भूमि विवाद की संभावना कम हो जाएगी।

साथ ही श्मशान भूमि सुरक्षित रहने से गांव के लोगों को भी सुविधा मिलेगी। गांव के कई लोगों ने ग्राम पंचायत के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्य काफी समय पहले हो जाना चाहिए था। हालांकि अब निर्माण कार्य शुरू होने से लोगों को राहत मिली है। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि कार्य को जल्द पूरा कराया जाएगा ताकि श्मशान भूमि पूरी तरह सुरक्षित हो सके। ग्राम प्रधान रजिया कुरैशी ने बताया कि चार महीने पहले बच्चा श्मशान भूमि का सीमांकन लेखपाल द्वारा कराया गया था। रविवार से वहां पिलर लगाने का कार्य शुरू करा दिया गया है और जल्द ही पूरा कार्य संपन्न करा दिया जाएगा।

## बंद मकान से लाखों का सामान हुआ चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** गांव मलकपुर निवासी शकील पुत्र हासिम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह ईंट भट्ठे पर ईंट पाथने का काम करता है। रोजगार के सिलसिले में वह सात नवंबर 2025 को जिला सहारनपुर स्थित एक ईंट भट्ठे पर काम करने चला गया था। इस दौरान उसका मकान बंद पड़ा हुआ था। हालांकि वह बीच-बीच में चार-पांच बार अपने घर आता रहा। पीड़ित के अनुसार, 13 मई की रात उसके मकान का ताला तोड़कर चोर घर में घुस गए और घर में रखे कीमती जेवर चोरी कर ले गए।

चोरी हुए सामान में पैरों की चांदी की पाजेब, हाथ के चांदी के कड़े, हाथ का पचांगला, गले का चांदी का हार और सोने के एक जोड़ी कुंडल शामिल हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिवार में हड़कंप मच गया। शकील ने बताया कि उसके मकान पर सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। चोरी के बाद उसने कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसमें गांव गंदराऊ निवासी जुबेर हसन पुत्र रकीबू और शमसाद पुत्र इनाम संदिग्ध रूप से दिखाई दिए। इसके बाद उसने दोनों युवकों पर चोरी करने का आरोप लगाते हुए कैराना कोतवाली पहुंचकर नामजद तहरीर दी। पीड़ित ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं, पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# दल-बदल कानून को लेकर किया मंथन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** क्रांतिकारी नागरिक दल की बैठक में वर्तमान राजनीतिक व्यवस्था, दल-बदल कानून और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि अप्रभावी दल-बदल कानून के कारण राजनीति में भ्रष्टाचार, अनैतिकता और धनबल को बढ़ावा मिल रहा है।



रविवार को शहर के हनुमान धाम पर आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए अशोक कुमार ने कहा गया कि वर्तमान समय में सांसदों और विधायकों के दल बदलने की घटनाएं कानून की खामियों को उजागर करती हैं। दो-तिहाई सदस्यों के नियम का दुरुपयोग किया जा रहा है, जिससे जनता का लोकतांत्रिक व्यवस्था पर विश्वास प्रभावित हो रहा है। वक्ताओं ने कहा कि पहले दल-बदल को अंतरात्मा की आवाज से जोड़ा जाता था, लेकिन अब जनता के लिए वास्तविक और स्वार्थपूर्ण निर्णयों में अंतर कर पाना कठिन हो गया है। बैठक में मांग की गई कि दल बदल करने वाले जनप्रतिनिधियों को दोबारा जनता के बीच जाकर जनादेश प्राप्त करना चाहिए। साथ ही ऐसे सदस्यों को वेतन, भत्ते और पेंशन जैसी सुविधाओं से वंचित किए जाने की भी मांग उठाई गई। वक्ताओं ने भ्रष्टाचार को समाज की सबसे बड़ी समस्या बताते हुए कहा कि इसने विभिन्न संस्थाओं में सदाचार को समाप्त कर दिया है तथा गरीबी और कुपोषण जैसी समस्याओं को बढ़ावा दिया है। भ्रष्टाचार समाप्त करने के लिए व्यापक स्तर पर जनजागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया गया। बैठक में आरक्षण, यूजीसी कानून, एससी-एसटी एक्ट तथा अल्पसंख्यक-बहुसंख्यक जैसी व्यवस्थाओं एवं अवधारणाओं पर भी चर्चा करते हुए समानता आधारित व्यवस्था लागू करने की आवश्यकता बताई गई। इस अवसर पर विनोद अत्री, सुरेन्द्र कुमार जैन, अशोक वशिष्ठ, सत्यप्रकाश, विनीत गोयल, मनोज पंवार आदि मौजूद रहे।

## सरस्वती में शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी का आयोजन

**शामली।** शहर के सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज में रविवार को कक्षा-12 के विद्यार्थियों के लिए शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधक सुमीत कुमार ने की, जबकि संचालन संजू कुमार ने किया।गोष्ठी को संबोधित करते हुए अंग्रेजी प्रवक्ता पुष्पेन्द्र कुमार ने कहा कि छात्रों के सर्वांगीण विकास में अभिभावक, शिक्षक और छात्र तीनों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि यदि तीनों मिलकर योजनाबद्ध तरीके से कार्य करें तो छात्रों में सकारात्मक परिवर्तन संभव है। उन्होंने विद्यार्थियों की दिनचर्या, खान-पान, ऋतु के अनुसार वेशभूषा और स्वाध्याय पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई। अभिभावक रविकान्त, ओमवीर, हिमांशु, करूणकान्त और गुडिया ने भी अपने विचार व्यक्त किए तथा छात्रों की समस्याओं और विद्यालय प्रबंधन के सहयोग पर चर्चा की। मौके पर प्रधानाचार्य आनन्द प्रसाद शर्मा, मलूक चन्द, अंकुर कुमार, ब्रजपाल सिंह, ललित कुमार, नीटू कुमार, सोमदत्त आर्य, मधुबन, परितोष और सुखदेव मौजूद रहे।

## जलभराव व गंदगी से जनता परेशान

**शामली।** कैराना रोड स्थित सलेक विहार के निकट पिछले लंबे समय से जल निकासी प्रभावित होने पर जलभराव की समस्या बनी हुई है। जिससे दुकानों के बाहर बिन बरसात के ही जलभराव हो रहा है। नालियों की साफ सफाई न होने से गंदगी के ढेर लगे है और लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा है।

स्थानीय निवासी जाकिर, महबूब राणा, मुकेश कुमार, राहुल कुमार आदि ने बताया कि नगर पालिका द्वारा नाले और नालियों की लंबे समय से साफ साफाई नही कराई गई है। आगे से कुछ लोगों ने नाले पर अतिक्रमण कर लिया है, जिससे जल निकासी पूरी तरह से प्रभावित हो रही है। बरसात के दिनों में तो यहां निकलने तक का रास्ता नही मिल पाता है। कई बार नगर पालिका को शिकायत की जा चुकी है, लेकिन चेयरमैन द्वारा कोई कार्यवाही नही की जा रही है। उन्होने बताया कि नगर पालिका कर्मियों ने नाले से कूडा निकालकर दुकानों के बाहर डाल दिया है, जिसको उठाया भी नही गया है। अब दुकानदारी करना भी मुश्किल हो रहा है। उन्होने जिला प्रशासन से मामले में संज्ञान लेकर कार्यवाही कराने की मांग की है।

## नशे के खिलाफ जनपद पुलिस ने चलाया अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार को आदर्श मंडी पुलिस द्वारा शहर के टंकी रोड पर जन जागरूकता अभियान चलाया। पुलिस ने युवाओं को नशे से होने वाले दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए उन्हें खेलकूद, शिक्षा एवं रचनात्मक गतिविधियों की ओर ध्यान देने के लिए प्रेरित किया, साथ ही अभिभावकों को भी बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान देने व उन्हें सही मार्गदर्शन देने की सलाह दी गयी। पुलिस टीम ने कहा कि नशा व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित करता है, उन्होंने युवाओं से आहवान किया कि वे नशे से दूर रहें।

# प्राइवेट बस संचालकों का हड़ताल कर, प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** प्राइवेट बस चालकों ने नेता पर टेंपो चालकों को संरक्षण देने तथा बस चालक-परिचालकों के साथ मारपीट कराने का आरोप लगाते हुए रविवार को जमकर हंगामा किया। बस यूनियन के आहवान पर प्राइवेट बस संचालकों ने बसों का संचालन बंद कर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। साथ ही टेंपो संचालन पर नियम लागू न होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी।

यूनियन के पदाधिकारियों बताया गया कि कैराना रोड पर टेंपो चालकों द्वारा प्राइवेट बसों एवं मुख्यमंत्री ग्राम योजना के तहत संचालित बसों के आगे वाहन खड़े कर सवारियां भरी जा रही थीं।



इसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया। जिसके चलते बसों में सवारियां नहीं बैठने दी जा रही हैं और बस संचालकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। रविवार को बस यूनियन के पदाधिकारी जितेंद्र कुमार और योगेंद्र सिंह ने कहा कि टेंपो चालकों के लिए नगर पालिका क्षेत्र के भीतर ही संचालन का नियम है, लेकिन इसके बावजूद टेंपो कैराना, झिंझाना और बिडौली तक दौड़ रहे हैं। इससे जहां सड़क हादसों की आशंका बढ़ रही है, वहीं प्राइवेट बस संचालकों का व्यवसाय भी प्रभावित हो रहा है। बस संचालकों ने मांग की कि टेंपो वाहनों का रूट निर्धारित किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक नियमों के अनुसार टेंपो संचालन सुनिश्चित नहीं किया जाएगा, तब तक बसों का संचालन बंद रखा जाएगा। धरना प्रदर्शन के दौरान जितेंद्र कुमार प्रधान, मुख्यमंत्री बस योजना अध्यक्ष योगेंद्र पंवार, शमीम, फरमान, खुर्शीद, बृजपाल, सुरेश, राज सिंह, अरविंद कुमार, मनोज कुमार, नौशाद, विक्रम, अनिल, लोकेंद्र, पुष्पेंद्र, सलमान, चंद्रपाल, युसुफ और तेजपाल सहित अनेक बस संचालक मौजूद रहे।

### बसों का संचालन बंद होने से यात्री परेशान

**शामली।** प्राइवेट बसों की हड़ताल के कारण शामली-कैराना, शामली-बिडौली और शामली-ऊन मार्ग पर बसों का संचालन प्रभावित रहा। इससे गांव देहात जाने वाले यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बस स्टैंड पर बड़ी संख्या में यात्री बसों के चलने का इंतजार करते रहे, लेकिन देर रात तक बस सेवा शुरू नहीं होने पर लोगों को अन्य निजी वाहनों का सहारा लेकर अपने गंतव्य तक जाना पड़ा।

# झगड़े के दौरान सिर में चोट लगने से व्यक्ति की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** संदिग्ध परिस्थितियों में एक व्यक्ति की मौत हो गई। उसके सिर में गंभीर चोट लगी थी। यह हादसा है या फिर हत्या इसको लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। क्योंकि गांव में चर्चा है कि परिवार में हुए झगड़े के दौरान उसके सिर में चोट लगी। जिसके कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई।


मानकी गांव निवासी 40 वर्षीय लयाकत को परिवार के लोग गंभीर घायलावस्था में मुजफ्फरनगर लेकर जा रहे थे। बताया गया है कि वहां पहुंचने से पहले ही रास्ते में उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों की माने तो इस दौरान मृतक के सालियर भगवानपुर निवासी साले भी गांव पहुंच गए। जिन्होंने बहनोई की हत्या करने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। बाद में पुलिस मौके पर पहुंची ओर शव को कब्जे में ले लिया। रविवार को लियाकत के शव को सुपुर्द-ए-खाक किया गया। पुलिस अधिकारियों के बयानों में भी विरोधाभास सामने आया। एक अधिकारी का कहना है कि मृतक की पत्नी ने लिखकर दिया है कि बाइक से गिरने के कारण सिर में चोट लगने से उसकी मौत हुई है। जबकि एक अधिकारी का कहना है कि लड़ाई के दौरान चोट लगी। गांव के जनप्रतिनिधि ने भी बच्चों की कहासुनी में परिवार में हुई लड़ाई के दौरान चोट लगने ओर उपचार को लेकर जाने के दौरान लियाकत की मौत होना बताया है। यह हादसा है या हत्या इसका खुलासा मामले की जांच के बाद ही हो पाएगा। पुलिस जांच में जुट गई है।

# मुसलमान न कभी झुका है और न ही कभी झुकेगा: मदनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** जमीयत उलमा ए हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी का हालिया बयान चर्चा में है। यह बयान उन्होंने जमीयत के दिल्ली स्थित मुख्यालय पर हुए अधिवेशन में दिया। इस बयान में मदनी ने जहां सरकार पर तीखे तंज कसे वहीं, उन्होंने कहा कि सांप्रदायिक ताकतें मुसलमानों को निशाना बना रही है, लेकिन यह अच्छी तरह जान लेना चाहिए कि मुसलमान न कभी झुका है और न ही कभी झुकेगा। इस बयान पर बजरंग दल ने तीखी प्रतिक्रिया दी है।

जमीयत उलमा ए हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि कुछ लोग देश के अमन, एकता और भाईचारे के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। हालात इतने विस्फोटक हैं कि हर तरफ जहर उगला जा रहा है, मुसलमानों को अपमानित किया जा रहा है लेकिन कानून के रखवाले मूकदर्शक बने हैं।



मदनी ने कहा कि पश्चिम बंगाल और असम में हुए विधानसभा चुनाव में खुलेआम आचार संहिता की धज्जियां उड़ाई गईं।

मुसलमानों को सार्वजनिक रूप से धमकियां दी गईं। कहा कि देश को योजनाबद्ध तरीके से एक वैचारिक राष्ट्र में बदलने की कोशिश की जा रही है। वंदे मातरम् जैसे विवादित गीत को राष्ट्रीय गीत घोषित किया गया है और भाजपा शासित राज्यों में इसे अनिवार्य भी किया जा रहा है। दूसरी ओर मस्जिदों, मकबरों और मदरसों को अवैध बताकर गिराया जा रहा है। कुछ लोग समझते हैं कि वह धमकियों और सत्ता के बल पर मुसलमानों को डरा देंगे और मुसलमान उनकी शर्तों पर जीना स्वीकार कर लेंगे, तो यह उनकी गलतफहमी है।

मदनी ने कहा कि भय की राजनीति को अपना तरीका बनाने वाले शासकों को यह समझना चाहिए कि सरकारें डर से नहीं बल्कि न्याय और इंसाफ से चलती हैं। इस प्रकार की नई राजनीति कानून और संविधान की सर्वोच्चता पर गंभीर प्रश्न चिह्न है। संविधान की शपथ लेकर सत्ता की कुर्सी पर बैठने वालों को देश के हर नागरिक के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करनी चाहिए।

## मदनी का बयान भडकाऊ, देश संविधान से ही चलेगा : विकास त्यागी



देवबंद : बजरंग दल के पूर्व प्रांत संयोजक विकास त्यागी ने जमीयत प्रमुख मौलाना अरशद मदनी के इस बयान को भडकाऊ बताया है। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान भडकाऊ बयानों से नहीं बल्कि संविधान और कानून से चलेगा। कहा कि मदनी भडकाऊ बयानबाजी कर देश के मुसलमानों को समाज की मुख्य धारा से अलग-थलग कर टकराव पैदा करने का प्रयास कर रहे हैं। भारत का संविधान देश के प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार और सुरक्षा देता है। त्यागी ने कहा कि अधिकारों की आड़ में किसी भी प्रकार की मजहबी कट्टरता, तुष्टिकरण या भडकाऊ बयानबाजी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि कोई नेता या संगठन ऐसी भडकाऊ बयानबाजी कर देश की कानून व्यवस्था को झुका देगा तो यह उसकी सबसे बड़ी भूल है, क्योंकि तुष्टिकरण का दौर अब देश से पूरी तरह समाप्त हो चुका है।

## जेडी ने भंग की केएल जनता इंटर कॉलेज की प्रबंध समिति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** केएल जनता इंटर कॉलेज प्रबंध समिति विवाद में संयुक्त शिक्षा निदेशक ने चुनाव को अवैध और विधि विरुद्ध मानते हुए प्रबंध समिति को भंग करने के आदेश दिए हैं साथ ही एक माह के भीतर जिला विद्यालय निरीक्षक को समिति के नए चुनाव कराने के लिए निर्देशित किया है। केएल जनता इंटर कॉलेज प्रबंध समिति के गत 20 जून 2025 हुए चुनाव में दीपक राज सिंघल तीसरी बार विद्यालय समिति के प्रबंधक निर्वाचित हुए थे। जिसके बाद समिति के आजीवन सदस्य सुधीर कुमार त्यागी ने दीपक राज सिंघल पर संस्था की नियमावली में नियम विरुद्ध परिवर्तन कर एवं अवैध व फर्जी प्रस्तावों और साधारण सभा के सदस्यों के जाली हस्ताक्षर कर चुनाव जीतने का आरोप लगाकरशिकायत संयुक्त शिक्षा निदेशक को की थी।

# माताओं को प्रतीक चिन्ह देकर किया अभिनंदन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** सर्वोदय ज्ञान पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों की माताओं के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें माताओं ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्साह से भाग लिया। माताओं को प्रतीक चिन्ह देकर अभिनंदन किया गया।

सर्वोदय ज्ञान पब्लिक स्कूल प्रांगण में विद्यार्थियों की माताओं के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ महिला आयोग उत्तर प्रदेश की सदस्य सपना कश्यप व विद्यालय की उप-प्रबंधक अनिता सैनी ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि मां इस दुनिया में कुदरत का अमूल्य उपहार है। जो अनेक कष्ट सहकर भी अपने बच्चों को खुशी प्रदान करती है। मां के बलिदान का ऋण जन्मों तक नहीं चुकाया नहीं जा सकता है। इस बीच माताओं के मध्य लेमन रेस, काइन रेस, म्यूजिकल चेयर आदि प्रतियोगिताएं कराई गईं, जिसमें माताओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। छात्रों ने लघु नाटक, गीत व नृत्य के माध्यम से मां के महत्व को दर्शाया। संचालन वंदना ध्रुव ने किया। सुनीता चौधरी, सुनिता तोमर, सपना गुप्ता, रेशू त्यागी, इल्मा अंसारी आदि बच्चों की माताएं शामिल रहीं।



# अनुसूचित जाति की तहरीर पर 25 लोगो पर प्राथमिकी दर्ज

**देवबन्द।** लालवाला गांव में भूमि स्वामित्व को लेकर हुए विवाद में पुलिस ने नौ दिन बाद अनुसूचित जाति की और से प्राथमिकी दर्ज की है। इसमें दस नामजद सहित 25 को आरोपी बनाया गया है। अनुसूचित जाति के नीरज की ओर से पुलिस को दी गई तहरीर में बताया गया कि तहेरा भाई नरेश चक संख्या 2125 पर काबिज चला आ रहा है। आरोप है कि गांव में राजूपत समाज का मिंटू उर्फ रविंद्र राणा जबरन जमीन पर कब्जा करना चाहता है, पूर्व में भी वह कई बार कब्जे का प्रयास कर चुका है। नीरज ने तहरीर में आरोप लगाया कि नौ मई को रविंद्र साथियों के साथ जमीन पर कब्जा करने पहुंचा। विरोध करने पर उनके साथ जाति सूचक शब्दों का प्रयग करते हुए मारपीट की गई। इतना ही नहीं जान से मारने की नीयत से फायरिंग भी की गई। जिसमें वह बाल बाल बच गया। इसके बाद उन्होंने पथराव किया। जिसमें परिवार के सुरेंद्र, राजकुमार, आकाश, कलावती, सुषमा, सविता, शिब्बो, मांगी ओर योगेश घायल हो गए थे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मिंटू उर्फ रविंद्र राणा, बेटे मयंक, दिव्यम समेत 32 लोगो के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने पहले राजपूत पक्ष के रविंद्र की तहरीर पर अनुसूचित जाति के 21 नामजद सहित 71 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की थी।

**सार्वजनिक सूचना**

जनता को सूचित किया जाता है कि असल विक्रय पत्र दिनांक 01-07-1995 इकरारी शब्बीर अहमद बहक इरशाद अहमद तथा हमीदा बैगम बही नम्बर 1 जिल्द 3883 पेज 369-374 दस्तावेज नम्बर 1618 दिनांक 06-07-1995 सब रजिस्टार सहारनपुर मे पंजीकृत है, खो गया है। नसीमा बेगम पत्नी अब्दुल हमीद बैनामा मे अंकित प्लाट रकबई 45 वर्ग गज खसरा नम्बर 2554 व 2555 दरा आली स्वाद कमेला कालोनी की मालिक है। वह बैंक से ऋण ले रही है। किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो 7 दिन के अन्दर सूचित करे।

**शाखा प्रबन्धक**
पंजाब नैशनल बैंक, शाखा
लाखनौर, सहारनपुर।

**सार्वजनिक सूचना**

जनता को सूचित किया जाता है कि असल विक्रय पत्र दिनांक 25-07-2008 इकरारी श्रीमति मीना भटनागर बहक सविता शर्मा बही नम्बर 1 जिल्द 1316 पेज 509-538 दस्तावेज नम्बर 4355 दिनांक 25-07-2008 सब रजिस्टार सहारनपुर मे पंजीकृत है, खो गया है। श्रीमति पूजा रानी पत्नी अमित कुमार उक्त बैनामा मे अंकित प्लाट का उत्तरी भाग रकबई 125 वर्ग गज खसरा नम्बर 1605, 1606, 1610 शेखपुरा कदीम अनमोल विहार कालोनी की मालिक है। वह बैंक से ऋण ले रही है। किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो 7 दिन के अन्दर सूचित करे।

**शाखा प्रबन्धक**
पंजाब नैशनल बैंक, शाखा
लाखनौर, सहारनपुर।

# डीसीएम व ट्रक की टक्कर में महिला की मौत, दर्जनों श्रद्धालु घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**नानौता।** हरिद्वार जा रहे श्रद्धालुओं के वाहन से ट्रक कि जोरदार टक्कर होने से एक महिला श्रद्धालु कि मौत हो गई जबकि दर्जनों श्रद्धालु घायल हो गए। घायलों को सीएचसी ले जाया गया वहीं पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी

रविवार को श्रद्धालु डीसीएम में सवार होकर हरियाणा के करनाल से हरिद्वार दर्शन करने जा रहे थे नानौता क्षेत्र के गंगोह रोड़ पर बड़ी नहर के समीप श्रद्धालुओं से भरे डीसीएम कि नानौता कि और से आ रहे ट्रक से जोरदार भीडंत हो गई जिसमें दर्जनों श्रद्धालु घायल हो गए घायलों को सीएचसी पहुंचाया गया इस दौरान डाक्टरो ने 70 वर्षिय मामू पत्नी देशराज को मृत घोषित कर दिया और डाक्टरो ने सभी घायलों का इलाज शुरू कर दिया बताया जा रहा है कि ट्रक को पुलिस ने कब्जे में ले लिया जबकि ट्रक ड्राइवर फरार बताया जा रहा है।





## सपा लोहिया वाहिनी प्रदेश सचिव भाजपा में शामिल

**गंगोह।** गांव पखनपुर में कार्यक्रम आयोजित कर में सपा लोहियावाहिनी के प्रदेश सचिव सैकडों साथियों के साथ सपा छोड भाजपा में शामिल हो गये। पुर्व कैबिनेट मंत्री डॉ धर्मसिंह सैनी और विधायक किरत सिंह ने कहा कि योगी मोदी के नेतृत्व में देश व प्रदेश निरंतर तरक्की कर रहा है और दुनिया मोदी का लोहा मानने को मजबुर है। कहा कि पीएम मोदी के आहवान पर उन्होंने रोड शो निरस्त कर दिया और जनता से तेल बचाने और इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रयोग की अपील की। डायरेक्टर सत्यपाल सिंह, डॉ ओमपाल सैनी, जसवंत कश्यप, राजपाल सैनी, मांगेराम सैनी, अश्वनी उपाध्याय, सुशील सैनी, पंकज, विपुल, सुबोध, नीरज, योगेश सालियर मौजूद रहे।

# महिला अधिकार, सुरक्षा और संरक्षण की दी जानकारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**बेहट।** पुलिस क्षेत्राधिकारी सुश्री प्रिया यादव के कुशल निर्देशन में एंटी रोमियो प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र सिंह दिखीत के नेतृत्व में महिला उप निरीक्षक कंचन चौधरी, महिला कास्टेबल कोमल, प्रियंका, कामनी द्वारा महिला सुरक्षा के लिए जागरूक किया गया।



कस्बे में आने वाली महिलाओं एवं युवतियों को महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतू चलाए जा रहे विशेष अभियान मिशन शक्ति फेज-5.0 के चरण 2 के तहत बालिकाओं व महिलाओं को डिजिटल एरेस्टिंग व झूठी अफवाह के बारे में समझाया गया सशक्तिकरण एवं सरकार द्वारा चलाई गयी योजनाओ और बच्चो के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमो के बारे मे बताया एवं उनके अधिकारो, सुरक्षा और संरक्षण के बारे मे जागरुक किया गया, साईबर फ्राड एवं साईबर क्राईम के बारे मे भी जागरुक किया गया । सरकार द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों के बारे में जानकारी दी गयी तथा महिलाओ को हेल्पलाईन नंबर 1090 वूमेन पावर, 1930 साइबर अपराध, 108 एंबुलेंस सेवा व 112 पुलिस आपातकालीन सेवा,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन आदि के बारे मे जानकारी दी गयी, उनकी समस्याएं को पूछी गयी पम्पलेट वितरित किए गए । बाल विवाह निषेध अभियान के बारे में बताया गया। ऐंटी रोमियो टीम प्रभारी महिला उप निरीक्षक कंचन चौधरी ने महिलाओं से आह्वान किया गया कि उनकी कोई भी समस्या हो अपने क्षेत्र के थाने मे आकर अपनी शिकायत दर्ज कराए उनका शीघ्र ही निस्तारण किया जायेगा।

# ईसाले सवाब को मजलिस

**चिलकाना।** बड़े इमाम बारगाह मजहरे कर्बला में सईद हैदर की बरसी पर ईसाले सवाब हेतु एक मजलिस का आयोजन किया गया।



रविवार को मोहल्ला हामिद हसन स्थित बड़े इमाम बारगाह में आयोजित मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना सैय्यद हैदर मोलाई जरच. ावी ने बताया कि इंसान को चाहिए कि वह गुनाह और बुराई के रास्ते से बचकर अच्छाई के रास्ते पर चले। अल्लाह की खूब इबादत जैसे कि नमाज रोजा आदि करे। वहीं खुम्स, सदका व जकात देता रहे। उन्होंने बताया कि इबादत ही एक ऐसी चीज है जिससे इंसान को दिली सुकून मिलता है। यही चीजे आखिरत में इंसान के काम आने वाली है न कि धन दौलत। उन्होंने कहा कि मरहूम के घरवालों को चाहिए कि मरने वाले की मगफिरत को कुरआन की तिलावत कराए, गरीबों की मदद करे, भूखों को खाना खिलाएं, बे सहाराओ को सहारा देने का काम करे ताकि मरहूम की राह आसान हो सके। मजलिस में निजामत अजादार, मर्सिया खानी तासीर हुसैन व गाजी ने की। सोगवार तमाम अहलो अहयाल, बिरादरी के लोग व अजीज रिश्तेदार रहे।

# छोटे बच्चों से कराया श्री जिनेन्द्र अभिषेक

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामपुर मनिहारान।** जैन समाज कार्यकारिणी समिति के तत्वाधान में आयोजित साप्ताहिक श्री जिनेन्द्र अभिषेक कार्यक्रम मे नगर में विराजमान आचार्य श्री 108 भारत भूषण ससंघ के सानिध्य छोटे बच्चों से भगवान का अभिषेक कराया गया।



आचार्य श्री ने धर्मसभा को संभोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक बच्चे के माता पिता का कर्तव्य हैं कि वह अपने बच्चों को धर्म के मार्ग पर लगाए। जो बच्चे अपने 8 वर्ष की उम्र होते ही अपने हाथो में भगवान के अभिषेक का कलश उठा लेते है उनके हाथ में शराब की बोतल नही आती। उन्होंने कहा कि जीवन में आने वाले संकटो को यदि कोई टाल सकता हैं तो वह है सिर्फ श्री जिनेन्द्र भगवान की भक्ति। सच्चे मन से करी गयी प्रभु भक्ति ही इस जीवन में आपका कल्याण कर सकती हैं। पाण्डुकशिला पर पार्श्वनाथ भगवान को विराजमान कर अभिषेक और शान्तिधारा की गयी। जैन समाज के छोटे छोटे बच्चों ने भगवान का अभिषेक कर पुण्य अर्जित किया। कार्यक्रम समापन पर सलेख चंद ललित कुमार जैन की और सभी बच्चे को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान जैन समाज के प्रधान मनोज जैन, महामंत्री निपुण जैन, मंत्री अभिषेक जैन,शषांक जैन, आर्जव जैन, अमित जैन, अतुल जैन, ललित जैन, सुधीर जैन, अनुराग जैन, वीरेश जैन, विद्यासागर जैन, अनुराग जैन, प्रशांत जैन, सहित समाज के सैंकडो लोग मौजूद रहे।

# मात्र छह घंटे में चोरी का खुलासा, सामान सहित चोर गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**बेहट।** कोतवाली बेहट पुलिस ने कस्बे मे हुई चोरी कि घटना का मात्र 6 घंटे में सफल अनावरण करते हुए एक चोर को गागरोह नहर पुल के पास से चोरी के सामान सहित गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने विधिवत कार्यवाही करते हुए न्यायालय मे पेश कर दिया है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह दिखित ने बताया कि कस्बे के ऋषभ जैन पुत्र योगेश जैन ने शनिवार को कोतवाली पहुँचकर अज्ञात नकाबपोश चोर द्वारा उनकी दुकान से सामान को चोरी किये जाने की तहरीर देकर मुकददमा दर्ज कराया था।पुलिस टीम में उप निरीक्षक महेश चंद,हेड कास्टेबल अनुज,गो. विंद,व कास्टेबल उमग राठी ने त्वरित कार्यवाही करते हुए चोरी की घटना के मात्र 6 घंटे में ही घटना का खुलासा कर दिया है।पुलिस ने रवि कुमार पुत्र राज. कुमार निवासी ग्राम गंदेवड़ कोतवाली बेहट को गांगरोह नहर पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने उसके कब्जे से बोरे में रखा चोरी का सामान बरामद किया।इसके अलावा घटना में प्रयुक्त एच एफ डिलेक्स बाइक भी बरामद की गई।पुलिस द्वारा पकड़े गये आरोपी चोर के खिलाफ कानूनी कार्यवाही कर न्यायालय में पेश कर दिया है।

# बच्चों को सिखाए एयर गन शूटिंग के नियम



शाह टाइम्स संवाददाता

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर के न्यू कैंब्रिज पब्लिक स्कूल में जिला एयर गन स्पोर्ट्स एसोसिएशन सचिव मौ. मुस्तकीम अंसारी द्वारा एयर गन शूटिंग एकड़मी का शुभारंभ किया गया और बच्चों को शूटिंग की ट्रेनिंग दी गई।

उन्होंने बच्चों को एयर गन शूटिंग करने के तरीके और फायदे के बारे में बताया। एयर गन शूटिंग की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि टारगेट को कैसे फिक्स किया जाता है, और गन का संतुलन बनाकर टारगेट पेपर पर शूट कैसे किया जाता है। उन्होंने कहा कि टारगेट पेपर पर शूट करने के लिए मन और ध्यान का एकाग्र होना बहुत जरूरी होता है। उन्होंने कहा कि शूटिंग का गुण सीखने से भविष्य में राष्ट्र सेवा करने का सुनहरा मौका मिलता है। इसके साथ ही स्कूल में एयर गन शूटिंग एकेडमी बनाने की तैयारी की जा रही है। जिसमें बच्चों को एयर गन शूटिंग के नियम अनुसार प्रशिक्षण दिया जाएगा। बच्चों की ट्रेनिंग के लिए स्कूल कोच अमित कुमार और तंजीमा का सहयोग रहा।

# मीट कारोबार पर उठे सवाल

**गंगोह।** नगर और आसपास के क्षेत्रों में इन दिनों मीट कारोबार को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं। क्षेत्र में कोई अधिकृत स्लॉटर हाउस संचालित नहीं है, इसके बावजूद बड़ी मात्रा में मीट बाजारों और दुकानों तक पहुँच रहा है। अब देखने वाली बात होगी कि शासन-प्रशासन इस गंभीर मुद्दे पर क्या कदम उठाता है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में कोई अधिकृत स्लॉटर हाउस संचालित नहीं है, इसके बावजूद बड़ी मात्रा में मीट बाजारों और दुकानों तक पहुँच रहा है। ऐसे में सवाल खड़ा हो रहा है कि आखिर यह मीट कहाँ से आ रहा है? क्षेत्रवासियों ने आशंका जताई है कि कहीं अवैध कटान का खेल तो नहीं चल रहा। लोगों का कहना है कि प्रशासन को इस पूरे मामले की गंभीरता से जांच करनी चाहिए। यदि बिना लाइसेंस और नियमों के पशु कटान हो रहा है तो यह न केवल कानून व्यवस्था बल्कि स्वास्थ्य मानकों के लिए भी बड़ा खतरा बन सकता है। हाल ही में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में अवैध मीट दुकानों और कटान के खिलाफ कार्रवाई की खबरें सामने आई हैं। स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि प्रशासन टीम गठित कर मीट सप्लाई चेन की जांच करे, दुकानों के लाइसेंस सत्यापित किए जाएं और अवैध कटान पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई हो। अब देखने वाली बात होगी कि शासन-प्रशासन इस गंभीर मुद्दे पर क्या कदम उठाता है।

# गाय पर कुत्तों के झुंड का हमला

शाह टाइम्स संवाददाता

**चिलकाना।** आवारा कुत्तों के झुंड ने गाय पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। गोरक्षा दल के कार्यकर्ताओं ने मौके पर पहुंचकर गाय को गोशाला भिजवाया।



बता दें कि चिलकाना क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। जो आये दिन गोवंश को अपना शिकार बना रहे हैं। आज दुमझेड़ा धोलाहेड़ी मार्ग पर आवारा कुत्तों ने एक गाय पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही गौ रक्षा दल के कार्यकर्ताओं ने मौके पर पहुंचकर घायल गाय को उपचार के लिए गौशाला भिजवाया।

गौरक्षा दल पदाधिकारियों ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि गौवंश की सुरक्षा के लिए सभी लोग सहयोग करें, कहीं पर भी घायल या असहाय गौवंश दिखाई देने पर तुरंत उन्हें सूचना दें, ताकि समय रहते उनका उपचार कराया जा सके। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष नितिन गोयल, ग्राम अध्यक्ष उज्ज्वल सैनी, चिलकाना से नगर अध्यक्ष कृष्णा सैनी, ग्राम अध्यक्ष रोहित नंबरदार टोडरपुर, वरुण, आशीष व अविश आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## स्थापना दिवस मनाया

**गंगोह।** पवित्र कंकराली सरोवर किनारे स्थित श्री बालाजी धाम का 14वां स्थापना दिवस श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया।

श्री बाला जी संकट मोचन सेवा समिति के तत्वाधान में शनिवार की देर सायं रात पवित्र कंकराली सरोवर किनारे स्थित बाला जी धाम पर सामूहिक हनुमान चालीसा और सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। यमुनानगर से पधारे पं. राजन शांडिल्य व उनकी टीम द्वारा संगीतमयी प्रस्तुति में सराबोर श्रद्धालु महिला व पुरुष भक्ति रस गंगा में गोते लगाते नजर आये। महंत सुशील शर्मा व सुनीता शर्मा, आशु गर्ग, शशांक, आदेश, अनुराग, मुकेश, प्रदीप, विवेक, बिजेंद्र, राकेश सैनी, संजय, प्रज्ञेस, जितेंद्र उपस्थित रहे।

# सर्वसम्मति से चुनाव का निर्णय, 14 जून को मतदान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** श्री गुरू रविदास मंदिर सेवा समिति का चुनाव 14 जून को कराने का निर्णय लिया गया।



गढ़ी मलूक स्थित श्री गुरु रविदास मंदिर मे रविवार को आयोजित बैठक मे यह घोषणा की गई। कोषाध्यक्ष राम सिँह बर्मन ने बताया कि 5 जून से चुनाव प्रक्रिया शुरू हो जायेगी और 14 जून को मतदान होगा। चुनाव के लिये भूतेश्वर इंटर कॉलेज प्रधानाचार्य नेत्रपाल सिँह सर्वसमति से चुनाव अधिकारी नियुक्त किया। चुनाव को लेकर सभी प्रत्याशी व सदस्यों मे उत्साह देखा जा रहा है। विभिन्न प्रत्याशी एवं समर्थक अपने-अपने स्तर पर प्रचार-प्रसार तैयारी में जुट गए हैं। चुनाव को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए समिति द्वारा आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं।

बैठक मे अध्यक्ष इंद्र कुमार आर्य, उपाध्यक्ष मांगेराम शिवा, कोषाध्यक्ष राम बर्मन सिँह, क्षेत्रीय पार्षद, संजीव कर्णवाल, दीन दयाल एडवोकेट, राजकुमार ज्वालिया, संगीता कर्णवाल, अंकित कटारिया, चंद्रपाल, श्याम कुमार मोगा, ब्रह्मपाल सिँह, रवि कर्णवाल, नरेंद्र कुमार कर्णवाल, मुकेश कर्णवाल, मोहित व कृष्णा रविदास आदि उपस्थित रहे।

# श्रीराम व रावण दोनों से मिलती है जीवन की शिक्षा: संजय

शाह टाइम्स संवाददाता

**साढौली कदीम।** सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर कम्बोहमजरा में आयोजित कथा में रविवार को कथा व्यास पंडित संजय प्रपन्नाचार्य महाराज ने कहा कि श्रीराम और रावण दोनों ही मनुष्य को जीवन जीने की शिक्षा प्रदान करतें है।



भगवान श्रीराम ने त्यागमय जीवन की शिक्षा प्रदान की वहीं रावण ने जीवन भर अनाचार, अत्याचार, पापाचार से धन, वैभव, संपत्ति, स्त्री भोग विलास, पद प्रतिष्ठा को प्राप्त किया परंतु एक समय ऐसा आया यही सब कुछ रावण के विनाश का कारण बन गया। रावण की आंखो के सामने उसका संपूर्ण परिवार काल कवलित हुआ सोने की लंका नगरी और समस्त धन संपत्ति जलकर खाक हो गई, रावण की मृत्यु पर कोई रोने वाला ही नही बचा था। उन्होंने कहा कि आज का मानव रावण से शक्तिशाली नही हो सकता फिर क्यों अधिकाधिक संपन्न होने के लिए अनेक तरह के अत्याचार अनाचार करता है मनुष्य को चाहिए किसी को कष्ट देने से पूर्व रावण के अंतिम परिणाम पर विचार कर जीवन को सन्मार्ग पर लगाये। आज भी जिन लोगो ने थोडी सी शक्ति प्राप्त कर उसका दुरुपयोग किया है उनका हश्र देखें कि कोई घर नही आ सकता कोई घर से भाग रहा है।श्रीराम कथा का सार है जीवन में प्राप्त धन, वैभव, पद, प्रतिष्ठा प्रभु कृपा से कुछ समय के लिए मिलती है स्थिर नही है जब तक अपने पास है इसका सदुपयोग कर जीवन को आनंदमय बनाए। उन्होंने सुग्रीव, बालि, हनुमान, अंगद, रावण, कुंभकर्ण, विभीषण, मंदोदरी के इस जन्म और पूर्व जन्म की कथा प्रसंग भी सुनाते हुए श्रोताओं को भक्ति विभोर कर दिया। इस अवसर पर ज्ञानचंद प्रधान, अशोक शर्मा, नरेन्द्र काम्बोज, विराज, बूटाराम, पुनम, रश्मि, रानी, रिया, काजल, मानवी, बाला, रणिता आदि मौजूद रहे।

# खबर का असर: छुटमलपुर में नालों की सफाई शुरू

शाह टाइम्स संवाददाता

**छुटमलपुर।** कागजों पर श्चमकता कस्बा और जमीन पर शगंदगी के अंबारश से जूझ रही छुटमलपुर नगर पंचायत आखिरकार गहरी नींद से जाग गई है। दैनिक शाह टाइम्स में प्रमुखता से खबर प्रकाशित होने के बाद नगर पंचायत प्रशासन में हड़कंप मच गया। खबर का ऐसा बड़ा असर हुआ कि प्रशासन ने आनन-फानन में हरकत में आते हुए कस्बे के मुख्य नालों की सफाई का काम युद्धस्तर पर शुरू कर दिया है।

रविवार सुबह से ही कस्बे के मेन बाजार में चेयरमैन के देवर मोनू मिर्जा की दुकान के बगल वाले मुख्य नाले की सफाई का काम शुरू कराया गया। कल तक जो नाला प्लास्टिक की बोतलों, प्रतिबंधित पॉलिथीन, शराब के पाउच और घरेलू कचरे से पूरी तरह पटा पड़ा था, वहां आज नगर पंचायत की तीन अलग-अलग टीमें मुस्तैद दिखाई दीं अधिशासी अधिकारी ईओ के सख्त निर्देश पर जेसीबी मशीनों और दर्जनों सफाई कर्मचारियों को काम पर लगाया गया है। प्रशासन ने मानसून की दस्तक से पहले सभी मुख्य नालों को पूरी तरह साफ करने का अभियान तेज कर दिया है।







क्षेत्र निवासी नवाब अली ने खुशी जाहिर करते हुए कहा यह सब सोनू राणा भाई की जनहित में लेखनी/खब्बर का कमाल है महीनों से इस नाले की सुध लेने कोई नहीं आया था, लेकिन अखबार में खबर छपते ही सुबह-सुबह यहां जेसीबी गरजने लगी अब उम्मीद है कि पहली बारिश में हमारी दुकानें डूबने से बच जाएंगी

इलाके के अन्य दुकानदारों और निवा. सियों ने भी श्दैनिक शाह टाइम्सश का आभार व्यक्त किया। लोगों का कहना था कि वे इस गंभीर समस्या को लेकर जिलाधिकारी डीएम सहारनपुर तक से गुहार लगा चुके थे, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही थी। मीडिया में आवाज उठते ही प्रशासन तुरंत एक्शन मोड में आ गया।

इस संबंध में जानकारी देते हुए छुटमलपुर नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी ईओ ने बताया कि मीडिया के माध्यम से यह मामला उनके संज्ञान में आया था, जिसे गंभीरता से लिया गया है। उन्होंने कहा, ष्कस्बे के सभी छोटे-बड़े नालों की सफाई के लिए एक विस्तृत रोस्टर तैयार कर दिया गया है। अगले 7 दिनों के भीतर पूरे कस्बे के नालों को साफ कर दिया जाएगा। इस काम में ढिलाई बरतने वाले और लाप. रवाह कर्मचारियों के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# आईसीआईसीआई बैंक को माना सेवा में दोषी




शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** जिला उपभोक्ता विवाद परितोष आयोग के अध्यक्ष सतीश कुमार सदस्य नूतन शर्मा व राजीव शर्मा ने लेबर कॉलोनी निवासी उपभोक्ता सोनिया सैनी द्वारा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 वाद संख्या 19/22 पर आज निर्णय देते हुए आईसीआईसीआई बैंक को सेवा में कमी का दोषी मानते हुए 13 लाख 95000 वापस दिए जाने के साथ मानसिक कष्ट व वाद व्यय के लिए रूपये 20000 भी दिए जाने का आदेश दिया है

निर्णय का स्वागत करते हुए विश्व उपभोक्ता संगठन भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष असगर आलम ने कहा है कि उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 उपभोक्ताओं के संरक्षण हेतु पर्याप्त है बस आवश्यकता उपभोक्ताओं के जागरूक रहने की है आज जागरूक उपभोक्ता ही सशक्त उपभोक्ता है। असगर आलम ने बताया कि आईसीआईसीआई बैंक द्वारा उपभोक्ता के खाते से 16 लख रुपए जाल साजों के साथ मिलकर निकालने की उपभोक्ता द्वारा शिकायत की गई थी जिसके लिए जिला उपभोक्तावाद परितोष आयोग में वाद दर्ज किया गया था।

# बेंगलुरु IPL-2026 के प्लेऑफ में पहुंचने वाली पहली टीम

**पंजाब लगातार छठा मैच हारी, कोहली-वेंकटेश के अर्धशतक, भुवनेश्वर को 2 विकेट:**



विराट कोहली ने मनाया अपना अर्धशतक।

**धर्मशाला, वार्ता।** रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएल में रविवार के पहले मैच में पंजाब किंग्स को 23 रन से हरा दिया। धर्मशाला में बेंगलुरु ने टास हारकर पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 222 रन बनाए।

जवाब में पंजाब 8 विकेट खोकर 199 रन ही बना सकी। इस जीत के साथ बेंगलुरु के 18 पाइंट्स हो गए और टीम इस सीजन में प्लेऑफ में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई। वहीं, पंजाब की यह लगातार छठी हार रही। पंजाब की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 19 रन तक 3 विकेट गंवा दिए। बाद में कूपर कोनोली, मार्कस स्टोयनिस और शशांक सिंह ने संघर्ष जरूर किया, लेकिन टीम टारगेट से 23 रन दूर रह गई। शशांक ने 27 गेंदों पर 56 रन की तेज पारी खेली। गेंदबाजी में रसिख सलाम ने 3 विकेट झटके।

जबकि भुवनेश्वर कुमार ने शुरुआती दो विकेट झटके। जोश हेडलवुड, सुयश शर्मा और रोमा. रियो शफर्ड को 1-1 विकेट मिला। इससे पहले, बेंगलुरु के लिए विराट कोहली ने 37 गेंदों में 58 रन की पारी खेली, जबकि देवदत्त पडिक्कल ने 25 गेंदों पर 45 रन बनाकर तेज शुरुआत दिलाई। आखिर में वेंकटेश अय्यर ने नाबाद 73 रन बनाए, वहीं टिम डेविड ने 12 गेंदों पर 28 रन बनाकर टीम को 220 के पार पहुंचाया। पंजाब के लिए हरप्रीत बरार ने 4 ओवर में 35 रन देकर 2 विकेट लिए। युजवेंद्र चहल और अर्शदीप सिंह को 1-1 विकेट मिला। इस मैच में रजत पाटीदार की जगह जितेश शर्मा बेंगलुरु की कप्तानी कर रहे हैं। पाटीदार चोट के कारण यह मैच नहीं खेल रहे हैं। आखिरी ओवर में रसिख सलाम ने शानदार गेंदबाजी करते हुए बेंगलुरु की जीत पक्की कर दी। उन्होंने पहले सेट बल्लेबाज शसांक सिंह को 56 रन पर आउट कराया, जिन्हें लान्ग-आन पर विराट कोहली ने कैच किया। ओवर की आखिरी गेंद पर ओमरजई भी टिम डेविड को कैच दे बैठे।

पंजाब आखिरी ओवर में 9 रन ही बना सकी और टीम 199/8 तक पहुंच पाई। 18वें ओवर में भुवनेश्वर कुमार की गेंद पर शशांक सिंह ने चौका जड़ा और सिर्फ 22 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। लो फुलटास पर उन्होंने मिडिल से शफल करके लान्ग-आन के ऊपर से बेहतरीन फिनिश किया। 17वें ओवर की पहली बाल पर जोश हेजलवुड ने बेंगलुरु को बड़ा विकेट दिलाया। फुलटास गेंद पर मार्कस स्टोयनिस बड़ा शाट खेलने से चूक गए और गेंद सीधे पैड पर जा लगी। अंपायर ने स्ठॅ दिया, जिसके बाद स्टोयनिस ने रिव्यू लिया, लेकिन बाल ट्रैकिंग में गेंद लेग स्टंप को छूती दिखी और फैसला बरकरार रहा। स्टोयनिस 25 गेंदों में 37 रन बनाकर आउट हुए। पंजाब ने 13वें ओवर में जोरदार वापसी की। शशांक सिंह ने सुयश शर्मा के ओवर में दो लगातार छक्के जड़े और ओवर से कुल 20 रन बटोरे। दूसरी ओर मार्कस स्टोयनिस ने भी अच्छी साझेदारी निभाई, जिससे पंजाब ने रन गति फिर तेज कर दी। रोमारियो शेफर्ड ने 8वें ओवर में बेंगलुरु को बड़ी सफलता दिलाई। अच्छी बल्लेबाजी कर रहे कूपर कोनोली लेग साइड में बड़ा शाट खेलने गए, लेकिन गेंद को दूरी नहीं दे सके। डीप बैकवर्ड स्क्वेयर लेग पर जैकब बेथेल ने बाउंड्री के पास शानदार कैच पकड़ा। कोनोली 22 गेंदों में 37 रन बनाकर आउट हुए। पंजाब की शुरुआत बेहद खराब रही। भुवनेश्वर कुमार ने पहले ही ओवर में प्रियांश अय्यर को शून्य पर आउट किया और फिर प्रभसिमरन सिंह को भी सिर्फ 2 रन पर चलता किया। इसके बाद रसिख सलाम ने श्रेयस अय्यर का विकेट लेकर पंजाब की मुश्किलें बढ़ा दीं। पंजाब ने पावरप्ले में 49 रन बनाए और 3 विकेट गंवाए। इम्पैक्ट प्लेयर रसिख सलाम ने आते ही बड़ा झटका दे दिया। चौथे ओवर की दूसरी बाल पर उन्होंने शानदार लेंथ गेंद पर श्रेयस अय्यर को विकेटकीपर जितेश शर्मा के हाथों कैच कराया। ऑफ स्टंप के बाहर पड़कर गेंद हल्की सी बाहर निकली और अतिरिद्र उछाल के कारण अ"यर सिर्फ किनारा दे सके। शार्ट पारी खेलते हुए श्रेयस 3 गेंदों में 1 रन बनाकर आउट हुए।

## खेल विशेष

### नोआ लाइल्स ने गोल्डन ग्रां प्री में 100 मीटर की दौड़ 9.95 सेकंड में जीती

**टोक्यो, वार्ता।** मौजूदा ओलंपिक और वर्ल्ड चैंपियन अमेरिका के नोआ लाइल्स ने रविवार यहां आयोजित गोल्डन ग्रैंड प्रिक्स एथलेटिक्स मीट में 2026 की अपनी पहली 100मीटर की दौड़ 9-95 सेकंड में जीती। इस सीजन में दुनिया में छठे सबसे तेज धावक नोआ के लिए यह जीत का समय अच्छा रहा। दूसरी स्पर्धाओं में, ओलंपिक 400मी हर्डल्स चैंपियन राय बेंजा. मिन ने दो फाइनल हीट में 400मी फ्लैट रेस 44-69 सेकंड में जीती। यह बेंजामिन की दो साल से ज्यादा समय में फ्लैट जमीन पर पहली 400मी रेस थी, और यह उनके पर्सनल बेस्ट से 0-38 सेकंड कम थी। मुकाबले के बाद अमेरिकी धावक बेंजामिन ने कहा कि यह बहुत अच्छा था, एक अजीब सा, बस 400मी की उस रिदम को फिर से महसूस करने की कोशिश कर रहा था, इसलिए मुझे लगता है कि 44-6 सेकंड में बाहर आकर बहुत खुश हूं।

### हरचरण सिंह सातवें स्थान पर रहे

**गांधीनगर, वार्ता।** महात्मा मंदिर एग्जीबिशन हॉल, गांधीनगर में 2026 डब्ल्यूएफ एशियन सीनियर वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप के छठे दिन पुरुों की 110किंग्रा कैटेगरी में रोमांचक मुकाबले हुए, जिसमें एशियन वेटलिफ्टरों ने वर्ल्ड-क्लास परफॉर्मेंस दी। चीन के लियू हुआनहुआ 420किंग्रा का शानदार टोटल लिफ्ट करके ओवरऑल चैंपियन बने, और टोटल और स्नैच कैटेगरी में गोल्ड मेडल जीता। ईरान के अलीरेजा नासिरी ने क्लीन एंड जर्क में शानदार 231किंग्रा लिफ्ट करके अपना दबदबा बनाया। भारत के हरचरण सिंह ने घरेलू दर्शकों के सामने शानदार परफॉर्मेंस दी, और कुल 338किंग्रा के साथ सातवें नम्बर पर रहे। इंडियन वेटलिफ्टिंग फेडरेशन के प्रेसिडेंट ने मेडल जीतने वालों और हिस्सा लेने वालों को उनके परफॉर्मेंस के लिए बधाई दी, जो एशियन वेटलिफ्टिंग के बढ़ते स्टैंडर्ड और कॉम्पिटिटिवनेस को दिखाता है।

### सात्विक-चिराग थाईलैंड ओपन में उपविजेता रहे

**पटुमवान (थाईलैंड), वार्ता।** भारत की शीर्ा पुरु जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी थाईलैंड ओपन में रनर-अप रहे, उन्हें इंडोनेशिया के लियो रोली कार्नांडो और डेनियल मार्टिन से 53 मिनट में 21-12, 25-23 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय जोड़ी ने दूसरे गेम में वापसी की, जोरदार वापसी की और गेम को आखिर तक खींचा, जहां लगातार पांच चैंपियनशिप पॉइंट बचाने के बाद, वे आखिरकार 25-23 से हार गए। 2026 बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सीजन के अपने पहले फाइनल में हिस्सा ले रहे टॉप सीडेड भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी, बिना सीड वाली इंडोनेशियाई जोड़ी से 53 मिनट में हार गए।

## एसेक्स फार्म क्रिकेट क्लब ने फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब को 5 विकेट से हराया

**नई दिल्ली, वार्ता।** एसेक्स फार्म क्रिकेट क्लब ने फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब को 51वें अखिल भारतीय गोस्वामी गणेश दत्त स्मारक क्रिकेट टूर्नामेंट के मैच में रविवार को 5 विकेट से हरा दिया। टॉस जीतने के बाद, एसेक्स फार्म क्रिकेट क्लब ने पहले बॉलिंग करने का फैसला किया। फेंड्स क्रिकेट क्लब ने देव मेहरा 102(98), यशवर्धन ओबेरॉय 62(55) और आर्य सिंह 28(45) की मदद से 40 ओवर में 9 विकेट पर 239 रन बनाए। एसेक्स फार्म क्रिकेट क्लब के बॉलर र्हा भारद्वाज ने 46 रन देकर 3 विकेट, अमन गोस्वामी ने 25 रन देकर 2 विकेट और रौनक ने 46 रन देकर 2 विकेट लिए। फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब की बॉलिंग में, घनश्याम ने 39 रन देकर 2 विकेट लिए, प्रिंस मेहरा ने 51 रन देकर 2 विकेट लिए और आर्य सिंह ने 22 रन देकर 1 विकेट लिया। संक्षिप्त स्कोर: फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब - 40 ओवर में 9 विकेट पर 239 रन (देव मेहरा - 102(98), यशवर्धन ओबेरॉय - 62(55) और आर्य सिंह - 28(45), एसेक्स फार्म क्रिकेट क्लब - 32-1 ओवर में 5 विकेट पर 242 रन (काव्या - 77(61),आशीा तंवर - 57(59) और कृा यादव - 46(28) कीमती प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार - काव्या (एसेक्स फार्म) - 77(61) को दिया गया।

## ऑरेंज कैप टेबल में सुदर्शन और गिल ने किया पहले और दूसरे नम्बर पर कब्जा



**कोलकाता, वार्ता।** कोलक. ाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने शनिवार को ईडन गार्डन्स में गुजरात टाइटंस (जीटी) की मेजबानी की और उन्हें 29 रन से हरा दिया। अंक तालिका में नम्बर 8 पर मौजूद टीम ने नम्बर 2 को मात दी। मैच के बाद आईपीएल 2026 की पर्पल कैप सूची में तो कोई बड़ा बदलाव नहीं हुआ, लेकिन ऑरेंज कैप तालिका पूरी तरह बदल गई।

ऑरेंज कैप लीडरबोर्ड जीटी मैच हार गई, लेकिन उनके ओपनर्स बी साई सुदर्शन और शुभमन गिल ने केकेआर के 247 रन के स्कोर का पीछा करने की पूरी कोशिश की। सुदर्शन तीसरे ओवर में कार्तिक त्यागी की गेंद लगने के बाद 13 गेंदों पर 23 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हो गए थे। लेकिन 17वें ओवर में, जब गिल आउट हुए, तब वह दोबारा बल्लेबाजी करने लौटे और फिर 15 गेंदों पर 30 और रन जोड़कर 28 गेंदों पर नाबाद 53 रन के स्कोर पर समाप्त किया।। इस पारी के साथ उनके इस सीजन में कुल रन 554 हो गए और वे रन बनाने वालों की सूची में शीर्ा पर पहुंच गए। यह उनके लिए नया नहीं है, क्योंकि वे आईपीएल 2025 में भी ऑरेंज कैप विजेता रहे थे। वहीं, गिल की इस सीजन की तीसरी 80-प्लस पारी ने उन्हें 552 रन के साथ दूसरे स्थान पर पहुंचा दिया। इस दौरान उन्होंने अस्थाई रूप से हेनरिक क्लासेन को तीसरे स्थान पर धकेल दिया। सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के क्लासेन इस सीजन में 500 से अधिक रन बनाने वाले एकमात्र अन्य बल्लेबाज हैं, जिनके नाम 508 रन हैं। टॉप पांच में आगे विराट कोहली (आरसीबी) और क्लासेन के टीम-साथी अभिषेक शर्मा शामिल हैं। कोहली के नाम 484 रन हैं, जबकि अभिषेक ने 481 रन बनाए हैं। शीर्ष 10 से बाहर रहते हुए भी केकेआर के बल्लेबाज अंगकृा रघुवंशी ने शानदार प्रदर्शन जारी रखा। उन्होंने 44 गेंदों पर नाबाद 82 रन बनाए, जिससे वे 422 रन के साथ 13वें स्थान पर पहुंच गए। यह इस सीजन में उनका पांचवां अर्धशतक था। उनसे आगे केवल साई सुदर्शन हैं, जिनके नाम छह अर्धशतक और एक शतक दर्ज है, जबकि चार अन्य बल्लेबाजों के भी पांच-पांच अर्धशतक हैं। पर्पल कैप लीडरबोर्ड यहां ज्यादा बदलाव देखने को नहीं मिला। राशिद खान और त्यागी मैच से पहले 16 विकेट लेकर चार गेंदबा. जों के समूह में शामिल थे और विकेटलेस रहने के बाद वहीं बने रहे। राशिद और त्यागी के अलावा प्रिंस यादव (एलएसजी) और एसआरएच के ईशान मलिंगा भी 16 विकेट के साथ मौजूद हैं। इन सबसे ऊपर आरसीबी के भुवनेश्वर कुमार हैं।

## सिद्धांत बंथिया ने पुर्तगाल में एटीपी चैलेंजर युगल खिताब जीता




**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के सिद्धांत बंथिया और उनके बुल्गारियाई पार्टनर अलेक्जेंडर डोंस्की ने शनिवार को पुर्तगाल में एटीपी चैलेंजर 100 टेनिस टूर्नामेंट, ओइरास ओपन 4 में डबल्स टाइटल जीता। गैर वरीय इंडो-बुल्गारियाई जोड़ी ने फाइनल में पुर्तगाल के टियागो परेरा और स्पेन के डेविड वेगा हर्नांडेज को 6-3, 6-2 से हराया,

और क्ले कोर्ट पर एक घंटे और तीन मिनट में मुकाबला खत्म किया। भारतीय टेनिस खिलाड़ी और डोंस्की को शुरुआती सेट में आखिरी समय में मिली चुनौती का सामना करना पड़ा। चौथे गेम में अहम ब्रेक पाने के बाद, उन्होंने 5-3 के स्कोर पर सेट के लिए सर्व करते हुए एक ब्रेकपॉइंट बचाया और फिर 32 मिनट में सेट खत्म कर दिया। इसी मोमेंटम को दूसरे सेट में भी जारी रखते हुए, इंडो-बुल्गारियाई जोड़ी ने तीसरे और सातवें गेम में सर्व तोड़कर जीत हासिल की।

यह टाइटल बंथिया का इस सीजन का दूसरा एटीपी चैलेंजर डबल्स क्राउन और कुल मिलाकर तीसरा था, जो उन्होंने डोंस्की के साथ जीता था। यह बुल्गारियाई खिलाड़ी के करियर का चौथा डबल्स टाइटल भी था। इस साल की शुरुआत में, बंथिया और डोंस्की ने दिल्ली ओपन एटीपी चैलेंजर 75 टूर्नामेंट में डबल्स टाइटल जीता था, जिसमें उन्होंने फाइनल में भारत के निकी पूनाचा और थाईलैंड के प्रूच्या इसारो को हराया था।

## 'आईपीएल के सर्वकालिक सर्वश्रेठ खिलाड़ी' हैं नारायण: अंबाती रायुडू



**कोलकाता, वार्ता।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर अंबाती रायुडू का मानना है कि सुनील नारायण उनके हिंसाब से आईपीएल के सर्वकालिक सबसे बेहतरीन खिलाड़ी हैं। यह बयान तब आया जब नारायण ने गुजरात टाइटंस (जीटी) के खिलाफ अपने चार ओवरों में 29 रन देकर 2 विकेट लिए और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की आईपीएल 2026 में 29 रन की जीत में अहम भूमिका निभाई।

उनके प्रदर्शन के बाद रायुडू की बात से असहमत होना मुश्किल था। नारायण साल दर साल केकेआर के लिए मैच जिताते आए हैं और ऐसा नहीं लगता कि उनका रुकने का कोई इरादा है। ईएसपीएन क्रिकइंफो के टाइमआउट शो में, नारायण को उनके 200वें आईपीएल मैच में प्लेयर ऑफ द मैच चुने जाने के बाद रायुडू ने कहा कि गेंद से मैच विनर, बल्ले से भी मैच विनर। आईपीएल में कई महान खिलाड़ी आए हैं, लेकिन यह खिलाड़ी हमेशा सबसे अलग दिखता है। मेरे लिए यह सूची में सबसे ऊपर है। संजय बांगर, जो रायुडू के साथ बैठे थे, उतने भावुक नहीं दिखे, लेकिन उन्होंने भी नारायण को आईपीएल इतिहास के अपने टॉप पांच खिलाड़ियों में रखा और उन्हें लीग का लीजेंड बताया। बांगर ने कहा कि इस लीग में कई महान खिलाड़ियों ने खेला है, लेकिन लंबा करियर भी मायने रखता है। उन्हें अपने गेंदबाजी ऐक्शन पर कई बार सवालों का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने उसी ओवरस्पिन के साथ सफलता हासिल करने का नया तरीका खोज लिया, जिसके लिए वे जाने जाते हैं।

साथ ही, उन्होंने गेंद को दोनों तरफ टर्न कराने की क्षमता भी बरकरार रखी। यही चीज बल्लेबाजों के मन में भारी संदेह पैदा करती है। मुझे लगता है कि यही खूबियां उन्हें लीग का लीजेंड बनाती हैं। नारायण आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वालों की सूची में केवल युजवेंद्र चहल (230 विकेट) और भुवनेश्वर कुमार (220 विकेट) से पीछे हैं।

## चार कैच टपकाकर हम मैच जीतने के लायक नहीं थे: शुभमन गिल



**कोलकाता, वार्ता।** शुभमन गिल ने गुजरात टाइटन्स (जीटी) के फील्डर्स पर निशाना साधते हुए कहा कि हम जीतने के लायक नहीं थे, जब जीटी ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ चार मौके गंवाए, जिनमें से तीन आसान थे। गिल ने जीटी के केकेआर से 29 रन से हारने के बाद कहा कि विकेट को देखकर, हमें लगा कि 200-220 एक बराबर स्कोर होगा।

लेकिन हमने बहुत सारे कैच छोड़े और जब आप एक गेम में तीन से चार कैच छोड़ते हैं, तो बॉलर्स के लिए यह कभी आसान नहीं होता। फिन एलन का दो बार कैच छूटा, एक बार जेसन होल्डर ने कवर्स में एक मुश्किल मौका गंवाया जब वह 14 रन पर थे और फिर मोहम्मद सिराज ने 33 रन पर लॉन्ग-ऑन पर उनका आसान कैच छोड़ दिया। एलन ने 35 गेंदों पर 93 रन की जबरदस्त पारी खेली, जिससे केकेआर ने 247 रन बनाए, जो आईपीएल में जीटी के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है। यहां तक कि कैमरून ग्रीन का भी 23 रन पर अरशद खान ने कैच छोड़ा, जबकि अंगकृा रघुवंशी का वाशिगटन सुंदर ने फाइन लेग पर कैच टपका दिया। दोनों बैट्समैन ने नाबाद फिफ्टी बनाईं। गिल ने कहा कि पिच अच्छी थी। कुछ गेंदें रुक रही थीं और टिक रही थीं। हमने जो स्कोर बनाया (218/4) उसके लिए हमने अच्छी बैटिंग की। लेकिन हमारी फील्डिग और बेहतर हो सकती थी। हमने एक खास स्टैंडर्ड सेट किया और इस तरह के गेम में तीन आसान विकेट गंवाने के बाद, मुझे नहीं लगता कि हम यह मैच जीतने के लायक थे। हालांकि, गिल ने इस गेम को सिर्फ एक और हार बताया और कहा कि अगर जीटी प्लेऑफ में जगह बना लेती है, तो बॉलर्स के लिए प्लेऑफ के बजाय अभी ऑफ डे लेना बेहतर होगा। गिल ने कहा कि क्वालिफायर के बजाय अभी ऐसा गेम होना बेहतर है, 240-250 का गेम, बॉलिंग का दिन खराब होना।

## स्वितोलिना ने तीसरी बार इटेलियन ओपन खिताब जीता

**रोम, वार्ता।** यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना को एक और डब्ल्यूटीए 1000 टाइटल जीतने का लंबा इंतजार करना पड़ा, लेकिन पूर्व वर्ल्ड नम्बर 3 ने शनिवार को शानदार अंदाज में यह कर दिखाया, उन्होंने तीसरी सीडेड कोको गॉफ को एक हाई-क्वालिटी फाइनल में 6-4, 6-7 (5), 6-2 से हराकर इटेलियन ओपन खिताब जीता।

यह जीत 2017 और 2018 में लगातार दो जीत के बाद रोम में स्वितोलिना का तीसरा टाइटल है। रोम में अपना पहला टाइटल जीतने की कोशिश कर रही गॉफ ने जोरदार शुरुआत की और दो बार ब्रेक करके 2-0 और 4-2 की बढ़त बना ली। हालांकि, स्वितोलिना ने दोनों मौकों पर वापसी की। यूक्रेन की खिलाड़ी ने अहम नौवें गेम में तीन ब्रेक पॉइंट बचाकर 5-4 की बढ़त बनाए रखी, फिर गॉफ की सर्विस तोड़कर पहला सेट 6-4 से अपने नाम कर लिया। गॉफ, जो इस हफ्ते पहले ही तीन-तीन सेट के मैच खेल चुकी थीं, दूसरे सेट में भी स्वितोलिना के करीब रहीं। हालांकि अमेरिकी खिलाड़ी ने सेट के पहले तीन सर्विस गेम में हर बार ब्रेक पॉइंट हासिल किए, लेकिन 11वें गेम तक कोई भी खिलाड़ी ब्रेकथ्रू नहीं कर पाई। गॉफ ने ब्रेक करके 6-5 की बढ़त बना ली, लेकिन स्वितोलिना ने तुरंत ब्रेक करके वापसी की और टाईब्रेक के लिए मजबूर कर दिया। अमेरिकी खिलाड़ी ने टाईब्रेक 7-5 से जीतकर मैच बराबर कर दिया। स्वितोलिना ने जल्द ही आखिरी सेट में कंट्रोल हासिल कर लिया और पांचवें और सातवें गेम में ब्रेक करके 5-2 से आगे हो गईं। चैंपियनशिप के लिए सर्विस करते हुए, यूक्रेन की खिलाड़ी ने दो घंटे, 49 मिनट के बाद अपने तीसरे मैच पॉइंट को बदलने से पहले तीन ब्रेक पॉइंट बचाए। इस जीत से गॉफ के खिलाफ उनका रिकॉर्ड 4-2 हो गया। जीत के बाद स्वितोलिना ने कहा कि पक्का यह बहुत मुश्किल मुकाबला था। मैं बहुत खुश हूं कि मैं अपनी घबराहट को कैसे संभाल पाई, सिर्फ आज ही नहीं बल्कि इस पूरे टूर्नामेंट में भी। मुझे लगता है कि पिछले दो हफ्ते मुश्किल रहे, लेकिन मैं जिस तरह से खेल रही हूं, जिस तरह से मेरा शरीर इन मुश्किल मैचों में रिएक्ट कर रहा है, उससे मैं बहुत खुश हूं। मुझे अपनी कोशिश पर बहुत गर्व है। स्वितोलिना ने ओपन एरा में डब्ल्यूटीए क्ले-कोर्ट फाइनल में 8-0 का सुधार किया।

# संघर्ष व अनुशासन कांग्रेस की परम्परा: इमरान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने कहा कि संघर्ष कांग्रेस की संस्कृति और अनुशासन हमारी परंपरा है। इसलिये सभी कार्यकर्ता पूरे अनुशासन के साथ सम्मेलन में पहुंचे।

इमरान मसूद आज अंबाला रोड स्थित कैंप कार्यालय पर गागलहेड़ी के रॉयल पैलेस में होने वाले कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारी के संबंध में आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने समस्त कार्यकर्ताओं को हिदायत दी कि सम्मेलन स्थल की ओर जाते व वहां से वापस आते वक्त सभी को अनुशासन और व्यवस्था का विशेष ध्यान रखन है और हमें यह सुनिश्चित करना है कि मार्ग में किसी को कोई परेशानी न हो । सांसद इमरान ने कहा कि संघर्ष कांग्रेस की संस्कृति व अनुशासन हमारी परंपरा है। कांग्रेस पार्टी की विचारधारा में आमजन की सुविधा का विशेष महत्व है हमें मार्ग में इस बात का विशेष ख्याल रखना होगा।

श्री मसूद ने कहा कि आज भाजपा सरकारें लोगों की चिंताओं व समस्याओ को लेकर देश व प्रदेश में उठने वाली हर आवाज को खामोश करने का काम कर रही है, नीट का पेपर लीक होता है और अपने बच्चों के मुस्तकबिल की चिंता में सरकार से निष्पक्ष जांच की मांग करना भी गुनाह हो गया है। भाजपा सरकार पिछले 12 वर्षों में सैकड़ो परीक्षाओं के पेपर लीक होने पर भी इस पर कोई सख्त कार्रवाई ना करके हमारे युवाओं के भविष्य को गर्त में धकेल रही है। काजी इमरान ने कूटनीति के क्षेत्र में भाजपा सरकार को पूर्णत: फ्लॉप बताते हुए कहा कि आज भाजपा की इस असफल कूटनीति का नतीजा है कि संपूर्ण देश के ऊर्जा क्षेत्र के हितों को सरकार ने अमेरिका के हाथों गिरवी रख दिया है और इसके दुष्परिणाम देश के नागरिक भुगत रहे है। उन्होंने कहा कि आरएसएस की नफरती विचारधारा के साथ भ्रष्टाचार व झूठ तंत्र का सहारा लेकर आगे बढ़ रही भाजपा को केवल कांग्रेस ही पराजित कर सकती है । इमरान मसूद ने तमिलनाडु का जिक्र करते हुए कहा की सीएम विजय की सरकार बनाकर भाजपा को रोकना राहुल जी की सकारात्मक और राजनीतिक दूरदृष्टि का एक जीवंत प्रमाण है। सांसद मसूद ने कहा कि कांग्रेस पूरे प्रदेश में कार्यकर्ता सम्मेलनों के माध्यम से अपने संगठन को पहले से कही अधिक मजबूत बनाने के कार्य को आगे बढ़ा रही हैं। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य आने वाले 2027 के विधानसभा चुनावो के बाद भाजपा के नफरत के माहौल को समाप्त करके प्रदेश में अमन, सुकून और मोहब्बत के साथ विकसित उत्तर प्रदेश के सपने को पूरा करने वाली सरकार बनाने का है और हम इसे हासिल करके रहेंगे।

एमएलसी शाहनवाज खान, पूर्व विधायक मसूद अख्तर, पूर्व कांग्रेस शहर अध्यक्ष महेंद्र तनेजा, पूर्व चेयरमैन इरशाद चौधरी ने अपने संबोधन में सभी से कार्यकर्ता सम्मेलन को ऐतिहासिक सफल बनाने की अपील की। जिला अध्यक्ष संदीप सिंह राणा ने सभी का धन्यवाद करते हुए अपील की कि सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता, जिनके कंधों पर आयोजन की जिम्मेदारी है वे सभी अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए इस सम्मेलन को ऐतिहासिक सफल बनाने में अपना बहुमूल्य योगदान करें।

बैठक में पूर्व मंत्री शायन मसूद, हमजा मसूद, पूर्व चेयरमैन इरशाद चौधरी, पूर्व शहर अध्यक्ष महेंद्र तनेजा, संदीप वर्मा, जिला प्रवक्ता गणेश दत्त शर्मा, जिला उपाध्यक्ष नितिन शर्मा, आरिफ खान, अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश महासचिव अरविंद पालीवाल, इसरार प्रमुख, डॉ रागिब अंजुम, इमरान प्रमुख, राजन बिरला, डॉ मोनिस खान, काजी शौकत हुसैन, सरदार चन्द्रजीत सिंह निक्कू, अशोक जैन, इकराम खान, खुर्शीद, सुधांशु धनगर, डॉ अमीर अहमद, कुणाल शांडिल्य, गुलफाम अंसारी, हरिओम मिश्रा, राजन बिरला, गौरव चौहान, मेनपाल पार्षद, रेखा धीमान, इजहार पार्षद, नदीम पार्षद, हाफिज इंडिया, बहार खान आदि उपस्थित रहे।

# कर्मचारियों के हितों की रक्षा होगी: डा. अजय



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय कुमार ने सफाई कर्मचारियों से अपील की कि शहर के लोगों के हितों को ध्यान में रखते हुए वे पूर्व की भांति नियमित रुप से अपना कार्य करें। उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा की जा रही समग्र सफाई व्यवस्था में जहां शहर में और बेहतर सफाई होगी वहीं कर्मचारी हितों की रक्षा भी होगी और कर्मचारियों की संख्या बढ़ने से बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार भी मिलेगा।

सफाई कर्मचारियों ने आज अपनी यूनियनों के नेताओं बृज मोहन चिनालिया, सोनी आजाद, अविनाश बिरला, राहुल बाल्मीकि आदि के नेतृत्व में महापौर डॉ. अजय कुमार से नगर निगम स्थित उनके कार्यालय में मुलाकात की और नगर निगम द्वारा 58 वार्डो में की जा रही समग्र सफाई व्यवस्था पर अपनी अनेक आशंकाओं से महापौर को अवगत कराया। महापौर डॉ. अजय कुमार ने आश्वस्त किया कि नगर निगम कर्मचारी हितों की पूरी रक्षा करेगा। उनकी लंबे समय से चली आ रही छुट्टियों की मांग, चार साप्ताहिक अवकाश की आदि की मांग पर भी गंभीरता के साथ विचार किया जायेगा।

महापौर ने सभी कर्मचारियों से अपील की कि वे ऐसा कोई कार्य न करें जिससे लोगों को परेशानी हो। उन्होंने कहा कि सफाई कार्य एक आवश्यक सेवा है, उन्हें संवैधानिक रुप से आवश्यक सेवा करते हुए अपने दायित्व का निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने आशा व्यक्त की कि वे एक जिम्मेदार नागरिक के दायित्व से विमुख नहीं होंगे। महापौर ने स्पष्ट किया कि नयी व्यवस्था में सफाई नायकों/कार्यवाहक सफाई नायकों के दायित्व में कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि आऊट सोर्सिंग कर्मियों को वर्तमान में प्रतिदिन दिया जा रहा 422.85 रुपये तथा ईएसआई व ईपीएफ नयी व्यवस्था में भी नियमानुसार प्रत्येक माह समय से कर्मचारियों के बैंक खातों में अनिवार्य रुप से भेजा जायेगा। इस दौरान उपसभापति मयंक गर्ग वरिष्ठ पार्षद मुकेश गक्खड़, दिग्विजय चौहान, नीरज शर्मा, चौधरी वीरसेन सिद्धू,राजेंद्र कोहली आदि भी शामिल रहे।

# इसरार प्रमुख आज होंगे कांग्रेस में शामिल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रदेश सचिव इसरार प्रमुख कल (आज) अपने दल बल के साथ कांग्रेस में शामिल होने की घोषणा करेंगे।

गागलहेडी में आज आयोजित कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में प्रदेशाध्यक्ष अजय राय व सांसद इमरान मसूद के समक्ष यह घोषणा की जायेगी। सम्मेलन में इसरार प्रमुख अपने सैंकडों समर्थकों के साथ पहुंचेंगे। तेली समाज से ताल्लुक रखने वाले इसरार प्रमुख पिछले 20 सालों से समाजसेवा व अपनी बिरादरी के लोगों की समस्याओं को सुलझाने में लगे हुए है। सूत्रों से पता चला है कि सांसद इमरान मसूद उन्हे जिले की देहात या शहर विधानसभा से चुनाव लडाने के इच्छुक है।

# पक्का बाग में अवैध मार्किट का निर्माण, कठघरें में एसडीए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** शहर में लगातार बढ़ रहे अवैध निर्माणों को लेकर विकास प्राधिकरण की कार्यशैली एक बार फिर सवालों के घेरे में दिखाई दे रही है। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में 100 गज से अधिक भूमि पर बिना स्वीकृति के कमर्शियल एवं आवासीय निर्माण तेजी से खड़े किए जा रहे हैं,जबकि विकास प्राधिकरण समय-समय पर अवैध निर्माणों के खिलाफ कार्रवाई के बड़े-बड़े दावे करता रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है ऐसे तथाकथित समाजसेवियों और प्रभावशाली लोंगो के दबाव के चलते कहीं- कहीं प्राधिकरण की कार्रवाई केवल कागजों तक सीमित होकर रह गई है।

पक्के बाग स्थित जीरे वाली गली के समीप एक अवैध मार्केट निर्माण का मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। आरोप है कि एक तथाकथित समाजसेवी के संरक्षण में खुलेआम मार्केट का निर्माण कराया जा रहा है,लेकिन संबंधित विभाग आंखें मूंदे बैठा है। सूत्र क्षेत्रवासियों का कहना है कि इतना बड़ा निर्माण कार्य बिना विभागीय जानकारी के संभव नहीं हो सकता। इसके बावजूद अब तक न तो निर्माण कार्य रुकवाया गया और न ही कोई प्रभावी कार्रवाई सामने आई है। लोगों का यह भी आरोप है कि यह तथाकथित समाजसेवी नगर निगम से जुड़े कई निर्माण कार्यों में भी लगातार अपनी दखल अंदाजी करता आ रहा है, तथा अपने परिवारिक जो पार्षद के पद है उनके प्रभाव के दम पर अपना वर्चस्व कायम किए हुए है। फिलहाल तो स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि विकास प्राधिकरण इस मामले का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए निर्माण की जांच कराए।

# साइबर ठगी से बचने को जागरूक रहें: व्योम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** एसपी सिटी व्योम जिंदल ने कहा कि साइबर ठगों से सावधान रहने की जरूरत है।

एसपी सिटी आई.एम.ए. की मासिक बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि साइबर ठगी से बचने के लिये जागरूकता को अपनाये। डा.नागेंद्र सिंह ने कहा कि कम्प्लीट हार्ट ब्लोक के मरीजो का इलाज पेस मेकर के द्वारा ही किया जा सकता है,उन्होने कहा कि अब दिल के वाल्व बिना सर्जरी के भी बदले जा सकते है।

आई.एम.ए. अध्यक्ष डा प्रवीण शर्मा ने कहा साईबर चोर तरह-तरह के लालच देते है, इसलिए ज्यादा लालच मे पडने की जरूरत नही है ओर किसी भी नई एप्लीकेशन को बहुत सावधानी से डाउनलोड करे। सचिव डा नीरज आर्य ने सभी अतिथियो का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन वैज्ञानिक सचिव डा कलीम अहमद ने किया।

इस अवसर पर डा अनुपम मलिक कोषाध्यक्ष, डा मोहन पाण्डेय, डा जयपाल चन्द, डा सौम्या जैन, डा विकास अग्रवाल, डा रेणू शर्मा, डा पूनम कुमार, डा सीमा अग्रवाल, डा पूनम मखीजा, डा अंकुर उपाध्याय, डा सुधीर अग्रवाल, डा स्वर्णजीत सिंह, डा मनदीप सिंह, डा संजय यादव, डा कर्मवीर सिंह, डा नरेश सैनी, डा अमरजीत पोपली, डा डी.के.तिवारी, डा महेश ग्रोवर, डा डी.के.गुप्ता, डा नरेंद्र खन्ना, डा राजीव गर्ग, डा सतीश भंडारी, डा सुशील कुमार, डा विकास तोमर, डा संजीव मिगलानी, डा रविकांत निरंकारी, डा संजय चौहान, डा प्रवीण मित्तल आदि चिकित्सक उपस्थित थे।

## फरार आरोपी पकड़ा

**अंबेहटा।** रविवार को पुलिस ने अपहरण और दुष्कर्म के गंभीर मामले में काफी समय से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

अंबेहटा निवासी ने अपनी नाबालिग बेटी के साथ छेड़छाड़ की शिकायत दर्ज कराई थी। मामले में थाना नकुड़ पर मुकदमा दर्ज किया गया था, जिसमें विवेचना और पीड़िता के बयान के आधार पर गंभीर धाराओं की बढ़ोतरी करते हुए पॉक्सो एक्ट की धारा 5जी/6 भी शामिल की गई। पुलिस ने बताया कि मुख्य आरोपी अब्दुल मलिक को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। फरार चल रहे आरोपी सोनू उर्फ अब्दुल रहमान पुत्र जाहिद निवासी मोहल्ला किला को गिरफ्तार किया।

# राजकिशोर चेयरमैन व सौरभ बने सचिव



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** इंस्टिट्यूट आफ कास्ट एंड मैनेजमेंट अकाउंटेंट (आईसीएएमआई) की वार्षिक बैठक मे राजकिशोर कौशिक को चेयरमैन और सौरभ जैन को सचिव चुना गया।

शनिवार की देर शाम गिल कालोनी स्थित चेप्टर कार्यलय पर आयोजित बैठक मे सबसे पहले पिछले वर्ष का आय व्यय और शाखा द्वारा किये गए। कार्यक्रमो का ब्यौरा सौरभ जैन ने प्रस्तुत किया। इसके बाद सर्व संमती से वर्ष 2026-27 की कमेटी के लिए राजकिशोर कौशिक को चेयरमैन चुना गया, कमेटी मे भावना अग्रवाल उपाध्यक्ष, सौरभ जैन सचिव, डा. दीपक शर्मा संयुक्त सचिव, अभिनव जैन कोषाध्यक्ष, व पूर्व चेयरमैन श्री अनिल जैन, अंकुर कालड़ा, रजत अरोड़ा, दीपक गोयल, जीवन आदि सदस्य चुने गए। नवनिर्वाचित चेयरमैन राजकिशोर कौशिक ने कहा आईसीएमएआई कोर्स करने वाले छात्रों को रजिस्ट्रेशन और अन्य कार्यों के लिए दिल्ली नहीं जाना पड़ेगा यहां की शाखा पर सभी सुविधा उपलब्ध कराई जाएंगी। पूर्व चेयरमैन अनिल जैन ने आगामी वर्ष मे छात्रों के लिये इस डिग्री को जागरूकता कार्यक्रम कराने पर जोर दिया। इस मोके पर सीएमए एकता गोयल, आशी जैन, दीपक भारद्वाज आदि सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# सर्वाइकल कैंसर बचाव को किया जागरूक




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आर्ब्स एवं गायनी सोसाइटी के तत्वावधान में जागरूकता गोष्ठी एवं स्वास्थ्य शिविर में महिलाओं और किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के प्रति जागरूक किया गया।

लिंक रोड स्थित उडान एनजीओ में आयोजित गोष्ठी में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने एचपीवी वैक्सीन को सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षा का प्रभावी माध्यम बताते हुए सभी को समय पर वैक्सीनेशन कराने की सलाह दी। कार्यक्रम में एनीमिया से बचाव, पौष्टिक आहार और स्वच्छता के महत्व पर भी जानकारी दी गई। डा. अनिता मलिक एवं डा. सोमा अग्रवाल ने महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। सोसाइटी की अध्यक्ष डा. पूनम त्यागी, सचिव डा. आरती भाल्टा, डा. मीनल गोयल एवं डा. अमिता चावला ने महिलाओं की स्वास्थ्य समस्याएं सुनकर आवश्यक परामर्श दिया और नि:शुल्क दवाइयां वितरित कीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में उड़ान एनजीओ के अजय सिंघल, माधवी सिंघल, मधु अग्रवाल एवं संजय त्यागी का विशेष योगदान रहा।

# ग्लोकल विवि फार्मेसी कॉलेज में फेयरवेल कार्यक्रम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ग्लोकल यूनिवर्सिटी फार्मेसी कॉलेज में एडियोस फिएस्टा 2026 नामक फेयरवेल समारोह बड़े ही उत्साह, गरिमा और सांस्कृतिक रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ, जिसमें विश्वविद्यालय की गणमान्य अतिथियों ने सहभागिता की। इसके पश्चात स्वागत संबोधन ग्लोकल यूनिवर्सिटी फार्मेसी कॉलेज के डीन प्रो. डॉ. हरि हरा सुदन द्वारा प्रस्तुत किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए उनके समर्पण एवं उपलब्धियों की सराहना की। ग्लोकल् विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. मंजू गुप्ता ने विद्यार्थियों को प्रेरणादायक संदेश देते हुए कहा कि सफलता निरंतर परिश्रम, अनुशासन और सकारात्मक सोच से प्राप्त होती है।

कार्यक्रम में श्री निजामुद्दीन, अतिरिक्त प्रतिकुलाधिपति (वित्त) तथा डॉ ओम कुमार हर्ष, अतिरिक्त प्रतिकुलाधिपति (शैक्षणिक) ने भी विद्यार्थियों को उनके आगामी जीवन के लिए शुभकामनाएँ दीं। रजिस्ट्रार श्रीमती शिवानी तिवारी ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल करियर एवं सफलता की कामना की। कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन डॉ. इकरा राहत, के द्वारा सफलतापूर्वक किया गया। समारोह को सफल बनाने में आयोजन समिति के सदस्यों मुहम्मद मुर्तजा, सलमान खान, फिरोज आलम, फरहान उस्मानी, नितिन सैनी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

समारोह में मिस्टर फेयरवेल एवं मिस फेयरवेल (बी.फार्मा एवं डी.फार्मा अंतिम वर्ष) प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## थाना मण्डी पुलिस ने दो शातिर पकड़े

**सहारनपुर।** मंडी कोतवाली पुलिस ने दो शातिर बदमाशों को दबोचकर उनके कब्जे से दो अवैध चाकू बरामद करने में सफलता हासिल कर ली।

मिली जानकारी के अनुसार मंडी कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक सतपाल भाटी व उपनिरीक्षक सुशील कुमार के नेतृत्व में चौकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर दो शातिर बदमाशों शादाब उर्फ नाटी पुत्र जहीर निवासी इंदिरा चौक थाना मंडी व अली नवाज पुत्र शाहनवाज निवासी किराए का मकान अब्दुल वजीद का धोबीवाला इशरत राईस मिल के सामने थाना मंडी को कमेला रोड पर खाली पड़े प्लाट के सामने से गिरफ्तार कर लिया।

# उत्कृष्ट कार्य के लिए अंशकालिक अनुदेशक सम्मानित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जनपद के विकास खंडों से उत्कृष्ट कार्य करने वाले दो-दो अंशकालिक अनुदेशकों को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह, डमी चेक का वितरण किया गया।

राजकीय इंटर कॉलेज नेहरू मार्केट में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कर कमलों द्वारा अंशकालिक अनुदेशक सम्मान समारोह एवं बढ़े हुए मानदेय वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ एवं सजीव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन करते हुए मुख्य अतिथि राज्य मंत्री लोक निर्माण विभाग कुंवर बृजेश सिंह, जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान, मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कुमारी कोमल, खंड शिक्षा अधिकारी योगेश शर्मा, प्रीतिपाल, सहदेव गंगवार, संजय डबराल, बृजेन्द्र द्वारा किया गया। मंत्री कुंवर बृजेश द्वारा अनुदेशको को 9000 से बढ़ाकर रुपये 17000 रुपए मानदेय वृद्धि की शुभकामनाएं दी गई एवं सरकार द्वारा अनुदेशको को एवं उनके परिजनों को 500000 तक कैशलेस चिकित्सा सुविधाओं को प्रदान करने हेतु मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया गया। जिलाधिकारी द्वारा अनुदेशको के बड़े हुए मानदेय के संबंध में उनको शुभकामनाएं दी गई एवं बेसिक शिक्षा विभाग में कायाकल्प के अंतर्गत उपलब्ध संसाधनों एवं स्मार्ट क्लास के माध्यम से बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही, शिक्षा व्यवस्था का जिक्र करते हुए सभी शिक्षकों से अपेक्षा की गई की हम अपने विद्यालयों को निपुण विद्यालय, ब्लॉक को निपुण ब्लॉक , जनपद को निपुण जनपद बनाएंगे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, एवं अधिकारियों का धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया गया। जिला समन्वयक अरविंद कुमार सिंह, एसआरजी सरफराज आलम, एआरपी पारुल, अंकिमा जैन उपस्थित रहे। संचालन एकेडमिक रिसोर्स पर्सन प्रवीण चौधरी, डॉ. गोपाल शर्मा, द्वारा किया गया।

## चरस समेत दबोचा

**सहारनपुर।** नगर कोतवाली पुलिस ने एक शातिर नशा तस्कर को दबोचकर उसके कब्जे से 125 ग्राम अवैध चरस बरामद कर ली।

डीआईजी अभिषेक सिंह के निर्देश पर परिक्षेत्र के तीनों जनपदों की पुलिस द्वारा ऑपरेशन सवेरा-नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत आज थाना नगर कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह व उपनिरीक्षक महेंद्र सिंह चौहान के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर चौकिंग के दौरान एक शातिर नशा तस्कर विशाल पुत्र भारत भूषण निवासी गोपाल नगर नुमाईश कैम्प थाना कोतवाली नगर को प्रभात टाकिज की पार्किंग के पीछे से दबोच लिया।

# शिविर में 27 यूनिट रक्त किया एकत्र



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साढौली कदीम।** ग्राम पंचायत दबकोरा स्थित डॉ. अनस चौधरी के क्लीनिक पर हेल्पिंग हैंड्स इमरजेंसी ब्लड हेल्पलाइन द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में मुख्य अतिथि किरण हेल्थ केयर सेंटर के संस्थापक डॉ. हिमांशु शर्मा ने युवाओं से जाति-मजहब से ऊपर उठकर रक्तदान करने की अपील की। विशिष्ट अतिथि मनोज कपिल शर्मा और डॉ. शोहराब पोसवाल ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई पुण्य नहीं है, इससे किसी की जान बचाई जा सकती है।

संस्था के पदाधिकारी नवाब मलिक ने बताया कि क्षेत्र में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से यह कैंप लगाया गया है। शिविर में कुल 27 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। इस दौरान सभी रक्तदाताओं को सम्मान पत्र और अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से अफजल खान, डॉ. अजहर पोसवाल, फैजान कुरैशी, चौधरी जैद और डॉ. दानिश मलिक आदि मौजूद रहे।

# कंपनी निदेशक की फर्जी व्हाटसऐप डीपी बनाकर ठगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** साइबर अपराधियों ने एक कंपनी कर्मचारी को झांसे में लेकर 94.60 लाख रुपये की ठगी को अंजाम दे दिया। मामला साइबर क्राइम थाने में दर्ज किया गया है। ठगों ने कंपनी निदेशक की फोटो और नाम का इस्तेमाल कर व्हाट्सऐप पर फर्जी पहचान बनाई और तत्काल भुगतान के नाम पर रकम ट्रांसफर करा ली।




**पीड़ित का विवरण:** पीड़ित अमित कुमार मित्तल ने बताया कि वह सेक्टर-110 स्थित एक निजी कंपनी में अकाउंटेंट के पद पर कार्यरत हैं। आठ मई को उनके मोबाइल पर एक अनजान नंबर से व्हाट्सऐप संदेश आया। प्रोफाइल फोटो में कंपनी निदेशक की तस्वीर लगी थी। आरोपी ने खुद को कंपनी से जुड़ा बताते हुए कहा कि एक कारोबारी का भुगतान करना है। इसके बाद अलग-अलग बैंक खातों में रकम ट्रांसफर कराने का दबाव बनाया गया। आरोपी ने पहले कहा कि कंपनी के आईसीआईसीआई और एचडीएफसी खातों में पर्याप्त धनराशि नहीं है, इसलिए तत्काल दूसरे खाते में भुगतान करना जरूरी है। आरोपी ने एक बैंक खाता नंबर भेजा और उसमें 94.60 लाख रुपए ट्रांसफर करा लिए। रकम ट्रांसफर होने के बाद जब पीड़ित ने कंपनी निदेशक से बात की तो पता चला कि उन्होंने किसी भी भुगतान के निर्देश नहीं दिए थे। इसके बाद ठगी का खुलासा हुआ। पीड़ित ने एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने के साथ साइबर थाने में एफआईआर कराई है। पुलिस बैंक खातों और मोबाइल नंबरों की जांच कर रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि जिस खाते में ठगी की रकम ट्रांसफर हुई है,उसके संबंध में अहम जानकारी मिली है। रकम को फ्रीज और होल्ड कराने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

**फर्जीवाड़े से बचें:** साइबर विशेषज्ञों के मुताबिक आजकल अपराधी व्हाट्सऐप डीपी, कंपनी लोगो और अधिकारियों के नाम का इस्तेमाल कर कर्मचारियों को निशाना बना रहे हैं। इस तरह की धोखाधड़ी से बचने के लिए कुछ सावधानियां बेहद जरूरी हैं। केवल व्हाट्सऐप मैसेज के आधार पर बड़ा भुगतान कभी न करें। रकम ट्रांसफर से पहले संबंधित अधिकारी से कॉल या वीडियो कॉल पर पुष्टि करें।अनजान बैंक खातों में तत्काल भुगतान करने के दबाव से सतर्क रहें। कंपनी में पेमेंट अप्रूवल की दोहरी व्यवस्था लागू करें।

**ठगी होने पर शिकायत:** किसी भी संदिग्ध मैसेज, लिंक या नंबर की1930 तुरंत आईटी और साइबर टीम को जानकारी दें। साइबर ठगी होने पर तुरंत 1930 हेल्पलाइन या एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं।साइबर पुलिस का कहना है कि कारोबारी संस्थानों और अकाउंट विभागों को विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है, क्योंकि अपराधी अब तकनीक और सोशल इंजीनियरिंग के जरिए भरोसा जीतकर बड़ी वारदातों को अंजाम दे रहे हैं।

**पहले हुई ठगी**

15 जनवरी 2026: सेक्टर-62 की आईटी कंपनी के कर्मचारी से निदेशक बनकर 38 लाख रुपए ट्रांसफर कराए गए।

28 नवंबर 2025: ग्रेटर नोएडा की एक्सपोर्ट कंपनी के अकाउंट विभाग से फर्जी मेल और व्हाट्सऐप के जरिए 52 लाख रुपये की ठगी हुई।

19 अगस्त 2025 :सेक्टर-18 स्थित कारोबारी फर्म के मैनेजर से मालिक की फर्जी डीपी लगाकर 21 लाख रुपये अलग-अलग खातों में जमा करा लिए गए।

# नोएडा प्राधिकरण पूरी तरह होगा डिजिटल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण अब पूरी तरह पेपरलेस सिस्टम की ओर बढ़ रहा है। प्राधिकरण ने कामकाज को तेज और पारदर्शी बनाने के लिए सभी विभागों को एकीकृत ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से जोड़ने की तैयारी शुरू कर दी है। नए सिस्टम के लागू होने के बाद प्रॉपर्टी से जुड़ी हर जानकारी अधिकारियों को मोबाइल और कंप्यूटर पर तुरंत उपलब्ध हो सकेगी। इससे फाइलों के ढेर और विभागों के चक्कर लगाने की जरूरत काफी हद तक खत्म हो जाएगी।

**एक क्लिक पर मिलेगी पूरी प्रॉपर्टी डिटेल:** प्राधिकरण अधिकारियों के अनुसार इसके लिए नया इंटीग्रेटेड सॉफ्टवेयर तैयार किया जा रहा है। इसमें प्राधिकरण के सभी मौजूदा सॉफ्टवेयर और विभागीय डाटा को एक प्लेटफॉर्म पर लिंक किया जाएगा। इससे अलग-अलग विभागों में फाइल भेजने और जानकारी जुटाने में लगने वाला समय बचेगा और काम तेजी से होगा।

नई व्यवस्था लागू होने के बाद अगर कोई आवंटी भवन का नक्शा पास कराता है और बाद में जल, सीवर, बिजली या अन्य विभागों से एनओसी के लिए आवेदन करता है तो संबंधित अधिकारी को अलग-अलग फाइलें मंगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। अधिकारी केवल सिस्टम में प्रॉपर्टी नंबर डालेंगे और पूरी जानकारी स्क्रीन पर उपलब्ध हो जाएगी।

**नक्शा, भुगतान और एनओसी का रिकॉर्ड रहेगा ऑनलाइन:** सॉफ्टवेयर में नक्शा स्वीकृति, भुगतान की स्थिति, विभागीय अनुमति और आवेदन की पूरी जानकारी ऑनलाइन उपलब्ध रहेगी। प्राधिकरण का कहना है कि इससे विभागों के बीच समन्वय बेहतर होगा और कार्यप्रणाली में पारदर्शिता आएगी।

आईटी सेल को निर्देश दिए गए हैं कि सभी विभाग अपनी अपडेट और स्वीकृतियां संबंधित प्रॉपर्टी आईडी के साथ ऑनलाइन अपलोड करें, ताकि भविष्य में किसी भी विभाग को रिकॉर्ड तलाशने में परेशानी न हो।

**सीईओ के सामने हुआ प्रेजेंटेशन:** नए सॉफ्टवेयर का प्रेजेंटेशन हाल ही में नोएडा प्राधिकरण के सीईओ के सामने दिया गया। प्रस्तुति के दौरान कुछ तकनीकी और संचालन संबंधी बदलाव सुझाए गए। अब संशोधन के बाद सॉफ्टवेयर को अंतिम रूप देकर जल्द लागू करने की तैयारी की जा रही है।

## वाहन की टक्कर से पिता-पुत्र घायल

**ग्रेटर नोएडा।** जेवर कोतवाली क्षेत्र के कुरेव गांव के जंगल में सड़क किनारे खड़े बाप बेटे को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गम्भीर रूप से घायल हो गए। दोनों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक खगनपाल अपने बेटे रवि के साथ गुरुवार को गांव के जंगल में खड़े होकर अपने भाई का इंतजार कर रहे थे। इसी बीच एक अज्ञात वाहन ने दोनों को टक्कर मार दी। हादसे के बाद आरोपी गाड़ी लेकर मौके से भाग गया। आसपास मौजूद लोगों ने दोनों घायलों को नजदीक के एक अस्पताल में भर्ती करवाया।

# मरा हुआ चूहा लेकर पुलिस चौकी पहुंची महिला

■ **पुलिस भी रह गई दंग, परेशान करने का लगाया आरोप, नहीं दी लिखित शिकायत**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** एक्सप्रेसवे थानाक्षेत्र में मरा चूहा लेकर चौकी पहुंची महिला ने शनिवार को पुलिस को हैरान कर दिया। महिला ने पड़ोसी पर चूहा मारकर उसके घर में फेंकने का आरोप लगाते हुए मौखिक शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने महिला को काफी समझाया।




सेक्टर-134 स्थित जेपी कॉसमॉस सोसाइटी में पड़ोसियों की तनातनी इस स्तर पर पहुंच गई कि एक महिला हाथ में मरा हुआ चूहा लेकर सीधे सेक्टर 129 पुलिस चौकी जा पहुंची। महिला ने पुलिस के सामने चूहा रखते हुए कहा कि यही है मेरे पड़ोसी की करतूत का सबूत। एक पल के लिए एक्सप्रेसवे थाने में मौजूद पुलिसकर्मी भी सन्न रह गए। किसी को समझ नहीं आया कि पहले शिकायत लिखी जाए या क्या किया जाए। थाने में मौजूद लोग भी हैरानी से महिला और उसके हाथ में पकड़े सबूत को देखते रह गए।

**परेशान करने का आरोप:** दरअसल सोसायटी में रहने वाली तमन्ना नाम की महिला का आरोप है कि उसका पड़ोसी पिछले कई दिनों से उसे परेशान करने के लिए उसके फ्लैट के बाहर मरे हुए चूहे फेंक रहा है। शुरुआत में उसने इसे नजरअंदाज किया, लेकिन जब यह बार-बार होने लगा तो वह नाराज हो गई। इस बार उसने तय कर लिया कि अब मामला सीधे पुलिस तक जाएगा।

**पॉलिथीन में पैक कर पहुंची थाने:** महिला गुस्से में मरे हुए चूहे को टिश्यू और पॉलीथिन में पैक कर थाने पहुंची । वहां उसने पुलिस को पूरी कहानी सुनाई और पड़ोसी पर मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगाया। महिला ने खुद को एनिमल लवर बताते हुए कहा कि जानवरों को मारकर इस तरह फेंकना अमानवीय है।

**नहीं दी लिखित शिकायत:** महिला की शिकायत सुनने के बाद पुलिसकर्मियों ने बड़ी गंभीरता से उसे समझाया कि कार्रवाई के लिए लिखित शिकायत जरूरी होगी। हालांकि कुछ पुलिसकर्मी अंदर ही अंदर इस अनोखे मामले पर मुस्कुराते भी नजर आए। उधर, सोसायटी में जैसे ही इस प्रकार की शिकायत की खबर फैली, लोगों के व्हाट्सऐप ग्रुप पर चर्चा करना शुरू कर दिया। किसी ने इसे "रैट वॉर" नाम दे दिया तो कोई बोला कि अब सोसायटी में इंसानों से ज्यादा चूहे चर्चा में हैं।

## एक नजर

### मोबाइल टावर से लाखों के उपकरण चोरी

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** चिपयाना बुजुर्ग स्थित रेलवे लाइन के पास लगे मोबाइल टावर से अज्ञात चोर लाखों रुपये के तकनीकी उपकरण चोरी कर ले गए। मामले में कंपनी प्रतिनिधि ने बिसरख कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज कराई है। एलेवर डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड का मोबाइल टावर क्षेत्र में स्थापित है। कंपनी प्रतिनिधि चंदन कुमार ने पुलिस को बताया कि 4 मई को तकनीशियन संजीव को टावर साइट से अलार्म मिला। मौके पर पहुंचने पर कई जरूरी उपकरण गायब मिले। कंपनी के अनुसार चोरी हुए उपकरणों की कीमत लाखों रुपये है। काफी तलाश के बाद भी सामान का पता नहीं चल सका। कोतवाली प्रभारी कृष्ण गोपाल शर्मा ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### अन्नपूर्णा स्वीट्स हाउस में लगी भीषण आग

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के बादलपुर क्षेत्र स्थित अन्नपूर्णा स्वीट्स हाउस में रविवार दोपहर अचानक आग लग गई। दमकल विभाग की दो यूनिटों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। समय रहते कार्रवाई होने से आसपास की दुकानों तक आग नहीं फैली और बड़ा हादसा टल गया।

सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया कि आग लगने की सूचना रविवार को दोपहर 2:45 बजे फायर स्टेशन पर प्राप्त हुई थी। सूचना मिलते ही 2:46 बजे गौर सिटी यूनिट और दादरी यूनिट को रवाना कर दिया गया था। गौड़ सिटी यूनिट की टीम करीब 3:11 बजे घटनास्थल पर पहुंची, जहां दुकान से धुआं और आग की लपटें निकल रही थीं।

दमकल विभाग ने तत्काल मोर्चा संभालते हुए दो अग्निशमन वाहनों की मदद से आग बुझाने का अभियान शुरू किया। फायर कर्मियों ने काफी प्रयास के बाद आग को पूरी तरह शांत कर दिया। समय रहते कार्रवाई होने से आग आसपास की दुकानों तक नहीं फैल सकी, जिससे एक बड़ी दुर्घटना टल गई।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग शॉर्ट सर्किट या विद्युत उपकरणों में खराबी के कारण लगने की आशंका है। हालांकि वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है। घटना के दौरान मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई थी। पुलिस और फायर विभाग की टीम ने क्षेत्र को सुरक्षित कर हालात सामान्य किए।

### बीमा पॉलिसी की रकम दिलाने के नाम पर 25 लाख की ठगी

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा निवासी व्यक्ति से जीवन बीमा पॉलिसी की मेच्योरिटी राशि दिलाने के नाम पर 25 लाख रुपये से अधिक की ठगी की गई है। इस मामले में साइबर क्राइम थाना सेक्टर-36 में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने बताया कि बीटा-2 थाना क्षेत्र निवासी यशपाल भाटी ने बताया कि नवंबर में अंजान नंबर से कॉल आई। कॉलर ने पहले खुद को बीमा कंपनी और बाद में एनपीसीआई का अधिकारी बताया। आरोपी ने उनकी पॉलिसियां मेच्योर होने का झांसा दिया और बताया कि उन्हें 1.23 करोड़ रुपये मिलेंगे।

इसके बाद जनवरी तक अलग-अलग नंबरों से कॉल कर प्रोसेसिंग फीस, पेनल्टी, टैक्स और चार्टर्ड अकाउंटेंट फीस के नाम पर बैंक खातों में 25 लाख 46 हजार 932 रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद भी जब राशि नहीं मिली तो पीड़ित ने एनसीआरपी और साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई। डीसीपी साइबर शैव्या गोयल ने बताया कि खातों का ब्योरा पुलिस खंगाल रही है।

## मलकपुर स्टेडियम के आउटडोर मैदान का होगा सौंदर्यीकरण

**ग्रेटर नोएडा।** सूरजपुर क्षेत्र स्थित मलकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम का आउटडोर मैदान जल्द ही आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। लंबे समय से अधूरे पड़े स्टेडियम के विकास कार्य को अब गति मिलने जा रही है। शासन ने मैदान के सौंदर्यीकरण और आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए 1.41 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत कर दी है। निर्माण कार्य की जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (यूपीएससीआईडीसी) को सौंपी गई है। शनिवार को यूपी सिडको की तकनीकी टीम और जेई रोहित पांडेय ने स्टेडियम का निरीक्षण कर प्रस्तावित कार्यों का जायजा लिया। अधिकारियों के अनुसार इस सप्ताह से मैदान में मिट्टी भराव, समतलीकरण, घास लगाने और परिसर में टाइल्स बिछाने का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। खेल विभाग का दावा है कि करीब छह माह के भीतर निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

**मैदान में उच्च गुणवत्ता वाली घास लगाई जाएगी**- प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी डॉ. परवेज अली ने बताया कि मैदान में उच्च गुणवत्ता वाली घास लगाई जाएगी, जिससे खिलाड़ियों को बेहतर अभ्यास सुविधा मिल सके। साथ ही खिलाड़ियों और दर्शकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए परिसर में टाइल्स, बैठने की व्यवस्था और अन्य आधारभूत सुविधाओं का भी विकास किया जाएगा।

## किशोरी को बहलाकर ले जाने का आरोप

**नोएडा।** सोरखा गांव में रहने वाली 15 वर्षीय किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पिता ने कुलदीप कुमार नामक युवक पर बेटी को बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया है। सेक्टर 113 थाने में दी शिकायत में श्रवण पासवान ने बताया वह मूलरूप से बिहार के दरभंगा के रहने वाले हैं और वर्तमान में सोरखा गांव में परिवार के साथ रहते हैं। 15 मई को श्रवण की बेटी घर से लापता हो गई। किशोरी की सकुशल बरामदगी और आरोपी युवक की गिरफ्तारी के लिए दो टीमें गठित कर दी गई हैं।

## तिलपता गोलचक्कर पर जाम से राहत मिलेगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के तिलपता गोलचक्कर पर लोगों को जाम की समस्या से राहत मिल जाएगी। यहां सर्विस मार्ग और यूटर्न का निर्माण किया जा रहा है। यह काम अगले दो से तीन माह में पूरा हो जाएगा।

परियोजना विभाग के अधिकारी के मुताबिक 130 मीटर चौड़ी सड़क पर तिलपता गोलचक्कर से डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (डीएफसीसीआईएल) के ओवरब्रिज तक सर्विस मार्ग का निर्माण किया जा रहा है। एक किलोमीटर लंबी यह सर्विस रोड करीब सात मीटर चौड़ी होगी। दरअसल, नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से अगले महीने हवाई जहाजों की उड़ान शुरू होने के बाद शहर में ट्रैफिक का दबाव बढ़ जाएगा। इसे देखते हुए सभी प्रमुख सड़कों को चौड़ी किया जा रहा है। ग्रेटर नोएडा और ग्रेटर नोएडा वेस्ट की लाइफ लाइन बन चुकी 130 मीटर सड़क के सर्विस मार्ग का काम कई स्थानों पर अधूरा है। इसके चलते आवागमन में असुविधा हो रही है। इस रास्ते पर ट्रैफिक का दबाव सबसे अधिक रहता है।

नोएडा एयरपोर्ट से उड़ान सेवा शुरू होने के बाद वाहनों की आवाजाही और अधिक बढ़ जाएगी। डीएफसीसीआईएल का निर्माणाधीन ओवरब्रिज भी अगले कुछ माह में शुरू हो जाएगा। ऐसे में प्राधिकरण ने तिलपता गोलचक्कर के आसपास सर्विस मार्ग को दुरुस्त करने का काम तेज कर दिया है। एक तरफ का सर्विस मार्ग पहले से ही बना है। वहीं 130 मीटर सड़क के किनारे चार मूर्ति चौक से लेकर ग्रेटर नोएडा ईस्ट इलाके में सिरसा गोलचक्कर तक बस-वे का काम भी तेज कर दिया गया है। इससे आवागमन सुगम हो जाएगा। वरिष्ठ प्रबंधक प्रभात शंकर ने बताया कि तिलपता गोलचक्कर से डीएफसीसीआईएल के ओवरब्रिज तक दो लेन के सर्विस रोड का निर्माण किया जा रहा है। इससे गोलचक्कर पर जाम की समस्या दूर हो जाएगी। इसका फायदा अंसल हाउसिंग, पैरामाउंट गोल्फ फॉरेस्ट सहित आसपास की अन्य सोसाइटियों में रहने वाले हजारों लोगों को भी मिलेगा। साथ ही उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) के सेक्टर सूरजपुर साइट- सी और बी में पहुंचना आसान हो जाएगा।

# जनपद के अनुदेशकों को बढ़े मानदेय पर मिला सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गौतमबुद्धनगर।** राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सोमेंद्र तोमर की अध्यक्षता में आज ग्रेटर नोएडा वर्ल्ड स्कूल, सिग्मा-1 के सभागार में जनपद गौतमबुद्धनगर के अनुदेशकों हेतु बढ़े हुए मानदेय के उपलक्ष्य में सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी उपस्थित अतिथियों एवं जनसमूह द्वारा देखा गया।



इस अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष महेश चौहान, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) प्रियंका, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पंवार, जिला दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी आशीष सिंह, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी लवेश सिसोदिया, जिला बचत अधिकारी शलभ राठी, ग्रेटर नोएडा वर्ल्ड स्कूल की प्रधानाचार्या मंजू कौल, खंड शिक्षा अधिकारी बिसरख एवं दादरी चंद्रभूषण प्रसाद, खंड शिक्षा अधिकारी जेवर एवं दनकौर मोहम्मद राशिद, जिला समन्वयक प्रशिक्षण राकेश कुमार, जिला समन्वयक निपुण भारत मिशन अमित कुमार, जिला समन्वयक समेकित शिक्षा अरविंद पाठक, जिला समन्वयक ईएमआईएस इंचार्ज संजीव पाठक, जिला समन्वयक एमआईएस रंजीत यादव, जिला समन्वयक मिड डे मील राघव मेहंदीरत्ता, ईसीसीई एजूकेटर, समस्त एसआरजी, एआरपी तथा जनपद के चारों ब्लॉकों से आए अनुदेशक उपस्थित रहे।

लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम के समापन के पश्चात जनपद स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सोमेंद्र तोमर, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) प्रियंका, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पंवार एवं अन्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात उच्च प्राथमिक विद्यालय घोड़ी बछेड़ा की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं शॉल भेंट कर स्वागत किया गया।

मुख्य अतिथि सोमेंद्र तोमर द्वारा अपने उद्बोधन में सभी अनुदेशकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में उनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि अनुदेशकों के प्रयासों से शिक्षा विभाग नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगा तथा विद्यार्थियों में नई ऊर्जा और सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिलेगा। उन्होंने बेसिक शिक्षा विभाग की उपलब्धियों का भी उल्लेख किया।

# एनपीसीएल के खिलाफ किसानों की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के नवादा गांव में रविवार को किसान एकता संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसमें बिजली विभाग (एनपीसीएल) की कथित तानाशाही और बिजली संबंधी समस्याओं के विरोध में बड़े आंदोलन की रणनीति पर चर्चा की गई।

यह बैठक राजीव नागर के निवास पर आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता खुशीराम ने की और संचालन जिला अध्यक्ष पप्पे नागर ने किया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोरन प्रधान के मार्गदर्शन में किसानों ने विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया।

राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष वनीष प्रधान ने घोषणा की कि एनपीसीएल के खिलाफ जल्द ही तुगलपुर स्थित उसके कार्यालय पर एक बड़ी महापंचायत आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि संगठन के कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर लोगों को महापंचायत में शामिल होने के लिए प्रेरित कर रहे हैं, और ग्रामीणों से भी समर्थन का आश्वासन मिला है।

बैठक के दौरान संगठन विस्तार पर भी विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर कई लोगों ने भारतीय किसान यूनियन (भानू) छोड़कर किसान एकता संघ की सदस्यता ग्रहण की। राजीव नागर को किसान एकता संगठन का पश्चिमी उत्तर प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

# स्वास्थ्य विभाग में अफसरों की कमी से बढ़ा काम का दबाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** स्वास्थ्य विभाग में डिप्टी सीएमओ और एसीएमओ स्तर के कई पद खाली होने के कारण विभागीय कामकाज प्रभावित हो रहा है। स्वास्थ्य योजनाओं की मॉनिटरिंग, अस्पताल निरीक्षण और फील्ड स्तर के कार्यों पर साफ दिखाई दे रहा है। ऐसे में एक अधिकारी के ऊपर दो से तीन काम होते हैं। इससे काम में दिक्कतें आ रही है। वर्तमान में कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सीमित अधिकारियों के भरोसे चल रही हैं। एक अधिकारी को कई शाखाओं का कार्य संभालना पड़ रहा है, जिससे प्रशासनिक और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े कामों का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि डिप्टी सीएमओ और एसीएमओ स्तर के अधिकारी टीकाकरण अभियान, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की निगरानी, निजी अस्पतालों के निरीक्षण और जन स्वास्थ्य योजनाओं के संचालन में अहम भूमिका निभाते हैं। पद खाली होने से इन कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग प्रभावित हो रही है। ऐसे में कई बार विभाग की ओर से शासन को प्रस्ताव भेजकर खाली पदों पर नियुक्ति की मांग की जा चुकी है। बावजूद इसके अब तक नई तैनाती नहीं हो सकी है।

अधिकारियों का कहना है कि स्टाफ की कमी के चलते फील्ड निरीक्षण और प्रशासनिक कार्यों में परेशानी बढ़ रही है। सीएमओ डॉ. नरेंद्र कुमार ने बताया कि जिले में डिप्टी सीएमओ और एसीएमओ के कई पद रिक्त हैं। इन पदों को भरने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है और जल्द नियुक्ति होने की उम्मीद है।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

## महागुन मंत्रा-2 में रजिस्ट्री शुरु होने से मिलेगा मालिकाना हक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट स्थित महागुन मंत्रा-2 सोसाइटी के निवासियों की रजिस्ट्री जल्द शुरु होने से उम्मीद बढ़ गई है। निवासियों का कहना है कि साढ़े तीन वर्षों से अधिक समय तक अपनी रजिस्ट्री के लिए लगातार संघर्ष किया। कई बार बिल्डर, प्राधिकरण और जिला प्रशासन के चक्कर लगाए, लेकिन कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया। मजबूर होकर महागुन मंत्रा-2 में रहने वाले लोगों ने नेफोमा के मुख्य सलाहकार दीपक दुबे के नेतृत्व में उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। न्यायालय ने 90 दिनों के भीतर उनकी मांगों को पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

दीपक दुबे का कहना है कि सभी निवासी एक परिवार की तरह हैं और नेफोमा ऐसे पीड़ित खरीदारों के साथ हर संभव तरीके से खड़ा रहेगा।

नेफोमा अध्यक्ष अन्नू खान ने कहा कि इस तरह की समस्या से ग्रेनो वेस्ट की कई सोसाइटियों के निवासी परेशानी हैं। बिल्डर एवं प्राधिकरण के बीच खींचतान के कारण रजिस्ट्री प्रक्रिया बाधित हो रही है। न्यायालय से निर्देश प्राप्त होने के बाद सोसाइटी निवासियों में काफी उल्लास देखने को मिला और लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस अवसर पर संतोष सिंह, राहुल, प्रवीण, संतोष आनंद, साकेत, अंकित, संतोष श्रीवास्तव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# विदेशी महिला 60 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में पुलिस ने अवैध शराब की बिक्री के खिलाफ कार्रवाई की है। सुपरटेक उपकंट्री सोसायटी से एक विदेशी महिला को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उसके पास से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद की है। आरोपी को रविवार को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।



पुलिस के अनुसार, दनकौर कोतवाली पुलिस को सूचना मिली थी कि सुपरटेक उपकंट्री सोसायटी में एक विदेशी महिला कई दिनों से अवैध रूप से शराब बेच रही थी। आरोप है कि महिला एक दुकान की आड़ में शराब तस्करी का धंधा चला रही थी। इस सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने रविवार को मौके पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान महिला की दुकान से करीब 60 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुई। पूछताछ में महिला ने स्वीकार किया कि वह लंबे समय से शराब की बिक्री कर रही थी। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान 57 वर्षीय उज्जू, निवासी नाइजीरिया के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस उसके दस्तावेजों और भारत में रहने की वैधता की भी जांच कर रही है। इस मामले की सूचना संबंधित विदेशी दूतावास को भी दे दी गई है।

दनकौर कोतवाली के एसएसआई सोहनपाल सिंह ने बताया कि आरोपी महिला को गिरफ्तार कर रविवार को कोर्ट में पेश किया गया था। वहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### साफ्टवेयर टूल्स से चल रही जापान की अनोखी पार्टी 'मिराई'

**टोक्यो।** जापान की राजनी. ति में एक अनोखी पार्टी 'टीम फ्यूचर मिराई' चर्चा में है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) समर्थक एजेंडे और टेक्नोलाजी आधारित राजनीति के वादे के साथ उभरी इस पार्टी का चेहरा अन्नो ताकाहिरो हैं, जो साफ्टवेयर इंजीनियर और एआई उद्यमी से पहले साइंस फिक्शन लेखक भी रहे हैं। ताकाहिरो सरकार और लोकतंत्र में भी इंजी. नियरिंग सोच और टेक्नोलाजी के इस्तेमाल की पैरवी कर दुनिया में तकनीक-आधारित राजनीति की नई बहस को आगे बढ़ा रहे हैं।

### पद छोड़ने की तैयारी में हैं ब्रिटिश पीएम

**लंदन।** डेली मेल के स्तंभकार डैन हॉजेस ने सरकारी सूत्रों का हवाला देते हुए दावा किया है कि ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर स्वेच्छा से इस्तीफा देंगे। इससे पहले, स्थानीय चुनावों में लेबर पार्टी की हार के बाद लगभग 100 ब्रिटिश सांसदों ने स्टारमर के इस्तीफे की मांग की थी। फाइनेंशियल टाइम्स ने शुक्रवार को सूत्रों के हवाले से बताया कि ब्रिटिश अधिकारियों को आशंका है कि सत्तारूढ़ लेबर पार्टी के भीतर सत्ता संघर्ष सरकार के कामकाज को ठप्प कर सकता है।

### स्क्रिप्ट पढ़ता नहीं, सुनकर समझता हूं विजन: सलमान खान

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार सलमान खान ने अपने काम करने के तरीके को लेकर बड़ा खुलासा करते हुए कहा है कि उन्होंने आज तक कभी किसी फिल्म की स्क्रिप्ट पढ़ी नहीं, बल्कि हमेशा उसे सुनकर ही समझा है। सलमान खान ने भारतीय सिनेमा में एक ऐसे सुपरस्टार के रूप में अपनी पहचान बनाई है, जिनकी फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड तोड़े हैं और कई पीढ़ियों में जबरदस्त फैन फॉलोइंग बनाई है। जहां सलमान खान को अक्सर ऐसा स्टार माना जाता है जो खुद भी राइटिंग से जुड़े रहे हैं।




**शिमला। कफरी में गर्मी के मौसम में भारी पर्यटक भीड़ के कारण जाम में फंसे वाहन।**

## नाइजीरिया में हथियारबंद बंदूकधारियों ने 45 स्कूली बच्चों का किया अपहरण

**अबूजा।** दक्षिण-पश्चिम नाइजीरिया के ओयो इलाके में हथियारबंद बंदूकधारियों ने 45 से अधिक स्कूली बच्चों का अपहरण कर लिया है। इस बेहद स्तब्ध करने वाली घटना को तीन अलग-अलग स्कूलों पर दिनदहाड़े एक समन्वित हमले के जरिए अंजाम दिया गया। स्थानीय अखबार 'पंच' की रिपोर्ट के अनुसार, हमलावरों ने ओरीरे स्थानीय सरकारी क्षेत्र में सुबह की कक्षाओं के दौरान निशाना बनाया। उन्होंने यावोटा स्थित तीन प्राइमरी स्कूलों पर धावा बोला। मोटरसाइकिलों पर सवार होकर आए हमलावरों ने अंधाधुंध गोलीबारी की और बच्चों को बंधक बनाकर पास के जंगली इलाकों में फरार हो गए।

# यूक्रेन का रूस पर 1000 ड्रोन से हमला

## सेमीकंडक्टर प्लांट, ऑयल रिफाइनरी को निशाना बनाया, 1 भारतीय समेत 4 की मौत

**मास्को।** यूक्रेन ने शनिवार रात को रूस के कई इलाकों पर 1000 से ज्यादा ड्रोन से हमला किया। रिपोर्ट्स के मुताबिक इसमें कम से कम 4 लोगों की मौत हो गई है। इसमें 1 भारतीय मजदूर भी शामिल है। रूस में भारतीय दूतावास ने इसकी पुष्टि की है।

दूतावास के मुताबिक 3 भारतीय घायल भी हैं। अधिकारियों ने हमले की जगह का दौरा किया और अस्पताल में भर्ती घायलों से मुलाकात भी की। अभी तक मारे गए और घायल लोगों की पहचान सार्वजनिक नहीं की गई है। रूस के अधिकारियों ने बताया कि हमले में मास्को इलाके में तीन लोगों की मौत हुई, जबकि यूक्रेन सीमा से लगे बेलगोरोद इलाके में एक और व्यक्ति की जान गई। मास्को में कुल 12 लोग घायल हुए हैं। इनमें तेल रिफाइनरी में काम करने वाले मजदूर



■ अभी तक मारे गए और घायल लोगों की पहचान सार्वजनिक नहीं की गई है

भी शामिल हैं। कीव इंडिपेंडेंस की रिपोर्ट के मुताबिक यूक्रेन ने मास्को इलाके में सैन्य और ईंधन से जुड़े अहम ठिकानों को निशाना बनाया। इनमें एंगस्ट्रेम प्लांट शामिल है, जो रूस की सेना के लिए सेमीकंडक्टर बनाता है। इसके अलावा मास्को आयल रिफाइनरी, सोलनेचनोगोर्स्क और वोलोडार्स्कोये ईंधन स्टेशन को भी निशाना बनाया गया। यूक्रेन ने दावा किया कि कब्जे वाले क्रीमिया में भी हमला किया गया। वहां बेलबेक एयरफील्ड पर एयर डिफेंस सिस्टम, एस-400 रडार सिस्टम का हैंगर, ड्रोन कंट्रोल सिस्टम, डेटा ट्रांसमिशन सेंटर और एयर ट्रैफिक कंट्रोल टावर को निशाना बनाया गया। रूसी अधिका. रियों के मुताबिक, यह हमला हाल के महीनों में मास्को पर हुए सबसे बड़े यूक्रेनी ड्रोन हमलों में से एक था। रातभर राजधानी और आसपास के इलाकों में एयर रेड सायरन बजते रहे, कई धमाके सुनाई दिए और अलग-अलग जगहों पर मलबा गिरा। रूस के एक टेलीग्राम चैनल के मुताबिक, जेलेनोग्राद का एल्मा टेक्नोपार्क भी हमले में जल गया। यहां माइक्रोइलेक्ट्रानिक्स, रोबोटिक्स और रिसर्च से जुड़ी कंपनियां काम करती हैं। वहीं दुबना इलाके में राडुगा डिजाइन ब्यूरो को भी निशाना बनाए जाने की खबर है, जहां क्रूज मिसाइलें बनाई जाती हैं। ड्रोन हमलों का असर मास्को के एयरपोर्ट्स पर भी पड़ा। शेरमेत्येवो एयरपोर्ट पर करीब 200 फ्लाइट्स लेट या रद्द हुईं, जबकि व्नुकोवो एयरपोर्ट पर करीब 100 फ्लाइट्स प्रभावित हुईं। एयरपोर्ट परिसर में ड्रोन के टुकड़े भी गिरे, हालांकि वहां किसी बड़े नुकसान की खबर नहीं है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने इस हमले को रूस के हमलों को जायज बताया है। उन्होंने कहा कि रूस लगातार यूक्रेन के आम नागरिकों को निशाना बना रहा है, इसलिए यह कार्रवाई की गई।

# ढल रहा पश्चिमी देशों का वर्चस्व: गालिबफ

## ईरानी संसद अध्यक्ष ने कहा: ग्लोबल साउथ की अगुवाई में बन रही नई विश्व व्यवस्था

**तेहरान।** ईरान के संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाकर गालिबाफ ने रविवार को वैश्विक राजनीति को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था अब एक नई विश्व व्यवस्था के मुहाने पर खड़ी है, जहां पश्चिमी देशों का पारंपरिक दबदबा तेजी से कमजोर हो रहा है और ग्लोबल साउथ का प्रभाव बढ़ रहा है। गालिबफ ने दावा किया कि यह बदलाव एक बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था की ओर संकेत करता है, जिसमें शक्ति का केंद्र अब कुछ पश्चिमी देशों तक सीमित नहीं रहेगा। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट करते हुए गालिबाफ ने कहा कि वैश्विक स्तर पर एक ऐतिहासिक परिवर्तन तेजी से आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के एक बयान का हवाला देते हुए कहा कि दुनिया एक ऐसे दौर में प्रवेश कर रही है जो पिछले सौ वर्षों में सबसे बड़ा बदलाव साबित हो सकता है। उन्होंने यह भी दावा किया कि ईरान का 70 दिनों का प्रतिरोध इस वैश्विक बदलाव को तेज करने वाला कारक बना है। ईरानी स्पीकर के बयान में अप्रत्यक्ष रूप से अमेरिका और पश्चिमी देशों की भूमिका पर सवाल उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि वैश्विक दक्षिण के देश अब वैकल्पिक व्यवस्था की ओर देख रहे हैं, जहां आर्थिक और राजनीतिक स्वतंत्रता को प्राथमिकता दी जा रही है। ईरानी राज्य मीडिया प्रेस टीवी के



■ वैश्विक स्तर पर एक ऐतिहासिक परिवर्तन तेजी से आगे बढ़ रहा है: गालिबफ

अनुसार, गालिबाफ ने यह भी कहा कि पुरानी एकध्रुवीय व्यवस्था अब अपनी पकड़ खो रही है और दुनिया नए शक्ति संतुलन की ओर बढ़ रही है। गालिबाफ का यह बयान ऐसे समय में आया है जब वैश्विक मंच पर अमे. रिका और चीन के बीच व्यापार, टैरिफ और ताइवान जैसे मुद्दों पर तनाव बना हुआ है। हाल ही में दोनों देशों के शीर्ष नेताओं की बैठक में भी वैश्विक व्यवस्था के बदलाव पर चर्चा हुई थी। वर्तमान समय में पश्चिम एशिया, यूरोप और एशिया में राजनीतिक और आर्थिक अस्थिरता के बीच दुनिया एक नए शक्ति संतुलन की ओर बढ़ रही है।

## ईरान ने अपनी अधिकांश मिसाइल क्षमता रखी है बरकरार

**मॉस्को।** नाटो की खुफिया एजेंसियों का मानना है कि ईरान ने अपनी अधिकांश मिसाइल क्षमता बरकरार रखी है। 'द इंडिपेंडेंट' अखबार ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी।

अखबार ने कहा कि खुफिया एजेंसियों ने चेतावनी दी है कि ईरान के पास अभी भी अपनी अधिकांश मिसाइलों और भूमिगत सुविधाओं तक पहुंच है। अखबार के सूत्रों के अनुसार, नाटो की खुफिया एजेंसियों का मानना है कि ईरान ने अपनी कम से कम 60 प्रतिशत मिसाइल क्षमता बरकरार रखी है। इसके अलावा, उनके आंकड़ों के अनुसार, अमेरिकी खुफिया एजेंसियों का मानना है कि ईरान के 90 प्रतिशत लॉन्च स्थल और

■ नाटो की खुफिया एजेंसियों का मानना है ईरान की भूमिगत सुविधाओं तक पहुंच है

सैन्य भंडारण सुविधाएं अब आंशिक या पूरी तरह से चालू हैं, जिससे ईरान अमेरिका के साथ महीनों तक संघर्ष जारी रखने में सक्षम है। अमेरिका और इज़रायल ने 28 फरवरी को ईरान में लक्ष्यों पर हमले शुरू किए। वाशिंगटन और तेहरान ने 8 अप्रैल को युद्धविराम की घोषणा की, लेकिन अमे. रिका ने ईरानी बंदरगाहों की नाकाबंदी शुरू कर दी और ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य से पारगमन के लिए विशेष नियमों की घोषणा की।

## यूईएके न्यूक्लियर प्लांट पर ड्रोन अटैक

**तेहरान।** यूईएके अल धफरा इलाके में स्थित बराकाह न्यूक्लियर एनर्जी प्लांट के बाहर ड्रोन हमले के बाद एक बिजली जनरेटर में आग लग गई। अबू धाबी मीडिया आफिस के मुताबिक इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। साथ ही न्यूक्लियर प्लांट की सुरक्षा और रेडिएशन स्तर पर भी कोई असर नहीं पड़ा। अधिकारियों के मुताबिक, प्लांट की सभी जरूरी मशीनें और सिस्टम सामान्य तरीके से काम कर रहे हैं। हमले

■ अबू धाबी मीडिया आफिस के मुताबिक इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ

की जिम्मेदारी किसी संगठन या देश ने नहीं ली है, लेकिन ईरान पर शक जताया जा रहा है। हाल के दिनों में ईरान लगातार यूईएको धमकी देता रहा है। युद्ध के दौरान यूईएमें इजराइल के एयर डिफेंस सिस्टम और अमे. रिकी सैनिक मौजूद थे।

# क्यूबा में अमेरिकी हमले की आशंका बढ़ी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए के प्रमुख जान रैटक्लिफ की हवाना यात्रा के बाद क्यूबा में अमेरिकी हमले की आशंका बढ़ गई है। क्यूबा सरकार ने संभावित सैन्य टकराव को देखते हुए युद्ध जैसी तैयारियां तेज कर दी हैं। देशभर में लोगों को गुरिल्ला युद्ध की ट्रेनिंग दी जा रही है और आपात स्थिति के लिए तैयार रहने को कहा गया है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुता. बिक, हवाना में कई सरकारी इमारतों को संभावित अमेरिकी हमले की स्थिति में तैयारी के निर्देश दिए गए हैं।

क्यूबा लंबे समय से अमेरिकी तेल नाकेबंदी और आर्थिक दबाव का सामना कर रहा है। हालात ऐसे हैं कि कई इलाकों में बिजली कटौती, ईंधन संकट और जरूरी सामानों की कमी बनी हुई है। क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डिआज कैनल ने अमेरिकी नाक. बंदी के खिलाफ इस महीने की शुरुआत में मार्च निकाला था। क्यूबा के सरकारी मीडिया में आम नागरिकों को सैन्य प्रशिक्षण लेते हुए दिखाया गया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, लोगों को पूर्व राष्ट्रपति

■ क्यूबा सरकार ने संभावित सैन्य टकराव को देखते हुए युद्ध जैसी तैयारियां तेज कर दी

फिदेल कास्त्रो की 'पूरी आबादी की लड़ाई' की रणनीति के तहत गुरिल्ला युद्ध सिखाया जा रहा है। कुछ वीडियो में सैनिक पुराने सोवियत हथियारों के साथ अभ्यास करते दिखाई दिए। एक वीडियो में एंटी-एयरक्राफ्ट गन को बैलों से खींचते हुए भी दिखाया गया। सैन्य इतिहासकार हाल क्लेपाक ने सीएनएन से कहा कि आधुनिक हथियारों की कमी के बावजूद क्यूबा की सेना अमेरिकी हमले का लंबा प्रतिरोध कर सकती है। उनके मुताबिक, प्राकृतिक आपदाओं के दौरान भी क्यूबा ने बड़े स्तर पर लोगों को संगठित करने की क्षमता दिखाई है। अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए के प्रमुख जान रैटक्लिफ इस हफ्ते क्यूबा की राजधानी हवाना पहुंचे। रिपोर्ट के मुताबिक वे 'यूनाइटेड स्टेट्स आफ अमेरिका' लिखे हुए विमान से पहुंचे थे, जिसने लोगों का ध्यान खींचा।

# कांगो और युगांडा में इबोला से 246 संदिग्ध संक्रमण और 80 संदिग्ध मौत

**जेनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन ने रविवार को कांगो और युगांडा में फैले 'बुंदीबुग्यो' वायरस स्ट्रेन के कारण इबोला प्रकोप को 'अंतर्राष्ट्रीय चिंता का सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल' घोषित कर दिया है। डब्ल्यूएचओ ने यह बड़ा फैसला सीमा पार संक्रमण की पुष्टि, संदिग्ध मौतों के बढ़ते आंकड़ों और इस महामारी के पूरे क्षेत्र में तेजी से फैलने की आशंका के मद्देनजर लिया है।

यह वैश्विक घोषणा पूर्वी कांगो के इतूरी प्रांत और युगांडा की राजधानी कंपाला में प्रयोगशाला द्वारा पुष्टि किए गए इबोला मामलों के सामने आने के बाद की गई है, जिसमें कम से कम एक मौत भी शामिल है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि इस बीमारी का प्रकोप वर्तमान में पाए गए मामलों

■ विश्व स्वास्थ्य संगठन ने घोषित किया अंतर्राष्ट्रीय चिंता का सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल

की तुलना में कहीं अधिक बड़ा हो सकता है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, 16 मई तक इतूरी प्रांत के कम से कम तीन स्वास्थ्य क्षेत्रों (बुन्या, वर्मपारा और मोंगबवालु) में 8 पुष्ट मामले, 246 संदिग्ध संक्रमण और 80 संदिग्ध मौतें दर्ज की जा चुकी हैं। युगांडा ने पिछले 24 घंटों के भीतर कंपाला में इबोला के दो मामलों की पुष्टि की है, और ये दोनों मरीज कांगो से आए यात्री हैं। इनमें से एक मरीज की मौत हो चुकी है और दोनों को गहन चिकित्सा इकाई में भर्ती कराया गया था। इसके अलावा, इतूरी से लौटे एक यात्री में किन्शासा के भीतर भी एक अलग पुष्ट मामला पाया गया है, जिससे घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर संक्रमण फैलने की चिंताएं बहुत बढ़ गई हैं। डब्ल्यूएचओ ने अपने आपातकाल. ीन निर्धारण में कहा कि यह घटना अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बीमारी के प्रसार के माध्यम से अन्य देशों के लिए एक बड़ा सार्वजनिक स्वास्थ्य जोखिम पैदा करती है। हालांकि संयुक्त राष्ट्र की इस स्वास्थ्य एजेंसी ने इसे अभी 'महामारी' घोषित नहीं किया है, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय संचरण के जोखिम, कमजोर स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे और 'बुंदीबुग्यो' स्ट्रेन को निशाना बनाने वाले स्वीकृत टीकों या सटीक इलाज की अनुपस्थिति के कारण इसने वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल के पैमाने को पार कर लिया है।

# पाक में पेट्रोल-डीजल 5 रुपये सस्ता हुआ

## पेट्रोल 409.78 और हाई-स्पीड डीजल 409.58 रुपये लीटर मिल रहा, भारत में 3-3 महंगे हुए थे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सरकार ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 5 रुपये लीटर (पाकिस्तानी रुपया) की कटौती की है। इसके बाद अब पाकिस्तान में पेट्रोल की कीमत 409.78 रुपये प्रति लीटर और हाई-स्पीड डीजल (एचएसडी) की कीमत 409.58 रुपये प्रति लीटर पर आ गई है।

नई कीमतें आज यानी 16 मई से लागू हो गई हैं। हाल के दिनों में लगातार बढ़ती कीमतों के बाद इस कमी से मध्यम और निम्न-मध्यम वर्ग के बजट को थोड़ा सहारा मिलने की उम्मीद है, क्योंकि पेट्रोल का सीधा असर मोटरसाइकिल, रिक्शा और छोटी गाड़ियों पर पड़ता है। पाकिस्तान सरकार पिछले कुछ समय से हर हफ्ते शुक्रवार रात को पेट्रोलियम



■ पाक सरकार पिछले कुछ समय से हर हफ्ते शुक्रवार रात को पेट्रोलियम कीमतों की समीक्षा कर रही है

कीमतों की समीक्षा कर रही है। दरअसल, 28 फरवरी से अमेरिका और ईरान के बीच शुरू हुए युद्ध (जो फिलहाल थमा हुआ है) के बाद से ही पाकिस्तान में ईंधन संकट है। पाक सरकार ने भले ही 5 रुपये की राहत दी है, लेकिन ठीक एक हफ्ते पहले पेट्रोल की कीमतों में 14.92 और डीजल में 15 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की थी। 28 फरवरी को युद्ध शुरू होने के तुरंत बाद, सरकार ने 6 मार्च को पेट्रोल-डीजल 55 रुपये लीटर महंगा कर दिया था। 2 अप्रैल को पेट्रोल में 43 प्रतिशत और हाई-स्पीड डीजल की कीमतों में 55 प्रतिशत की बढ़ोतरी की थी। पाकिस्तान के इस्लामाबाद में 15 मई 2026 को एक विरोध रैली हुई। इसमें सरकार से ईंधन (पेट्रोल-डीजल) के दाम कम करने की मांग की थी। भारत में 15 मई को पेट्रोल और डीजल की कीमतें 3-3 रुपये प्रति लीटर बढ़ी थीं। इससे दिल्ली में पेट्रोल 97.77 रुपये प्रति लीटर और डीजल 90.67 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गया। वहीं, कंपनियों ने प्रमुख शहरों में सीएनजी भी 2 प्रति किलो तक महंगी कर दी। दिल्ली में अब एक किलो सीएनजी के लिए 79.09 खर्च करने पड़ रहे हैं। इस बढ़ोतरी की मुख्य वजह अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव है।

### पाक के लाहौर में 9 जगहों के नाम बदले गए

**इस्लामाबाद।** अमृतसर से लगभग 50 किलोमीटर की दूरी पर स्थित लाहौर जड़ों की ओर लौट रहा है। दो महीने के भीतर लाहौर में 9 जगहों के इस्लामी नाम फिर से मूल हिंदू या ब्रिटिश विरासत पर रखे गए हैं। इनमें इस्लामपुरा अब अपने पुराने नाम कृष्णनगर और बाबरी मस्जिद चौक अब पुराने जैन मंदिर चौक के नाम से आधिकारिक रूप से जाना जाएगा। इनके बोर्ड भी लगा दिए गए हैं। खास बात यह भी है कि इस बदलाव के खिलाफ वहां कोई कट्टरपंथी मोर्चा भी नहीं खोल पाया। पंजाब सूबे की सीएम मरियम नवाज के अनुसार परकोटा शहर लाहौर के आठों दरवाजे जिनमें दिल्ली गेट भी शामिल है।

### मलयालम फिल्म 'अम्मा एरियन' का कान्स फिल्म महोत्सव में हुआ प्रीमियर

**कान्स।** दिवंगत निर्देशक जॉन अब्राहम की 1986 की प्रशंसित मलयालम फिल्म 'अम्मा एरियन' के नवीनीकृत संस्करण का प्रीमियर 79वें कान्स फिल्म महोत्सव के 'कान्स क्लासिक्स' सेक्शन में शनिवार को संपन्न हुआ। दिवंगत अब्राहम अपनी 'अग्रहरथिल कजुताई' (ब्राह्मण गांव में गधा), विद्यार्थीकले इथिले इथिले (इस तरह, विद्यार्थी ) और चेरियाचांते क्रूराकृतिगल (चेरियाचन की क्रूरता) जैसे क्लासिक फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। उनकी मौत 1987 में 'अम्मा एरियन' के एक साल बाद हुई। 'अम्मा एरियन' के प्रमुख अभिनेता जॉय मैथ्यू फिल्म के प्रीमियर पर मौजूद थे। कान्स फिल्म महोत्सव के प्रतिनिधि थिएरी फ्रेमॉक्स ने कहा कि भारत एक महान देश है और सिनेमा का वह एक महान क्षेत्र है। यह सिनेमा के इतिहास को फिर से देखने के लिए भी एक महान क्षेत्र है। इसने प्रीमियर में अंतर्राष्ट्रीय दर्शकों को फिल्म दिखाई।

यौन समस्याएं

यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें

डा. सम्राट

नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।

नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

RECRUITMENT 2026
THE S.D. DEGREE COLLEGE
NIRANA, JANSATH ROAD, MUZAFFARNAGAR, 251001
(Affiliated to Maa Shakumbhari University, SAHARANPUR)
APPLICATIONS ARE INVITED FOR FACULTY POSITIONS
(Asst. Professor, Assoc. Professor & Professor)
DISCIPLINES
- BBA, BCA, B.Com. B.Sc. (PCM,CBZ, Micro Biology)
- BA (Hindi, English, Political Science, Sociology, History, Educaton, Drawing & Painting

QUALIFICATION
UGC NET, Ph.D

SALARY
As Per University Norms

APPLY WITHIN 15 DAYS
SEND YOUR RESUME TO:
thesddegree@gmail.com
Attach copies of all degrees and testimonials.
Paste a colored photograph on the CV.

NIRWAL HOSPITAL
MULTI SPECIALITY
स्त्री की सभी समस्याओं का इलाज आयुष्मान कार्ड से

डॉ. नीति चतुर्वेदी
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ

- जच्चा व बच्चा के सभी रोगों का इलाज • बांझपन का इलाज
- बच्चेदानी व अण्डेदानी के सभी ऑपरेशन दूरबीन द्वारा व खुले
- परिवार नियोजन के लिए परामर्श व हर प्रकार की सुविधा।
- हाईरिस्क गर्भावस्था
- बच्चेदानी का कैंसर रोकने हेतु टीकाकरण
- बच्चेदानी का ऑपरेशन आयुष्मान कार्ड से
- नार्मल व ऑपरेशन (सिजेरियन) के द्वारा डिलीवरी की सुविधा

साउथ सिविल लाईन, सरकुलर रोड, जाट कॉलोनी, मु. नगर
मो.: 0131-2621600, 7300773004